संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, सोमवार, 20 मई 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पश्चिम बंगाल में एक रैली को संबोधित किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 138 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# शाहजहां को बचा रही टीएमसीः मोदी

● टीएमसी वाले संदेशखाली की बहनों को दोषी ठहरा रहे', बंगाल में गरजे पीएम नरेंद्र मोदी

**विपक्ष निशाने पर**

**▶▶ पुरुलिया में वोट मांगने नहीं बल्कि जनता का आशीर्वाद लेने आए हैं : पीएम नरेंद्र मोदी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में हुंकार भरी। पांचवें चरण के मतदान से पहले उन्होंने पुरुलिया में एक रैली को संबोधित किया। इस रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वह पुरुलिया में वोट मांगने नहीं बल्कि जनता का आशीर्वाद लेने आए हैं। उन्होंने आरक्षण को लेकर इंडी गठबंधन पर निशाना साधा। इसके साथ ही बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर भी आरोप लगाया। पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी राज्य में मां, माटी, मानुष की रक्षा करेगी का वादा लेकर आई थी, लेकिन अब वही भक्षण कर रही है। संदेशखाली मामले को लेकर भी उन्होंने टीएमसी पर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी वाले शाहजहां शेख को बचाने के लिए संदेशखाली की बहनों को दोषी ठहरा रहे हैं। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, "टीएमसी ये कह कर सत्ता में आई थी कि वह मां, माटी, मानुष की रक्षा करेगी। आज टीएमसी मां, माटी, मानुष का ही भक्षण कर रही है। बंगाल की महिलाओं का भरोसा टीएमसी से टूट गया है। संदेशखाली में जो पाप हुआ है, उसने पूरे बंगाल की बहनों को सोचने पर मजबूर कर दिया है।" संदेशखाली मामले पर एक बार फिर पीएम मोदी ने टीएमसी को घेरा। उन्होंने कहा, "एससी/एसटी परिवार की बहनों को तो टीएमसी के लोग इंसान ही नहीं समझते। अपने शाहजहां को बचाने के लिए टीएमसी के लोग संदेशखाली की बहनों को ही दोषी ठहरा रहे हैं, उनके चरित्र पर सवाल उठा रहे हैं। जैसी भाषा ये उनके लिए बोल रहे हैं, इसका जवाब बंगाल की हर बेटी अपने वोट से टीएमसी को तबाह कर देगी।"

## आरक्षण को लेकर इंडी गठबंधन पर साधा निशाना

**आरक्षण** को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन वालों के तरकश में जितने तीर थे, वे चला चुके हैं, लेकिन जनता जनार्दन के सुरक्षा कवच के आगे इनका हर तीर, हर साजिश नाकाम साबित हुई है। पीएम मोदी ने बताया कि उन्होंने इन चुनावों में इंडी गठबंधन वालों का कच्चा चिट्ठा खोलकर देश के सामने रख दिया है। उन्होंने कहा, "बाबा साहेब आंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ थे, लेकिन आज इंडी गठबंधन वाले धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहते हैं।"

**शिक्षक भर्ती घोटाले को लेकर टीएमसी पर हमलाः** बंगाल सरकार पर फिर से हमला करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जिस बंगाल में मां सरस्वती की पूजा होती है, वहां टीएमसी सरकार शिक्षा में भी चोरी करती है। शिक्षकों की भर्ती में हजारों नौजवानों का भविष्य इन्होंने बर्बाद कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव में बंगाल के लोगों को डराने-धमकाने, हिंसा कराने वाली टीएमसी सरकार ने इस बार सारी हदें पार कर दी है। आज देश और दुनिया में इस्कॉन, राम कृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ, सेवा और सदाचार के लिए जाने जाते हैं।

# पीओके हमारा है, रहेगा और इसे लेकर रहेंगेः शाह



**टीम एक्शन इंडिया**

**जौनपुरः केंद्रीय गृहमंत्री** अमित शाह ने जौनपुर के मछलीशहर लोकसभा क्षेत्र के मड़ियाहूं में आयोजित जनसभा के दौरान विपक्ष पर जमकर हमला बोला। इस दौरान उन्होंने कहा कि मड़ियाहूं के लोग बताओ कश्मीर हमारा है कि नहीं है। कहा कि पाक और कश्मीर भारत का है, रहेगा और हम उसको लेकर रहेंगे। शाह ने कहा कि खड़गे जी कहते हैं कि राजस्थान और उत्तर प्रदेश वालों से कश्मीर से क्या लेना-देना है। अरे खड़गे जी आप 80 पार हो गए, इस देश को नहीं जान पाए हो। मडियाहूं का मेरा बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान दे सकता है। ये कांग्रेस पार्टी, समाजवादी पार्टी, ये इंडी अलायंस हमें धमकाते हैं, डराते हैं कि पाकिस्तान को सम्मान दो, क्योंकि उनके पास आइटम बम है। अरे राहुल बाबा आपको डरना है तो डरो आइटम बम से, ये आज मछलीशहर से बताकर जाता हूं, पाक और कश्मीर भारत का है, रहेगा और हम उसको लेकर रहेंगे। गृहमंत्री ने कहा कि यही कांग्रेस और समाजवादी पार्टी है जिसने

**हमला बोला**

**▶▶ मडियाहूं का मेरा बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान दे सकता है : गृह मंत्री अमित शाह**

धारा 370 को 70-70 साल तक संभाल कर रखा, जिसके कारण देश भर में आतंकवाद बढ़ा। मोदी जी को आपने दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया, नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को समाप्त कर दिया और कश्मीर में जहां फौज लेकर तिरंगा लहराने जाना पड़ता था, वहीं लाल चौक पर आज भगवान श्रीकृष्ण की शोभायात्रा निकलती है। अमित शाह ने कहा कि जब मैं पेपर लेकर पार्लियामेंट पहुंचता तो राहुल बाबा कहते थे 370 मत हटाइए खून की नदियां बह जाएंगी, पांच साल हो गए खून की नदियां छोड़ो किसी में कंकड़ चलाने की हिम्मत नहीं है। ये मोदी सरकार है। मोदी जी ने देश को सुरक्षित रखने का काम किया है।

आदर्श विचार



"मन की शांति से बढ़कर इस संसार में कोई भी संपत्ति नहीं है।"
- भगवत गीता

मन की बात



"युवा वही होता है, जिसके हाथों में शक्ति, पैरों में गति, हृदय में ऊर्जा और आंखों में सपने होते हैं। -स्वामी विवेकानंद"

# राम रहीम ने हाईकोर्ट से लगाई गुहार




**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह फिर से जेल से बाहर आने की उम्मीद और पैरोल या फरलो देने पर रोक के आदेश को हटाने के लिए हाई कोर्ट के समक्ष गुहार लगाई है। डेरा प्रमुख के अनुसार, इस साल उसके पास अभी भी 41 दिन की पैरोल/फरलो बची हुई है।

गुरमीत सिंह दुष्कर्म और हत्या के मामलों में दोषी है और वर्तमान में रोहतक जेल में सजा काट रहा है। वह पैरोल या फरलो पर रिहाई के लिए आवेदन करना चाहता है। उसने दावा किया है कि वह इस साल 20 दिन की पैरोल और 21 दिन की फरलो सहित कुल 41 दिनों की अवधि के लिए रिहाई के लिए पात्र है। 29 फरवरी को, हाई कोर्ट की एक खंडपीठ ने राज्य को निर्देश दिया था कि भविष्य में अदालत की अनुमति के बिना डेरा प्रमुख के पैरोल के आवेदन पर विचार न किया जाए। 29 फरवरी के आदेशों पर रोक

# पीएम मोदी ने ऑपरेशन झाडू लॉन्च किया:केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार की गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल ने भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आम आदमी पार्टी के दफ्तर में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। दफ्तर में आप



विधायक और पार्षद भी मौजूद रहे। इस दौरान केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इन

**साधा निशाना**

**▶▶ आप दफ्तर में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया**

लोगों ने ऑपरेशन झाडू शुरू किया है। ये आम आदमी पार्टी को कुचलने की कोशिश में हैं। हमारे नेताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है। आने वाले दिनों में आप का बैंक अकाउंट सीज किया जाएगा। इसके बाद हमारी पार्टी का ऑफिस खाली किया जाएगा। केजीवाल ने कहा कि पिछले 2 साल से इन्होंने (भाजपा) हमारे नेताओं को गिरफ्तार करना शुरू कर दिया। इन्होंने मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन को गिरफ्तार कर लिया।

# अगले साल तक होगी 18 नए तेजस की डिलीवरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** रक्षा मंत्रालय ने मार्च 2025 तक हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को 18 तेजस मार्क-1ए जेट की सप्लाई करने के लिए कहा है। दो चरणों में 180 तेजस मार्क-1ए का निर्माण करना है, ताकि भारतीय वायुसेना ने पुराने पड़ चुके फाइटस जेट्स को चरणबद्ध तरीके से हटा कर बेड़े में हो रही जेट्स की कमी को पूरा किया जा सके।

# अब सीआईएसएफ संभालेगी संसद की सुरक्षा व्यवस्था

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारतीय लोकतंत्र के मंदिर संसद की सुरक्षा अब से सीआईएसएफ करेगी। आधिकारिक सूत्रों की मानें तो 1400 सीआरपीएफ कर्मचारियों की वापसी के बाद 3300 से अधिक सीआईएसएफ कर्मी सोमवार से संसद परिसर में पूर्ण आतंकवाद विरोधी और तोड़फोड़ विरोधी सुरक्षा कर्तव्यों को संभालेंगे। गौरतलब है कि सीआरपीएफ के पार्लियामेंट ड्यूटी ग्रुप (पीडीजी) ने परिसर से अपने कमांडो, प्रशासनिक और परिचालन सामान, जैसे

**जिम्मेदारी**

**▶▶ 3300 से अधिक सीआईएसएफ कर्मी आतंकवाद विरोधी और तोड़फोड़ विरोधी सुरक्षा कर्तव्यों को संभालेंगे**

हथियार और कमांडों को हटा दिया है।

भारत सरकार ने पुराने और नए संसद भवनों और संबंधित संरचनाओं की सुरक्षा के लिए कुल 3,317 सीआईएसएफ कर्मियों को शामिल किया है।

# नए आपराधिक कानूनों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** तीन नए आपराधिक कानूनों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को इस याचिका पर सुनवाई करेगा। याचिका में दावा किया गया है कि नए आपराधिक कानूनों में कई विसंगतियां हैं। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की अवकाश पीठ याचिका पर सुनवाई करेगी।

**याचिका में उठाए गए सवालः** सुप्रीम कोर्ट में तीन नए आपराधिक कानूनों के खिलाफ वकील विशाल तिवारी ने याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि नए आपराधिक कानूनों को लागू करने से रोक की मांग की गई है। आरोप है कि इन कानूनों पर संसद में बहस नहीं हुई और जब विपक्षी सांसद निलंबित थे, तब इन कानूनों को संसद से पास करा लिया गया था। याचिका में मांग की गई है कि विशेषज्ञों की एक समिति गठित की जाए, जो आपराधिक कानूनों की व्यावहारिकता की जांच करे। याचिका में आरोप लगाया गया है कि नए आपराधिक कानून कहीं अधिक कठोर हैं और इससे देश में पुलिस का राज स्थापित हो जाएगा।

# प्रयागराज में राहुल और अखिलेश की सभा में मची भगदड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराजः** प्रयागराज में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की जनसभा में हंगामा हुआ है। जनसभा में भगदड़ मच गई है। कार्यकर्ता बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुस गए हैं। कई लोगों के घायल होने की जानकारी मिल रही है। जानकारी के अनुसार, पड़िला महादेव फाफामऊ में आयोजित इंडिया गठबंधन की रैली में सपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं



का हुजूम उमड़ पड़ा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सभा मुखिया अखिलेश यादव को देखने के लिए भीड़ काबू हो गई। कार्यकर्ता बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुस गए। कार्यकर्ता मंच पर चढ़ गए। इसके बाद राहुल गांधी और अखिलेश नाराज हो गए। कार्यकर्ताओं की इस हरकत से नाराज होकर दोनों नेता बिना कुछ बोले ही चले गए। दोनों नेता मंच से चले गए। दोनों नेता हेलीकॉप्टर में बैठकर यहां से रवाना हो गए। प्रयागराज के फाफामऊ क्षेत्र में पड़िला में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अमरनाथ मौर्य की जनसभा में रविवार की दोपहर भगदड़ मच गई।

**दावा** जिस तरह भाजपा ने शिवसेना को इस्तेमाल करके फेंकने की कोशिश की ठीक इसी तरह वे आरएसएस के साथ करेंगे

# भाजपा संघ पर प्रतिबंध लगाने की योजना बना रहीः उद्धव

**टीम एक्शन इंडिया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबईः** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख ने शनिवार को बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि तीसरी बार जीत हासिल करने के बाद भाजपा अपने मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर प्रतिबंध लगाने की योजना बना रही है। महाराष्ट्र में अपनी आखिरी रैली को संबोधित करते हुए ठाकरे ने कहा कि जिस तरह भाजपा ने शिवसेना को इस्तेमाल करके फेंकने की कोशिश की ठीक इसी तरह वे आरएसएस के साथ करेंगे। जेपी नड्डा के बयान के आधार पर ठाकरे ने किया दावा ठाकरे ने यह दावा भाजपा के



राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की टिप्पणियों का जिक्र करते हुए कहा। दरअसल, एक साक्षात्कार में नड्डा ने कहा कि भाजपा जब एक छोटी पार्टी थी मजबूती के लिए हमें आरएसएस की जरूरत थी।

लेकिन अब भाजपा सक्षम है और हमें आरएसएस की जरूरत नहीं है। इसी बयान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि संघ के कार्यकताओं के लिए बड़ा खतरा है क्योंकि भाजपा सत्ता में आने पर प्रतिबंध लगाने की योजना बना रही है।

बता दें, इससे पहले पूर्व गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने भी आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया था।

**ठाकरे ने भाजपा से पूछा सवालः** ठाकरे ने दावा किया कि प्रधानमंत्री जैसे हमें नकली शिवसेना कहते हैं, वैसे ही वे कल को संघ को भी नकली कहेंगे। ठाकरे ने पूछा कि संघ का पूरा कैडर आपको प्रधानमंत्री बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। आप उसी आरएसएस पर प्रतिबंध क्यों लगा रहे हैं।



# जेनरेटर में धमाके से सोसाइटी के चार फ्लैट्स में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**साहिबाबाद।** इंदिरापुरम कोतवाली के अहिंसा खंड-दो की अरिहंत हामोर्नी सोसाइटी में जेनरेटर में आग लग गई। धमके से आग पास टावर के चार फ्लैट्स तक पहुंच गई। पास रखे डीजल से भरे ड्रम भी चपेट में आ गए। सूचना पर पहुंचे अग्निशमनकर्मियों ने पौने घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से कोई जनहानि नहीं हुई है। चारों फ्लैट काम सामान जल गया। 12 बजे अरिहंत हामोर्नी सोसाइटी के गेट के पास लगे जेनरेटर में अचानक धुआं निकलने लगा। ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्ड इंद्रपाल ने इंचार्ज को इसकी जानकारी दी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। अग्निशमन विभाग को आग लगने की सूचना दी और सोसाइटी में लगे फायर फाइटिंग सिस्टम से आग बुझाने का प्रयास करने में जुट गए। सभी लोग अपने फ्लैट्स से बाहर की ओर भागे। अग्निशमनकर्मी पांच गाड़ियां लेकर मौके पर पहुंचे।तभी जेनरेटर में तेज धमाका हुआ। आग विस्टा टावर दो के चार फ्लैट्स तक पहुंच गई।पास



में रखे डीजल के ड्रम भी आग की चपेट में आ गए। आग की तेज लपटें और धुआं निकल रहा था। अग्निशमनकर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आग से कोई हताहत नहीं हुआ।

**फ्लैट्स में भरा था धुआं, जल रहा था सामान :** अग्निशमनकर्मी मौके पर पहुंचे तो लोग सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए थे। हौज रोल बिछाकर अग्निशमन कर्मियों ने फ्लैट्स के दरवाजों के ताले खुलवाई। अंदर धुएं का गुबार था। आग की लपटें उठ रही थीं। बीए सेट पहनकर अग्निशमन कर्मी अंदर गए और खिड़कियों के शीशे तोड़े। आग फ्लैट नंबर 8एफ अपर्णा गर्ग, 8एफ केएन मित्तल, 8एस एसके मिश्रा और 8टी में बिजेश पाठक में आग लगी थी। दीवारों से प्लास्टर गिर रहा था। अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक फ्लैट का सामान जल चुका था।

अग्निशमनकर्मियों पर देरी से पहुंचने का लगाया आरोपः आग की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई।स्थानीय लोगों का आरोप है कि सूचना देने के आधे घंटे बाद अग्निशमनकर्मी मौके पर पहुंचे। वहीं अग्निशमन अधिकारी का कहना था कि दोपहर 12:29 पर आग की सूचना मिली। तभी वह तीन गाड़ियां लेकर घटना स्थल के लिए निकल गए थे। अहिंसा खंड में घटना स्थल से पहले सड़क पर लोगों की इतनी संख्या और वाहन के कारण जाम लग गया। वाहनों को हटवाकर गाड़ियां यहां लेकर पहुंचे हैं। पौन घंटे में आग को पूरी तरह से बुझाया गया है। देरी से आने के आरोप निराधार हैं।

**जेनरेटर के पास थी पीएनजी लाइन :** सोसाइटी में जिस स्थान पर आग ली थी। उसके पास में ही दो जगह पर पीएनजी की लाइन थी। आरोप है कि पाइप में लीकेज हो गया था। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि आग जेनरेटर में धमाके से लगी थी। हालांकि अग्निशमन अधिकारी का कहना था कि आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका है। आग लगने के बाद आईजीएल कंपनी कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे थे।

**निर्धारित क्षमता से अधिक रखा था डीजल :** अग्निशमनकर्मी मोके पर पहुंचे तो देखा कि डीजल से भरे चार ड्रम मौके पर रखे हुए थे। आग लगने के दौरान दबाव से फूले हुए थे। कुछ ड्रम फट गए थे। मौके पर सोसाइटी के मेंटेनेंस प्रबंधक वीके पांडेय बुलाया। उनसे डीजल रखने के बारे में पूछा, अनुमति मांगी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने नोटिस जारी किया जाएगा। वहीं वीके पांडेय का कहना था कि दो जेनरेटर थे ढाई सौ लीटर डीजल था।

**शांति**

मौके पर सोसाइटी के मेंटेनेंस प्रबंधक वीके पांडेय बुलाया

## चलती कार में लगी आग, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान



**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र में एनएच नौ पर रविवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे चलती कार में अचानक आग लग गई। धुआं निकलता देख चालक कार से नीचे उतर गया। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पाया। तब तक कार जल चुकी थी। आग से कोई हताहत नहीं हुआ है।

जानकारी के मुताबिक, इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र में छिजारसी कट के पास एक कार दिल्ली से गाजियाबाद की ओर जा रही थी।तभी अचानक आगे से धुआं निकलने लगा। आग की तेज लपटें निकलने लगी। चालक कार से नीचे उतर गया। आग पूरी कार में फैल गई। सूचना पर अग्निशमनकर्मी मौके पर गाड़ी लेकर और आग बुझाने का काम शुरू किया। इस दौरान हाईवे पर वाहनों की कतार लग गई। आग से कोई हताहत नहीं हुआ है।

## मूलभूत सुविधा नहीं, बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा।** रविवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट में विक्ट्री अमारा सोसाइटी के निवासियों ने नेफोवा के पदाधिकारियों के साथ मिलकर बिल्डर प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया। उनके द्वारा सुविधाएं देने की मांग की जा रही थी। आरोप है कि सोसाइटी के रखरखाव में लापरवाही से बेसमेंट में पानी भरा हुआ है। क्लब हाउस का निर्माण नहीं हुआ है। सोसाइटी निवासी रविनेश कुमार, राजीव राणा, अभिषेक राय, कृष्णा सोनी, अनुराग आनंद, अमित गुप्ता ने बताया कि सोसाइटी में हजारों परिवार रहते हैं, जिनको जरूरी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।

### उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं: 2024-मई-03 दिनांक: 16.05.2024

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये 'खुली निविदा' ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| क्र.सं.: 1 | निविदा सं.: 2024-मई-03-01 | अनुमानित लागत (रू.): ₹ 32046910.80 |
| कार्य का विवरण : किरावली, पपरेरा तथा नदबई स्टेशनों पर दिव्यांग जनों के लिये सुविधाओं तथा न्यूनतम आवश्यकताओं का प्रावधान। | | |
| क्र.सं.: 2 | निविदा सं.: 2024-मई-03-02 | अनुमानित लागत (रू.): ₹ 22516488.32 |
| कार्य का विवरण : ईदगाह-बयाना खंड में प्लेटफार्म पर पाइप लाइन की व्यवस्था के साथ बोर वैल और आर. सी. सी. ओवर हैड टैंक का प्रावधान पथौली (50 के एल), मिढ़ाकुर (50 के एल), किराबली (50 के एल), बन्द बरैठा (50 के एल) तथा बंशी पहाड़पुर (50 के एल) एवं औलेन्डा, नगला तुला, बिरमबाद, सिंगारपुर हाल्ट स्टेशनों के प्लेटफार्म पर 4 नग हैन्ड पंप का प्रावधान। | | |
| क्र.सं.: 3 | निविदा सं.: 2024-मई-03-03 | अनुमानित लागत (रू.): ₹ 28062096.43 |
| कार्य का विवरण : ईदगाह-बाँदीकुई खंड में प्लेटफार्म पर पाइप लाइन की व्यवस्था के साथ बोर वैल और आर. सी. सी. ओवर हैड टैंक का प्रावधान मन्डावर महवा रोड (110 के एल), इकरन (50 के एल), पपरेरा (50 के एल) तथा हेलक (50 के एल) तथा भाँडई-इटावा खंड में फतेहाबाद (100 के एल), उदी मोड़ (50 के एल ) एवं नोंह बछामदी, तलछेरा, भूड़ा हाल्ट स्टेशनों के प्लेटफार्म पर 3 नग हैन्ड पंप का प्रावधान। | | |

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की बेवसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। निविदायें केवल बेव पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से दिनांक 10.06.2024 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 879/24(A)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

## अजनारा होम्स सोसाइटी में प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा।** रविवार को अजनारा होम्स सोसाइटी में निवासियों ने बिल्डर और मेंटेनेंस प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया। कई साल से कॉमन एरिया का भी मेंटेनेंस चार्ज लेने का विरोध किया है, जबकि आधे से अधिक हिस्से में बिल्डर का स्टोर बना है। बिल्डर ही उसको इस्तेमाल कर रहा है, जिससे लोगों में आक्रोश है। सोसाइटी के लोगों का कहना है कि मेंटेनेंस और इलेक्ट्रिसिटी का अलग सिस्टम है। करीब 600 लोग रजिस्ट्री का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन रजिस्ट्री नहीं हो रही है। लिफ्ट का रखरखाव नहीं किया जाता है। अध्यक्ष चंदन सिन्हा की अगुआई में निवासियों ने शांतिपूर्ण तरीके से ज्ञापन देकर मेंटेनेंस एजेंसी और बिल्डर को समय रहते काम पूरा करने को कहा।

## एक-एक वोट लोकतंत्र के लिए है जरूरी:रामदास मलिक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अब तक चार चरणों में मतदान हो गया है। अब तक 385 सीटों पर वोटिंग हो गई है। सात चरणों में चुनाव है और इस लिहाज से देखा जाए तो लगभग आधा चुनाव बीत गया। लेकिन अभी मतदान का प्रतिशत कम होना और वोटर का उदासीन होने ने राजनीतिक दलों की बेचैनी बढ़ा दी है। भाजपा ने भी अपने नेता,कार्यकताओं और पन्ना प्रमुखों को संदेश दिया है कि मतदाताओं को घर से निकाल कर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।



दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ नेता और चुनाव प्रबंधक समिति के संसाधन विभाग के सह प्रमुख व समाजसेवी रामदास मलिक ने कहा कि, भारत सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र एक ऐसी शासन प्रणाली है, जिसके अंतर्गत जनता अपनी स्वेच्छा से निर्वाचन में आए हुए किसी भी उम्मीदवार को मत देकर अपना प्रतिनिधि चुन सकती है। लोकतंत्र शासन एक ऐसा रुप है,जिसमें शासकों का चुनाव लोग करते है। दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक त्योहार भारत के लोकसभा चुनाव पर सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की नजर है। अब तक देश में चार चरण का मतदान हो गया है। लेकिन आम मतदाताओं में वोटिंग को लेकर कम उत्साह देखने को मिला। प्रथम चरण के मतदान में आशानुकूल वोटिंग नहीं हुई।

पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में अबकी बार बहुत कम वोटिंग हुई है। जो समीकरण में छह प्रतिशत हुई है। इसलिए लोकसभा चुनाव में जितना ज्यादा वोट पड़ेगा।

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82(2)(ii) Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नसरुद्दीन उर्फ विक्की, पुत्रः** श्री बाले खान, **पताः** गली नं. 08, चौहान बांगर, दिल्ली ने **FIR No. 59/2014, U/s 380/411 IPC, थानाः ज़ाफराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नसरुद्दीन उर्फ विक्की** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नसरुद्दीन उर्फ विक्की** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 59/2014, U/s 380/411 IPC, थानाः ज़ाफराबाद, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नसरुद्दीन उर्फ विक्की** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आयुषी सक्सेना
महानगर दण्डाधिकारी
कमरा नंबर 48, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/5858/NE/2024
(Court Matter)

### उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं: JHS-N-W-29-24 दिनांक: 16.05.2024

**ई टेन्डरिंग निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झाँसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नामः** प्रोविशन ऑफ़ डाइवर्सिटी बाय एक्सल काउंटर्स फॉर रस्टी रेल ट्रैक एंड वाटर लॉगिंग ट्रैक इन बीना-धौलपुर सेक्शन ऑफ़ झाँसी डिवीज़न।

**कार्य लागत लगभगः** ₹ 20201275.26, **धरोहर राशिः** ₹ 251000/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** Nil, **निविदा खुलने की तिथि:** 12.06.2024 Time 15:00, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 09 माह।

निविदा **दिनांक 12.06.2024** को **15:00 बजे** तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T)** पर देखें। 871/24(A)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

## लॉ रेजीडेंशिया के निवासी बिजली न आने से रहे परेशान

**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा।** लॉ रेजीडेंशिया सोसाइटी के निवासियों ने रात को 8 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित होने पर रविवार सुबह प्रदर्शन किया। आरोप है कि प्रबंधन ने डीजी खराब होने के बाद उसे ठीक नहीं कराया। इसके बाद नाराज निवासियों ने मार्केट एरिया में अवैध रूप से की जा रही बिजली सप्लाई को बंद कराया और खराब डीजी को ठीक कराने की मांग की। प्रबंधन ने डीजी को ठीक कराने का कार्य शुरू करवाया तो निवासी शांत हुए।

लॉ रेजीडेंशिया सोसाइटी में शनिवार रात करीब 8 बजे बिजली कट गई, इसके बाद सभी निवासी गर्मी के कारण परेशान रहे। तड़के करीब 3.30 बजे के बाद लोगों के घरों में बिजली आई। आरोप है कि इस दौरान जनरेटर के माध्यम से लोगों के घरों में बिजली की आपूर्ति नहीं की गई। जब निवासियों ने पूछा तो पता चला कि डीजी सेट खराब पड़ा हुआ है। निवासी सुनील ने बताया कि सोसाइटी में करीब 1600 परिवार रहते हैं। पूरी रात लाइट नहीं आने के कारण निवासी परेशान रहे। सुबह सभी लोग इकट्ठा होकर इलेक्ट्रिसिटी इंचार्ज के ऑफिस के बाहर पहुंचे, जहां पर उन्होंने प्रदर्शन किया। निवासियों ने मार्केट एरिया में अवैध रूप से की जा रही बिजली आपूर्ति को अपने सामने कटवाया और खराब पड़े डीजी सेट को ठीक करवाने का काम शुरू करवाया। निवासियों का आरोप है कि मेंटेनेंस शुल्क तो लिया जाता है।

**लोग परेशान**

होने के बाद उसे ठीक नहीं कराया, इसके बाद नाराज निवासियों ने मार्केट एरिया में अवैध रूप से की जा रही बिजली सप्लाई को बंद कराया

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रवि कुमार**, पुत्र **फकीर चन्द, निवासीः मकान नंबर सी–516 अमन विहार, सुल्तानपुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 85/2012, U/s 33/58 Delhi Excise ACT, पुलिस थाना सुल्तानपुरी, बहारी जिला, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रवि कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **रवि कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 85/2012, U/s 33/58 Delhi Excise ACT, पुलिस थाना सुल्तानपुरी, बहारी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **रवि कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री सान्या दलाल
एल.डी.एम.एम. कमरा नंबर 102
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/5846/OD/2024

### उत्तर मध्य रेलवे

**भारतीय रेलवे**
**एसी 25 के वी कर्षण को चालू करना**
**"सड़क उपभोक्ताओं को चेतावनी"**

जन साधारण की सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि **उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मण्डल** के **आवागढ़ यार्ड** के **किमी 36/7 से 38/10** के मध्य 25 के वी एसी विद्युत कर्षण आरंभ करने के लिए सभी समपारों पर सड़क सतह से **4.78 मी** की स्पष्ट ऊंचाई पर ऊंचाई गेजें लगायी गई हैं ताकि बहुत अधिक ऊंचाई वाले लोड को विद्युन्मय कर्षण तार (संपर्क तार) की खतरनाक सन्निकटता या संपर्क में आने से रोका जा सके जो कि लेवल क्रासिंग पर रेल स्तर से **न्यूनतम 5.5 मीटर** ऊपर की ऊंचाई पर होगा।

जन साधारण को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वाहनों के लदान के प्रयोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट ऊंचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहन में ढोये जा रहे लोड से किसी भी स्थिति में ऊंचाई गेजों का अतिलंघन न करें। अत्यधिक ऊंचाई के लोड के खतरे निम्नानुसार हैः

1. ऊंचाई गेज के लिए खतरा और उसके फलस्वरूप सड़क और रेलवे लाइन पर बाधा।
2. वाहन पर ले जाये जा रही सामग्रियों या उपस्कर को खतरा।
3. चालकों की खतरनाक सामीप्यता या संपर्क के कारण आग का खतरा और जीवन की हानि का खतरा।

**दिनांक 25.05.2024 को अथवा उसके पश्चात**

मंडलः प्रयागराज
द्वारा निर्गतः
वरि. मण्डल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण)
प्रयागराज मण्डल, उत्तर मध्य रेलवे
865/24(K)

@CPRONCR @northcentralrailway North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in

## वृद्ध की अंतिम यात्रा में डीजे बजाने आया युवक करंट लगने से झुलसा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गढ़मुक्तेश्वरः** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव सालारपुर में एक वृद्ध की अंतिम यात्रा में डीजे बजाने के लिए आए युवक की सड़क पर टूटे पड़े बिजली के तार की चपेट में आकर मौत हो गई। युवक की मौत होने पर अंतिम यात्रा में शामिल लोगों में अफरा-तफरी मच गई। गांव कनौर निवासी आकाश कुमार 26 वर्ष गांव के ही रहने वाले फुरकान अली के डीजे की दुकान पर काम करता था। रविवार को वह गांव सालारपुर में एक वृद्ध की अंतिम यात्रा में डीजे बजाने के लिए गया था। जहां सड़क पर टूटे पड़े बिजली के तार में उसका पैर फंसने से वह बुरी तरह से झुलस गया। ग्रामीणों ने उसे करंट की चपेट से बचाकर तुरंत ही स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीओ आशुतोश शिवम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



**एक्शन इंडिया**
**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# सबको मोदी की राम राम, 25 मई को भाजपा को बड़े मार्जन से जिताएं : मनोहर

## पूर्व सीएम ने पानीपत ग्रामीण और करनाल के कई गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल/राजकुमार प्रिंस**

पूर्व मुख्यमंत्री और करनाल से भाजपा उम्मीदवार मनोहर लाल ने रविवार को करनाल और पानीपत के कई गांवों और पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में में रोड शो निकाला और जनसभा को संबोधित किया। मनोहर ने सबसे पहले सभी को मोदी की "राम राम" दी। इसके बाद उन्होंने 25 मई को भाजपा को बड़े मार्जन से जिताने की अपील की। मनोहर लाल ने शिमला, मुलाना, मोहाली, उग्राखेड़ी समेत कई गांवों में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर बड़े हमले बोले। मनोहर ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश का बेड़ा गर्क कर रखा था। बिना पर्ची-खर्ची के कोई काम नहीं होते थे। भ्रष्टाचार का



बोलबाला था। हमारी सरकार ने आने के बाद प्रदेश से भ्रष्टाचार का खात्मा किया और ईमानदारी से युवाओं को नौकरी प्रदान की। कांग्रेस के नेता दुनिया में भारत की तौहीन करते फिरते हैं, जबकि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश का दुनिया में मान बढ़ाया है। हरियाणा की भाजपा सरकार ने भी गरीबों के उत्थान का काम किया है। गरीबों के स्वास्थ्य के लिए आयुष्मान भारत योजना लाए। इसके तहत पांच लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त में किया जा रहा है। किसानों के लिए

**वोट की अपील**

**फ्री में आयुष्मान कार्ड बनावा सकता है, जिसकी इनकम 1 लाख 80 हजार से तीन लाख रुपये तक है**

किसान समृद्धि योजना लेकर आए। किसानों के खातों में हर साल 6,000 रुपये डाले जा रहे हैं। सब्जी उत्पादक किसानों के लिए भावांतर भरपाई योजना लेकर आए हैं।

**कमल के फूल का बटन दबाएं**

मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश का समान रूप से विकास किया जा रहा है। इसलिए आप सबसे अपील करता हूं कि आने वाली 25 मई को कमल के फूल का बटन दबाकर करनाल लोकसभा सीट से अपने भाई और बेटे को भारी मतों से जीताकर लोकसभा भेजें और पीएम नरेंद्र मोदी को और मजबूत करें। मनोहर के जनसंपर्क अभियान के दौरान भारत माता की जय, जय श्रीराम के नारे लगते रहे।

**सबको मिल रहा स्वास्थ्य लाभ**

मनोहर लाल ने कहा कि मोदी जी के रहते आपको किसी भी बात की चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों के स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रख रही है। जिसकी इनकम 1 लाख 80 हजार से कम है। वह फ्री में अपना आयुष्मान कार्ड बनावा सकता है, जिसकी इनकम 1 लाख 80 हजार से तीन लाख रुपये तक है।

# बीरेंद्र सिंह ने प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में किया प्रचार

**प्रचार**

**अब जनता बीजेपी की मंशा को समझ चुकी है। बीजेपी चाहती है कि गरीब जनता पांच किलो राशन में उलझी रहे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र: आम** आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी और अपने पुराने दोस्त डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने कुरुक्षेत्र लोकसभा में प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने जनता से डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में वोट की अपील की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा से डॉ. सुशील गुप्ता इंडिया गठबंधन के साझे उम्मीदवार हैं। इस बार चुनाव में बीजेपी और जनता आमने सामने है और जनता ने बीजेपी को सत्ता से बाहर करने का मन बना लिया है। क्योंकि अब जनता बीजेपी की मंशा को समझ चुकी है। बीजेपी चाहती है कि गरीब जनता पांच किलो राशन में उलझी रहे और अपने हक की लड़ाई न लड़ सके। जिस रास्ते पर बीजेपी जा रही हैं उस रास्ते पर गरीब के कल्याणा की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं 10 साल बीजेपी में रहा, बीजेपी ने जाति और धर्म के नाम पर और झूठ बोलकर सत्ता हथियाई। मैंने किसान आंदोलन के दौरान सरकार से फसल के रेट पर बैंच मार्क करने की बात कही तो उन्होंने नहीं मानी। बीजेपी की नीयत किसानों के खिलाफ और आज किसानों के पास वोट मांगने आ रहे हैं। ऐसे लोगों को कभी सहारा मत देना। महंगाई कई गुणा हो गई लेकिन किसान की आय नहीं बढ़ी। बीजेपी ने अग्निवीर योजना लाकर युवाओं के साथ धोखा किया है।

# सुशील गुप्ता के समर्थन में ढांडा ने वोट की अपील की




**टीम एक्शन इंडिया**
**कलायत/कैथल**

**आम** आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के तहत प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में कलायत के गांव शिमला और सेगा में जनसभा की। उन्होंने कहा कि कलायत हल्का पिछले 10 साल से विकास के लिए तरस रहा है। बीजेपी ने एक भी काम ऐसा नहीं किया जिसके दम पर बीजेपी वोट मांग सके। इसी कारण आज हरियाणा के किसी गांव में बीजेपी उम्मीदवारों को घुसने नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि कैथल में जेपी नड्डा की रैली पूरी तरह से फ्लॉप रही है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की रैली से बीजेपी की पोल खुल गई है। जनता बीजेपी को पूरी तरह से नकार चुकी है और नवीन जिंदल ने तो कुरुक्षेत्र में हार को देखकर सरेंडर कर दिया है। अब नवीन जिंदल विदेश जाने की फिराक लगे

**वोट मांगे**

**कलायत हल्का पिछले 10 साल से विकास के लिए तरस रहा है। बीजेपी ने एक भी काम नहीं किया**

हैं। बीजेपी ने हार के डर से कुरुक्षेत्र में बिजली के लंबे लंबे कट लगाने भी शुरू कर दिए हैं। वहीं वोट काटने के लिए कुरुक्षेत्र आए अभय चौटाला की जमानत जब्त होगी, जिसके बाद उनकी ऐलनाबाद से भी हार तय है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 2 लाख सरकार नौकरी खाली पड़ी हैं, 25 लाख युवा बेरोजगार है। इसलिए ऐसी सरकार चुनो जो राशन के लिए नहीं बल्कि नौकरी के लिए लाइन में लगाए। बीजेपी ने अग्निवीर योजना लाकर हमारे बच्चों से फौज की नौकरी छीन ली। बेटा चार साल में रिटायर हो जाता है।

# कैथल में गरजे नड्डा, मोदी के नेतृत्व में देश की राजनीतिक संस्कृति बदली

**चंडीगढ़/कैथल 19 मई।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कैथल में विजय संकल्प जनसभा को संबोधित किया और भाजपा के समर्थन में वोट देने की अपील की। इस मौके पर जेपी नड्डा ने इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि यह गठबंधन भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है। ये घमंडिया गठबंधन है, इसमें सभी परिवारवादी, भ्रष्टाचारी और महिलाओं का अपमान करने वाले लोग हैं। इनकी करतूतें बेहद गंदी हैं और ऐसे लोगों को घर बैठाने का काम करें। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की राजनीतिक संस्कृति बदली है। भ्रष्टाचार खत्म किया और आज पूरी दुनिया में भारत का ऊंचा रुतबा है। श्री नड्डा ने कहा कि आम आदमी पार्टी का चरित्र क्या है, इसके तीन लोग भ्रष्टाचार के नाम पर जेल में पड़े हैं। जिन



नेताओं के घर में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार होता है इन लोगों को देश में आने दोगे क्या ? इससे पहले जेपी नड्डा ने भारत माता की जय के साथ संबोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि आपका उत्साह, उमंग और ऊर्जा बता रही है कि आपने नवीन जिंदल को जिताकर लोकसभा भेजने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ साल में जितना काम हुआ है। उतना कभी नहीं हुआ। आज जो देश में काम हुआ, हरियाणा में जो काम हुआ और आपके कैथल में जो काम हुआ उसकी एक लंबी सूची भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल और

**विकास-संस्कृति**

**मैं पूर्व सीएम मनोहर लाल का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने प्रदेश में युवाओं को बिना किसी भ्रष्टाचार के नौकरी देने का काम किया है**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आपके सामने रखी है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि हमें यह समझना पड़ेगा कि मोदी जी के नेतृत्व में सिर्फ हरियाणा ही नहीं बदला, देश ही नहीं बदला, बल्की मोदी जी के नेतृत्व में देश की राजनीति की संस्कृति बदल गई, कामकाज का तरीका बदल गया। आज से दस साल पहले साधारण व्यक्ति के मन से क्या निकलता, उसके मन से निकलता था कि इस देश मे कुछ नहीं बदलने वाला, सब ऐसा ही चलेगा, हमें हमारे हाल पर ही छोड़ दिया गया। एक उदासीन मानसिकता हमें घेरे हुए थी, लेकिन अब मोदी के नेतृत्व में पूरा भारत विकसित भारत के संकल्प को लेकर अपने संकल्प को पूरा करने के लिए चल पड़ा है। यही बदलता भारत है। इस समय देश में सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत है। 152 डी से आप चार घंटे में यहां से जयपुर जा सकते हैं। इसी प्रकार से साढ़े नौ साल में प्रदेश में भाजपा ने ईमानदार सरकार चलाई है। श्री नड्डा ने कहा कि पहले कांग्रेस के समय में नौकरी बिकती थी,अब हमारी सरकार ने नौकरी मेरिट पर देने का काम किया है। इसके लिए मैं पूर्व सीएम मनोहर लाल का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने प्रदेश में युवाओं को बिना किसी भ्रष्टाचार के नौकरी देने का काम किया है।

# लोकतंत्र की हत्या करने में भाजपा ने नहीं छोड़ी कोई कसर: सचिन पायलट

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा: लोकतंत्र व**हां मजबूत होता है, जहां की न्यायपालिका मजबूत हो, संविधान मजबूत हो, मीडिया मजबूत हो, लेकिन मौजूदा सरकार ने लोकतंत्र का गला घोटने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। विपक्ष को खत्म करने के लिए इस सरकार ने जो हथकंडे अपनाए, वो आज तक के इतिहास में किसी राजनीतिक दल ने नहीं अपनाए होंगे। जनता ने अब मन बना लिया है कि इस तानाशाही व पूंजीपति घरानों की सरकार को उखाड़ फेकना है। उक्त बातें पूर्व में राजस्थान के डिप्टी सीएम रहे व हाल ही में राजस्थान के टांक विधानसभा क्षेत्र से विधायक सचिन पायलट ने गांव रामपुरा ढिल्लों में सिरसा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा के समर्थन में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए कही। इस मौके पर सचिन पायलट ने कुमारी सैलजा के समर्थन में लोगों से वोटों की अपील भी की। उनके साथ पूर्व विधायक भरत सिंह बैनीवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पवन बैनीवाल, महिला कांग्रेस महासचिव संतोष बैनीवाल सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी भी मौजूद थे। सचिन पायलट ने कहा कि 10 साल के कार्यकाल में इस सरकार ने कोई ऐसी नीति नहीं बनाई, जो जनहित में हो। किसान हितैषी होने का दम भरने वाली सरकार ने चंद पूंजीपति घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए सर्वप्रथम तीन काले कानून लेकर आई।

# यह देश की दिशा और दशा तय करने वाला चुनाव: सीएम नायब

**आम चुनाव नहीं**

**मोदी जी के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र भी बदला है, प्रदेश भी बदला है और भारत देश भी बदला है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/कैथल:** कैथल में आयोजित विजय संकल्प जनसभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को कहा कि यह चुनाव कोई आम चुनाव नहीं है। यह देश की दशा और दिशा तय करने वाला चुनाव है। इसलिए आप सभी 25 मई को बढ़ चढ़कर मतदान में भाग लें और भाजपा को जिताने का काम करें। श्री सैनी ने इस दौरान कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो कांग्रेस को भ्रष्टाचारी पार्टी बताता था। अपने बच्चों की कसम खाता था कि कांग्रेस और सोनिया गांधी की जांच कराई जाए तो बड़े राज खुलेंगे। मै उनके साथ कभी नहीं जाउंगा आज उनकी पार्टी कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। उन्होंने घमंडिया गठबंधन बना लिया है। ये सब मिलकर भ्रष्टाचारियों को बचाने का काम कर रहे हैं। परिवारवाद को बचाने का काम कर रहे हैं। जो दिल्ली में बेहतर शिक्षा की बात करता था आज उसने गली-गली में शराब के ठेके खोल दिए और उसका कमिशन भी खा गया। यहीं नहीं ठेकों का कमिशन घर के अंदर तक पहुंचाने का काम किया है। उसके ऊपर कोर्ट ने आरोप तय कर दिए हैं। आज वह जेल के अंदर पड़ा है। लेकिन कुर्सी छोड़ने का नाम नहीं ले रहा। ऐसे दल का प्रत्याशी कांग्रेस ने यहां उतारा है। आज उनका एजेंडा भ्रष्टाचारियों को बचाने का है। ऐसे लोग देश का क्या विकास करेंगे। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का नाम दुनिया में चमक रहा है। भारत लगातार तरक्की कर रहा है। आप इस चुनाव में सभी दस सीटें भाजपा की झोली में डालकर देश को आगे बढ़ाने का काम करें। मैं आपको श्री मोदी की राम राम देने आया हूं। आपको हाथ जोड़कर राम राम करने आया हूं। यह देश की सबसे बड़ी पंचायत का चुनाव है। यह कोई साधारण चुनाव नहीं है, यह गांव या वार्ड का चुनाव नहीं है। यह दुनिया में भारत की भूमिका को तय करने का चुनाव है। यह भारत को तेज गति से आगे बढ़ाने वाला चुनाव है। इसलिए सभी वोट डालने और डलवाने का काम करें।

सीएम सैनी ने कहा कि दस सालों में पीएम नरेंद्र मोदी और मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा ने भी तेज गति से विकास किया है। प्रदेश में सड़कों का जाल बिछा है, विश्वविद्यालय खुले हैं, मेडिकल कॉलेज खुले हैं। युवाओं को नौकरी मिली है। प्रदेश से भ्रष्टाचार खत्म हुआ है। अब मेरिट के आधार पर नौकरियां मिल रही हैं। सरकार ने भ्रष्टाचारियों को जेल में डालने का काम किया है। मोदी जी के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र भी बदला है, प्रदेश भी बदला है और भारत देश भी बदला है।

# कैथल में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की रैली फ्लॉप हुईः अनुराग

**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र:** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने प्रेस वार्ता में कहा कि कुरुक्षेत्र की भूमि पर धर्म युद्ध चल रहा है। पहले दिन से ही तय है कि धर्म की जीत होगी और अधर्म की हार होगी। ऐसा ही महाभारत के युद्ध में हुआ था, पांडवों की जीत तय थी, कौरवों ने पांडवों को हराने के लिए हर तिकड़म चलाई थी। लेकिन जीत आखिर पांच पांडवों की हुई थी। ऐसे ही डॉ. सुशील गुप्ता के झाड़ू के निशान पर वोट डालकर लोग उन्हें विजयी बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि जैसे जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है, बीजेपी साम, दाम, दंड और भेद की नीति के साथ




आगे बढ़ रही है। हर बड़ा नेता चुनाव के मैदान में उतारा जा रहा है। नवीन जिंदल भी किसी भी कीमत पर ये चुनाव जीतना चाहते हैं, लेकिन कुरुक्षेत्र लोकसभा की जनता उन्हें जीताना नहीं चाहती। कैथल में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की रैली फ्लॉप शो साबित हुई। उनकी रैली की सभी कुर्सियां खाली रहीं। उन्होंने कहा कि नवीन जिंदल एक मजबूरी में चुनाव लड़ रहे हैं। सीबीआई और ईडी के डर से वे चुनाव लड़ने के लिए आएं हैं। नवीन जिंदल की कंपनियों के ऊपर 46 हजार करोड़ से ज्यादा का कर्जा है। वे प्रधानमंत्री के दोस्त

**दावा**

**जब मोदी कुरुक्षेत्र में वोट मांगने आए ही नहीं तो हम उनके नाम पर वोट देंगे भी नहीं**

बनकर ये कर्ज माफ करवाना चाहते हैं। वहीं अभय चौटाला भी अपनी हार को देखकर कुरूक्षेत्र का मैदान छोड़कर भाग गए हैं। वे चुनावी मैदान से नदारद हैं और लोगों ने कहना शुरू कर दिया है कि वे वोट काटने के लिए आए हैं। इसलिए लोग इनको वोट देने के लिए मना कर रहे हैं। चुनाव में हार को सामने देखकर वे कुरूक्षेत्र से भाग खड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि अब मुकाबला इंडिया गठबंधन और बीजेपी के बीच है। इस आर पार की लड़ाई में बड़े मार्जिन के साथ इंडिया गठबंधन जीतने जा रहा है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी को कुरूक्षेत्र में नवीन जिंदल के प्रचार के लिए आना चाहिए। जिसे वे 2014 में कोयला चोर कह रहे थे, अब किस मुंह से उसे कोहिनूर कहेंगे? इस बात से प्रधानमंत्री मोदी भी झिझकते हैं। इसलिए वे कुरूक्षेत्र में वोट मांगने नहीं आए। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा के लोग भी बोल रहे हैं, जब मोदी कुरूक्षेत्र में वोट मांगने आए ही नहीं तो हम उनके नाम पर वोट देंगे भी नहीं।

# 10 सालों में देश की अर्थव्यवस्था बढ़ी, बेरोजगार हुआ विपक्ष : जेपी नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल: भारतीय** जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि पिछले 10 साल में भारत की राजनीति में बहुत कुछ बदला है। उन्होंने कहा कि 10 सालों में देश की अर्थव्यवस्था बढ़ी है और विपक्ष बेरोजगार हुआ है। श्री नड्डा ने कहा कि 10 साल पहले तक देश में भ्रष्टाचार होता था और भारत के बारे में तरह-तरह की टिप्पणियां की जाती थी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया भारत को इज्जत और सम्मान के साथ देखती है। जेपी नड्डा रविवार को करनाल में आयोजित प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल, भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगमोहन आनंद व रेनूबाला गुप्ता विशेष रूप से मौजूद थे।

जेपी नड्डा ने करनाल से लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल और विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लिए वोट की अपील की। नड्डा ने मनोहर लाल की तारीफ करते हुए कहा कि मनोहर लाल ने हरियाणा को पारदर्शी शासन दिया। ऐसी योजनाएं चलाई जिनसे हरियाणा के लोग लाभान्वित हुए। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष केवल अपने परिवारों और अपने चहेतों की चिंता करता है। श्री नड्डा ने कहा कि विपक्ष के नेता सिर्फ अपने परिवार की बात करते हैं। इंडी गठबंधन व कांग्रेस को देश की चिंता नहीं है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के नेता झूठ बोलकर वोट लेने की फिराक में घूम रहे हैं।

जेपी नड्डा ने कहा कि 10 साल पहले लोगों में निराशा थी कि जो भी पार्टी सत्ता में आती है वह कुछ नहीं करती। 2014 में जनता ने बीजेपी को वोट दिया और मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी।

# उकलाना क्षेत्र का दौरा करके भाजपा उम्मीदवार रणजीत ने जुटाया समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार।** भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रणजीत सिंह ने उकलाना विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान अनेक संगठनों व ग्रामीणों का समर्थन जुटाया। उन्होंने पार्टी नेताओं के साथ क्षेत्र के गांवों का दौरा कर-के ग्रामीणों से सीधी मुलाकात की और उनसे वोटों की अपील की।

रणजीत सिंह ने अपने दौरे के दौरान उकलाना विधानसभा क्षेत्र के भैरी अकबरपुर की बाबा रामदेव धर्मशाला में लड्डुओं से तोला गया। इसके अलावा उन्होंने दौलतपुर, भैणी बादशाहपुर, नया गांव, बुढ़ाखेड़ा, प्रभुवाला, गैबीपुर, बोबुआ, हसनगढ़, सरहेड़ा, मतलोढ़ा, बनभौरी, पनिहारी, बयानाखेड़ा, बधावड़, पाबड़ा व सिवानी बोलान का दौरा किया। इस



दौरान अनेक गांवों में उन्हें लड्डुओं से तोला गया और फूलमालाएं डालकर स्वागत किया गया। कई संस्थाओं ने उन्हें समर्थन देने घोषणा की, जिससे उनके चुनाव प्रचार को और गति मिली। रणजीत सिंह ने सभी को विश्वास दिलाया कि वे इस मान-सम्मान को कभी भूल नहीं पाएंगे और जनता के सहयोग से जीत के बाद क्षेत्र की सेवा को तत्पर रहेंगे।

भाजपा लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि उनके दौरान उनके साथ मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, पूर्व

**वोट**

**क्षेत्र के गांवों का दौरा करके ग्रामीणों से सीधी मुलाकात की और उनसे वोटों की अपील की**

मंत्री छत्रपाल सिंह, वरिष्ठ नेता श्रीनिवास गोयल, सीमा गैबीपुर, बहादुर सिंह नगंथला, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष कुलदीप डेलू, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरजीत ख्यालिया, विनय कुमार, पूर्व चेयरमैन सतपाल शर्मा, रामकुमार रानोलिया, पंचायत सदस्य बदरी बनभेरू, नरेंद्र रोहिल, संजय श्योराणा, जयबीर रामफल नैन, महेंद्र सिंह पानू, जोगीराम खुंडिया, योगेश कुमार, सरपंच अनूप मांजू, रामसिंह मोगा, सुभाष नंबरदार बिश्नोई, संदीप ज्यानी पूर्व सरपंच, प्रदीप समोता, मदन मालवीय, शार्दुल शर्मा, देवीलाल, राजेंद्र ज्यानि, गोपीराम, लखन, राजकुमार पूर्व सरपंच, कृष्ण, मनोज पंचायत मेंबर, पूर्व सरपंच सतपाल धानक, सोनू धानक, रणबीर पूर्व ब्लॉक समिति मेंबर, अमर सिंह शर्मा, सूरजभान, मनीराम ज्याणी, महेंद्र नाई, सीताराम नाई, सुनील दत्त और धर्मपाल नायक, जर्मन भुकर, सुनील मांजू, सुभाष, अनिल गोदारा, ओमप्रकाश, हरी सिंह, प्रोमिला पूनिया, जोगिंदर सिहाग, रामकुमार, कमलेश, निर्मला खरखड़ा सहित सैंकड़ों की संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

20 मई को हिसार में होने वाली गृह मंत्री अमित शाह की रैली का न्यौता दिया।

## न्यूज फ्लैश

### लोकतंत्र के उत्सव में 25 मई को मतदान करके निभाएं देश के प्रति अपना कर्तव्य: सुरेंद्र



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र : सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी नागरिक सुरेंद्र पाल ने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस उत्सव में 25 मई को मतदान करके देश के प्रति अपने कर्तव्य को निभाएं।उन्होंने जिला के मतदाताओं से आह्वान किया कि मतदान करना उनका अधिकार है। चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें। एआरओ एवं एसडीएम सुरेंद्र पाल ने कहा कि हमारे देश में युवाओं की संख्या अधिक है, इसलिए भारत को युवा देश कहते हैं। इस बात को युवाओं को समझना होगा कि लोकतंत्र में भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत बनता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि अगर आप अपनी आवाज को बुलंद रखना चाहते हैं तो लोकतंत्र के पर्व में आगामी 25 मई को वोट डालकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। अगर मतदाताओं को कोई भी उम्मीदवार पसंद नहीं आता है तो वह मतदान करने से वंचित न रहे बल्कि पोलिंग बूथ पर जाकर नोटा को वोट कर सकते हैं। संविधान में सभी को वोट का समान रूप से अधिकार दिया गया है। महिलाओं के वोट की कीमत पुरुषों के बराबर है, इसलिए उन्हें लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व मे बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए और अपने मत का बिना किसी डर व संकोच के उपयोग करते हुए सही उम्मीदवार का चयन करना चाहिए। आदर्श आचार संहिता चुनाव प्रकिया के पूर्ण होने तक लागू रहेगी, कहीं पर भी संहिता का उल्लंघन नजर आता है तो वह अपनी शिकायत जिला निर्वाचन कार्यालय व हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1950 पर कर सकते हैं।

### अजय व रोहित गोयल के सहयोग से दिव्यांग केंद्र में लगा निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर



**हिसार :** भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में सेवार्थ भाव से आंखों के सफेद मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया। अजय जिंदल व रोहित गोयल के सहयोग से आयोजित किए गए इस शिविर का 14 लोगों ने लाभ उठाया। दिव्यांग केंद्र के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों ने निशुल्क ऑपरेशन करके नेत्र ज्योति प्रदान की। इस दौरान ऋषिराज बुड़ाकिया, सीताराम मंगल व सुरेंद्र कुच्छल सहित काफी संख्या में दिव्यांग केंद्र से जुड़े पदाधिकारी, सदस्यगण व स्टाफ सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि समाजसेवियों के सहयोग से समय-समय पर जरूरतमंद लोगों की आंखों के सफेद मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन किए जाते हैं। अजय जिंदल व रोहित गोयल ने शिविर में सहयोग करके सेवा का अतुलनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में नेत्र जांच, नेत्र चिकित्सा व नेत्र ऑपरेशन की तमाम आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं और अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा ही समस्त कार्य किए जाते हैं। दिव्यांग केंद्र में नेत्र चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ दंत चिकित्सा, फिजियोथेरेपी एवं सामान्य रोग जांच की सुविधा भी उपलब्ध है। यहां पर लाला देवी चंद ग्रोवर कृत्रिम अंग निर्माणशाला भी उपलब्ध है जिसमें कृत्रिम अंगों का निर्माण करके दिव्यांग बंधुओं को निशुल्क प्रदान किए जाते हैं।

# रेड कर जबरन वसूली करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

## कंपनी का रिकार्ड, लाइसेंस व ऑडिट से संबंधित रिकार्ड दिखाने के लिए कहा

टीम एक्शन इंडिया

**पानीपत: सीआईए** थ्री पुलिस टीम ने सेबी का फर्जी अधिकारी बन ट्रेडिंग कंपनी में रेड कर रिकार्ड में कमी बताकर जबरन वसूली व ठगी करने वाले दो आरोपियों को संजय चौक के पास से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान मयंक निवासी ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्ध नगर यूपी व अनिल निवासी अगवानपुर सोनीपत के रूप में हुई। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि थाना चांदनी बाग में न्यू गीता कॉलोनी निवासी मुनीष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि संजय चौक पर उसकी एमजी इक्विटी माल के नाम से ट्रेडिंग कंपनी है। 16 मई को वह मैनेजर संदीप व अन्य स्टाफ के साथ ऑफिस में काम कर रहा था। देर शाम करीब 6 बजे दो अज्ञात युवक ऑफिस में आए। एक युवक ने अपना नाम मयंक बता



खुद को पीएमओ से सेबी अधिकारी व साथ वाले का नाम एएआई अनिल कुमार बता उसको हरियाणा पुलिस से अपना पीएसओ बताकर कहा कंपनी में धांधली चली हुई है, रिकार्ड चेक करने के लिए वह यहा आया है। उसको कंपनी का रिकार्ड, लाइसेंस व ऑडिट से संबंधित रिकार्ड दिखाने के लिए कहा। पीएसओ बने युवक ने कहा साहब आपकी कंपनी से संतुष्ट नही है। यह बात बोलकर पीएसओ बना युवक उसको साइड में ले गया और 20 लाख रुपए की मांग की। पैसे ना देने की सूरत में कंपनी को सील करने की बात कही।

उसको शक हुआ तो उसने दोनों को आई कार्ड व अथॉरिटी लेटर दिखाने के लिए कहा। उन्होंने पीएमओ ऑफिस दिल्ली से अशोक कुमार नाथ सेकेंड इन कमानडेंट द्वारा जारी एक फर्जी लेटर दिखाया। फर्जी लेटर में मयंक को आर्मी केप्टन व अनिल को हरियाणा पुलिस का एएसआई दशार्या गया था। उसने लेटर पर अंकित नंबर पर फोन किया तो नंबर अशोक कुमार नाथ पीएमएमएस की बजाय अन्य किसी व्यक्ति का पाया गया।

लेटर को अपने पास रख दोनों को आईकार्ड दिखाने के लिए कहा तो उसको व स्टाफ को डराया धमकाया और 20 लाख रुपए की मांग कर पैसे ना देने पर सील करने धमकी दी।

**धमकी**

▸▸ स्टाफ को डराया धमकाया और 20 लाख रुपए की मांग कर पैसे ना देने पर सील करने धमकी दी

### जिला पुलिस द्वारा चलाया गया आप्रेशन आक्रमण अभियान



**रविवार को** पुलिस आयुक्त सोनीपत बी. सतीश बालन के निर्देशानुसार जिला पुलिस ने ओपरेशन आक्रमण अभियान चलाया जिसका उदेश्य अपराध एवं अपराधियों पर लगाम लगाना है। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस आयुक्त बी. सतीश बालन आईपीएस ने अपराधियों के प्रति कड़ा रुख दिखाया है। पुलिस आयुक्त द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु एक विशेष अभियान ऑपरेशन आक्रमण चलाकर जिला पुलिस ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए जिसके तहत जिला पुलिस सोनीपत के सभी पुलिस उपायुक्तों के नेतृत्व सभी सहायक पुलिस आयुक्तों के साथ कुल 79 पुलिस टीमों में नियुक्त 434 जवानों ने अथक प्रयास करते हुए विभिन्न अपराधिक मामलों में संलिप्त रहे 15 आरोपियों को धर दबोचा और अपराधियों में हड़कंप मचा दिया है। जिला पुलिस की विभिन्न टीमों ने अपराधियों पर कड़ा प्रहार करते हुए मामलों में निम्नलिखित उपलब्धि हासिल की है। जिला सोनीपत पुलिस ने चलाए गए विशेष ऑपरेशन के तहत तीन बैलजमपरों को भी गिरफ्तार किया गया।

### मोबाईल फोन छीनने की घटना में संलिप्त आरोपी गिरफ्तार

**जिले** के थाना बहालगढ सोनीपत की पुलिस टीम नें मोबाईल फोन छीनने की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पंकज पुत्र सत्यप्रकाश निवासी आगरा उतरप्रदेश का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 18 मई को गजे सिहं (अक्षय) पुत्र विजय पाल निवासी पुरानी बसौदी ने थाना बहालगढ में शिकायत दी कि मैं हुँडई कम्पनी बहालगढ़ में टैक्निशियन का काम करता हुँ दिनांक 17.05.2024 को समय करीब 10:10 पर मैं बहालगढ़ से खेवड़ा रोड़ पर पैदल अपने घर जा रहा था जब मैं बहालगढ़ में के नजदीक पहुँचा तो पीछे से दो लड़के एक लाल-काले रंग की प्लसर मोटर साईकिल पर सवार होकर आए जो मोटरसाईकिल चालक ने अपने मुहं को कपड़े से ढका हुआ था।

## पक्षियों के लिए मुहिम दाना पानी का शुभारंभ किया

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पंजोखरा साहिब जिला अंबाला के प्रांगण में पक्षियों के लिए मुहिम दाना पानी का शुभारंभ डॉ. सोनिका के नेतृत्व में आठवीं और नौंवी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी देते हुए डॉ. सोनिका ने बताया कि वह इस मुहिम दाना पानी को वर्षों से चला रही हैं। गर्मी का मौसम और चिलचिलाती धूप के कारण प्यास से हम सभी का गला सूखता है तथा प्यास बुझाने के लिए हम इंसानों के पास अनगिनत साधन हैं और पानी तो हर किसी के पास उपलब्ध भी है। बर्तन से पानी लिया और पी लिया। परन्तु यह पक्षी ,जीव-जंतु क्या करें? यह नन्हें परिंदे जिंदा रहने के लिए दाना



पानी की तलाश में कितने कष्ट झेलते हुए भटकने को मजबूर हैं। समय से पानी न मिलने के कारण कितने पक्षी बेमौत मर जाते होंगे और हमें खबर भी नहीं होती होगी। हम सब अलग-अलग जगहों पर इनके लिए दाना पानी रख कर इनके कष्टों को कुछ कम कर सकते हैं। इनके जीवन रक्षक बन सकते हैं।

आज इन विद्यार्थियों ने अपनी ड्राइंग, स्लोगन राइटिंग से यही संदेश दिया। यही नहीं नवम कक्षा की पूजा गुड़ रोटी की चूरी भी लाई। सब बच्चों ने डॉ. सोनिका की प्रेरणा से अपने-अपने घर पर प्रतिदिन पक्षियों के लिए दाना पानी रखने की शपथ भी ली। विदित रहे कि डॉ. सोनिका जिस भी विद्यालय में पदस्थ रही हैं, वह समय समय पर बच्चों को विभिन्न सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूक करती रही हैं यथा प्लास्टिक के कम से कम प्रयोग, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण, बेटियों के लिए पर्सनल हाइजीन आदि।

**पहल**

▸▸ अपनी ड्राइंग, स्लोगन राइटिंग से यही संदेश दिया। यही नहीं नवम कक्षा की पूजा गुड़ रोटी की चूरी भी लाई


### चोरी करने की घटना में संलिप्त दो आरोपियो को किया गिरफ्तार

**जिले** के थाना शहर सोनीपत की पुलिस टीम नें घर में चोरी करने की घटना में संलिप्त दो आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अकबर पुत्र बलवान निवासी करेवडी सोनीपत व बिजेन्द्र उर्फ सोनू पुत्र हवा सिंह निवासी चिटाना हाल विकास नगर सोनीपत के रहने वाले है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 31 मार्च को एक महिला ने थाना शहर सोनीपत में शिकायत दी थी कि मैं मयूर विहार में किराए पर रहती हूँ। दिनांक 31.03.2024 को सुबह लगभग 6.55 अट पर गुरदीप द्वारा मुझे फोन पर बताया गया कि जिस मकान पर मैं अपने परिवार के साथ किराए पर रहती हूँ, उस घर का ट्रंल्ल ऋ्री का ताला तोडकर कमरे से चोरी की गई हैं। जो मैं अपने परिवार के साथ चंडीगढ शादी में 20 मार्च को आ गई थी मेरी खुद की ही शादी हैं, जिसमें व्यस्तता के कारण हम अपना सामान कुछ सामान वहीं भूल आएं और उस सामान की आज चोरी की सूचना प्राप्त हुई। केवल चोरी वाले कमरे का ही ताला तोडा गया है। जिससे लगता है कि यह कार्य किसी आस पास नजदीकी व्यक्ति या जानकर व्यक्ति का हो सकता है। इस घटना का भारतीय दंड संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना शहर सोनीपत में अभियोग दर्ज किया गया था।

## मामराज सैनी व फुल कुमार ने कांग्रेस पार्टी को छोड़कर थामा भाजपा का दामन

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र,** : कुरुक्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान गांव भिवानी खेड़ा के पूर्व सरपंच मामराज सैनी, फुल कुमार सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी को अलविदा करके भाजपा युवा नेता साहिल सुधा के नेतृत्व में भाजपा पार्टी का दामन थाम लिया है। साहिल सुधा ने कहा कि पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों को पार्टी की नीति के अनुसार पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। भाजपा की जन हितैषी नीतियों के कारण कई बड़ी पार्टियों के नेता व कार्यकर्ता भाजपा पार्टी में



शामिल हो रहे है।उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में बेहतरीन कार्यप्रणाली के नए आयाम स्थापित किए हैं। प्रत्यक्ष को प्रमाण की जरूरत नहीं होती। गरीब परिवारों को उज्जवला स्कीम के तहत रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए गए हैं। शहरों की तरह गांवों में भी 24 घंटे बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है। युवाओं को मेरिट और योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां मिल रही है। गरीब परिवारों को तीर्थ स्थान की यात्रा के लिए रेलगाड़ी में सीट रिजर्व करवाने का खर्चा हरियाणा सरकार ने उपलब्ध करवाने की योजना चलाई है।

**कांग्रेस को झटका**

▸▸ पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों को पार्टी की नीति के अनुसार पूरा मान सम्मान दिया जाएगा।

## किड्जी स्कूल सेक्टर -3 ,कुरुक्षेत्र में येलो डे मनाया गया

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** किड्जी स्कूल सेक्टर -3,कुरुक्षेत्र में येलो डे मनाया गया। आज के कार्यक्रम में 180 बच्चों ने प्रतिभागिता की जिसमें बच्चों ने भिन्न भिन्न पीले रंग से संबधित वस्तुएं, खाना, फल, वेशभूषा का प्रस्तुतीकरण नन्हे- मुन्ने विद्यार्थियों के सामने किया गया।साथ ही पीले रंग को विभिन्न कार्यों में प्रयोग में लाने के गुण भी सिखाए गए। आम फलों का राजा है उन्हें यह भी बताया गया कि आम में फाइबर होता है जो आपके शरीर को सही तरीके से काम करने में मदद करता है। आम विटामिन सी का एक



अच्छा स्त्रोत होता है, जो आपके शरीर को रोगों से लड़ने की क्षमता देता है । कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न वस्तुओं में पीले रंग का इस्तेमाल कर उनकी सुंदरता को बढ़ाया और खूब मस्ती की।आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक परिमंदर सिंह बाठ जी द्वारा किया गया । उन्होंने कहा कि इस गतिविधि का उद्देश्य नन्हें -मुन्ने बच्चों को इस रंग की बारीकियों व खूबियों के बारे में विस्तार से जानकारी देना है।

### देवेंद्र बबली आज उसी कांग्रेस की चौखट पर पहुंचे, जहां हुए थे अपमानित

**चंडीगढ:** जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश प्रवक्ता जतिन खिलेरी ने विधायक देवेंद्र बबली को स्वार्थी और लालची बताया है। जतिन खिलेरी ने कहा कि अपने स्वार्थ के लिए दर-दर भटकने वाले देवेंद्र बबली आज उसी कांग्रेस के दरवाजे पर आकर खड़े हो गए हैं, जहां उन्हें कभी सम्मान नहीं मिला। उन्होंने कहा कि देवेंद्र बबली शायद भूल गए है कि यह वही कांग्रेस पार्टी है, जिसने उनके भरपूर प्रयास के बावजूद टोहाना की टिकट न देकर अपमानित किया था। उन्होंने कहा कि कभी बीजेपी तो कभी कांग्रेस के हाथों में खेलने वाले बबली की राजनीति हास्यास्पद हो चुकी है और ऐसे लोगों को जनता समय आने पर जरूर आईना दिखाएगी। खिलेरी ने कहा कि देवेंद्र बबली आज सिर्फ अपने लालच में बार-बार विचारधारा बदल रहे हैं।

## वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र में मासिक हवन यज्ञ हुआ सम्पन्न

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** आज अमीन रोड कुरुक्षेत्र में स्थित वात्सल्य वाटिका ब्रह्मा कालोनी में मासिक हवन यज्ञ सम्पन्न हुआ। वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र प्रधानाचार्य गौरव चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि हवन यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में श्रीमान कृष्ण पंचाल चेयरमैन बाल कल्याण समिति कुरुक्षेत्र और मुख्य अतिथि श्रीमान ओम प्रकाश मित्तल प्रधान वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र ट्रस्ट रहे। हवन यज्ञ विश्व हिंदू परिषद के पण्डित प्रेम नारायण अवस्थी द्वारा करवाया गया। हवन यज्ञ में सभी भक्तों ने मिलकर कर मंत्रों सहित आहुतियां डाली।मुख्य यजमान कृष्ण पंचाल जी ने कहा कि वात्सल्य



वाटिका कुरुक्षेत्र निरंतर अपने पथ पर अग्रसर हो रही हैं । वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र में जो कार्य हो रहा है वह कार्य कही ओर नहीं हो रहा है, यहाँ पर स्वामी हरिओम दास परिव्राजक जी बचपन से ही बच्चों में संस्कार रोप देते हैं। फिर बच्चा बड़ा होकर संस्कारी बनता हैं। वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र की खुशबू पूरे समाज में फैली हुई है। हर व्यक्ति यहाँ पर आकर वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र के प्रति आकर्षित हो जाता हैं। यहाँ पर आकर सकारात्मक ऊर्जा मिलती हैं। फिर वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र संस्थापक आदरणीय परम पूज्य स्वामी हरिओम दास परिव्राजक जी ने अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि हम सभी को आज जगना होगा और अपने साथियों को भी जगाना होगा। 25 मई में हमारे राष्ट्र देश का बहुत बड़ा पर्व मतदान दिवस है। हम सभी को अपने मत का प्रयोग देश व धर्म कल्याण हेतु करना चाहिए।

**सकारात्मक**

▸▸ मुख्य अतिथि श्रीमान ओम प्रकाश मित्तल प्रधान वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र ट्रस्ट रहे

## यज्ञ है हमारे जीवन और प्राणों का आधार : हरिओम महाराज

### -गांव बिशनगढ़ में शिवशक्ति महायज्ञ अनुष्ठान का चौथा दिन,श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर की यज्ञशाला की परिक्रमा.

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** शिवशक्ति जनकल्याण सेवा समिति, बिशनगढ़ द्वारा झांसा रोड स्थित गांव बिशनगढ़ में रविवार को शिवशक्ति महायज्ञ अनुष्ठान के चौथे दिन अपार जनसमूह उमड़ा। श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर यज्ञशाला परिक्रमा की। स्वामी हरिओम जी महाराज ने यज्ञ की महिमा बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में यज्ञ सर्वश्रेष्ठ कर्म है। इसीलिए यज्ञ को महत्वपूर्ण मानते हुए अवश्य भाग लेना चाहिए। यज्ञ से असंभव कार्य भी संभव हो जाते है, संक्रामक रोग नष्ट होते हैं, मनुष्य आरोग्य, विद्या, कीर्ति और यश प्राप्त करता है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज की युवा



पीढ़ी भूलती जा रही है। यदि यह क्रम इसी तरह चलता रहा तो यज्ञ आदि अनुष्ठान कहानियां ही बनकर रह जाएंगे। इसलिए समय रहते अपनी भावी पीढ़ी को भारतीय संस्कृति को बढ़ाने का हमें प्रण लेना होगा। याद रखों, प्रकृति का नियम है जो उससे छेड़छाड़ करता है, प्रकृति भी फिर उसी प्रकार बदला लेती है। इसलिए यज्ञ आदि कर्म करते रहना चाहिए। यज्ञ से ही वर्षा होती है, जोकि हमारे जीवन और प्राणों का आधार है। वहीं, यज्ञ के बाद श्रीमदभागवत कथा में आचार्य शुभम द्विवेदी(चित्रकूट)ने भगवान विष्णु के अवतारों की चर्चा करते हुए वामन अवतार का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि श्रीमदभागवत कथा सुनने का विशेष महत्व है। इससे मनुष्य के जीवन में आने वाली सभी व्याधियां दूर होती हैं। अनुष्ठान में आयोजन समिति अध्यक्ष पंडित राजेश मौदगिल, मुख्य यजमान सुरेश सैनी,नरेश सैनी,रघुवीर सैनी,नमो नमो संगठन के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा बारना,जिलाध्यक्ष अंकुश गुप्ता मौजूद हे।

**सर्वश्रेष्ठ कर्म**

▸▸ स्वामी हरिओम जी महाराज ने यज्ञ की महिमा बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में यज्ञ सर्वश्रेष्ठ कर्म है

## 5वें गुरु शहिदों के सिरताज श्री - अर्जन देव जी की मीठी याद में किया संत्सग

टीम एक्शन इंडिया
समालखा ( कुलदीप सिंह )

गुरुद्वारा नानक दरबार साहिब माडल टाऊन में 5वें गुरु शहिदों के सिरताज श्री - अर्जन देव जी की मीठी याद में संत्सग द्वारा किए जा रहे श्री सुखमागी साहिब के पाठ 18 वें दिन में प्रवेश कर गए क आज के पाठ साहिब की सेवा अमर खन्ना सतीश कुमार व नरेश कुमार के परिवार

की तरफ से की गई । भाई गुरमुख सिंह द्वारा गुरबाणी किर्तन करके संगत को निहाल किया । इस अवसर पर गुरद्वारा कमेटी प्रधान जगतार सिंह बिल्ला संगत के रुबरु हो कर बताया कि श्री गुरु अर्जन देव जी ने गुरु का बाग अमृतिसर,



रामसर,बाऊली साहिब, श्री गोबिंद पुरा, देहेरेरा साहिब,तरनतारन साहिब करतार पुर, संतोख पुर व अमृतिसर सरोवर पक्का करवाया सारे अस्थान रचे क विल्ला ने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाश समत1661 में श्री गुरु अर्जन देव जी ने किया इस अवसर पर भारी संख्या में संगत मौजूद थी।

## न्यूज फ्लैश

### लोकसभा आम चुनाव के दौरान सभी मतदान केंद्रों को किया गया है तंबाकू व धूम्रपान मुक्त घोषित

**सोनीपत। जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार इस बार लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान मतदान के दिन सभी मतदान केंद्रों को तंबाकू व धूम्रपान मुक्त घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि 25 मई को मतदान के लिए मतदान केन्द्रों पर तंबाकू उत्पाद लाने की अनुमति नहीं होगी। इसलिए सभी मतदाताओं का आह्वान है कि वे मतदान केन्द्रों पर तंबाकू उत्पाद व धूम्रपान का प्रयोग न करें। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह पहल लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए शुरू की गई है, क्योंकि धूम्रपान व तंबाकू उत्पादों का सेवन करना हमारी सेहत के लिए हानिकारक है। इससे कैंसर व टीबी जैसी अनेक जानलेवा बीमारियों के होने का खतरा बना रहता है। इसलिए संकल्प लें कि हम धूम्रपान या अन्य तंबाकू उत्पादों का त्याग करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला मतदान केंद्रों को तंबाकू व धूम्रपान मुक्त बनाने में जिला प्रशासन का सहयोग करने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है ताकि आने वाले 25 मई को सभी मतदान केंद्रों को तंबाकू व धूम्रपान मुक्त बना सके।

### चुनाव का पर्व-देश का गर्व, हरियाणा में 25 मई को होगा मतदान

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। उपायुक्त एवं जिला** निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर हरियाणा राज्य परिवहन मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने और अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहा है। हरियाणा राज्य परिवहन करनाल डिपो से निकलने वाली बसें न केवल हरियाणा राज्य बल्कि देश के अन्य राज्यों के मतदाताओं को भी जागरूक करने में मददगार बन रही हैं।

सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा हरियाणा राज्य परिवहन की बसों पर मतदाता जागरूकता प्रचार सामग्री लगाई गई है जो मतदाताओं का ध्यान सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं और मतदाताओं को 25 मई मतदान के दिन बढ़चढ़ कर मतदान करने के प्रति जागरूक कर रही हैं। उन्होंने बताया लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए करनाल बस स्टैंड से विभिन्न रूटों पर चलने वाली हरियाणा रोडवेज की बसों के जरिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है, जिसके लिए भारत निर्वाचन आयोग व राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा की ओर से हरियाणा रोडवेज की बसों पर मतदाता जागरूकता प्रचार सामग्री, बैनर व पोस्टर चस्पा करवाए गए हैं।

### चुनाव प्रकिया के दौरान एमसीएमसी की पेड न्यूज पर कडी नजर

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि लोकसभा व करनाल विधानसभा उपचुनाव के दौरान उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के प्रचार-प्रसार पर निरंतर निगरानी रखने के लिए जिला स्तर पर मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी चुनाव के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर राजनीतिक चुनाव प्रचार की मॉनिटरिंग कर रही है। इसके अलावा पेड न्यूज पर कार्रवाई करना व मीडिया माध्यमों पर चुनावी विज्ञापनों के प्रकाशन व प्रसारण से पूर्व प्रमाण पत्र प्रदान करना है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदर्श आचार संहिता के अनुरूप राजनीतिक दलों से प्रचार करने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर उम्मीदवार व राजनीतिक दल के चुनाव प्रचार से संबंधित सामग्री के प्रसारण से पूर्व एमसीएमसी कमेटी से प्रमाण पत्र लेना होगा। वहीं प्रिंट मीडिया में मतदान से पहले व मतदान के दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन के लिए भी एमसीएमसी कमेटी से प्री सर्टिफिकेट लेना होगा।

# राष्ट्र को समृद्ध और विकसित बनाने के लिए नरेंद्र मोदी को चुनें : सुमन सैनी

## अब नायब सिंह सैनी भी प्रदेश में विकास को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं, इसलिए देश को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा को चुनें

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल। मुख्यमंत्री** एवं करनाल विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि राष्ट्र को समृद्ध और विकसित बनाने के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री चुनें। आपका एक-एक वोट देश को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए 25 मई को घर से बाहर निकलकर अवश्य मतदान करने और कमल के फूल का बटन दबाएं। सुमन सैनी ने रविवार को करनाल में कर्ण विहार में प्रदीप शर्मा, न्यू प्रेम कालोनी में सुनीता नरेश प्रजापति, सेक्टर-6 में संदीप वर्मा द्वारा आयोजित जनसभाओं में शिरकत की। उन्होंने करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी के लिए वोट की अपील की। जनसभाओं में उपस्थित लोगों ने विश्वास दिलाया कि वे नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए मनोहर लाल को प्रचंड मतों से जीत दिलाने का काम करेंगे और विधानसभा उप चुनाव में भी करनाल में कमल का फूल खिलाएंगे। सुमन सैनी ने कहा कि मतदान करना सबका अधिकार है और एक मजबूत सरकार चुनने के लिए मतदान जरूर करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण ने भी कहा है कि कर्म करो और फल की चिंता मत करो। जब कर्म अच्छा होगा तो फल भी अच्छा मिलेगा। इसलिए सोच समझकर एक अच्छी और साफ सुथरी सरकार चुनें। उन्होंने कहा कि जनता ने देखा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में देश में एक बेदाग और साफ छवि की सरकार चली है। हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सबका साथ सबका विकास, हरियाणा एक-हरियाणवीं एक के नारे के साथ काम किया और पूरे प्रदेश में एक समान विकास कार्य करवाए। अब नायब सिंह सैनी भी प्रदेश में विकास को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। इसलिए देश को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा को चुनें। इस अवसर पर मीना कांबोज, रेखा आनंद, मेघा भंडारी, भूपेंद्र नोतना, प्रियंका भारद्वाज, निधि गुलाटी, मुक्ता कालड़ा, ममता सहित अन्य मौजूद रहे।

# खालसा कॉलेज में हुआ पुरातन छात्र मिलन समारोह का आयोजन



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। गुरु नानक** खालसा कॉलेज के पुरातन छात्र मिलन समारोह का सुंदर एवं भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सूफी संगीत संध्या का बेहतरीन अंदाज में आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के पुराने व वर्तमान छात्र-छात्राओं ने सूफी, कव्वाली, गीत, नजम इत्यादि गाकर माहौल को संगीतमय बना दिया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कॉलेज प्रबंधन समिति की महासचिव सरदारनी जसप्रीत कौर रही, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में कॉलेज प्रबंधन समिति के उपप्रधान सरदार एसपी सिंह पसरीचा मौजूद रहे।

सरदारनी जसप्रीत कौर ने कहा कि कॉलेज पूर्व प्रधान एवं सांसद स्वर्गीय सरदार तारा सिंह जी के दिखाएं मार्ग एवं पदचिन्हों पर चलते हुए शिक्षा और संगीत के क्षेत्र में निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

# केवाईसी एप से मतदाता देखें अपने क्षेत्र के उम्मीदवार की प्रोफाइल

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपतः जिला निर्वाचन अधिकारी** एवं उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता सर्वोपरि होता है और मतदाता को सशक्त बनाने के लिए चुनाव आयोग ने तकनीक के युग में बड़े कदम उठाए हैं। चुनाव में मतदाता अपने लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं की प्रोफाइल से अवगत हों, इसके लिए आयोग ने स्पेशल केवाईसी (नो योर कैंडिडेट) एप की शुरूआत की है जिसके मतदाता चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के नामांकन में दर्ज जानकारी को देख सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा जारी ऐप के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है। आयोग द्वारा केवाईसी ऐप शुरू की गई है जो चुनाव प्रक्रिया में काफी अहम रोल रखती है। इस ऐप के जरिये कोई भी व्यक्ति स्वयं के लोकसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि समूचे भारत की लोकसभा सीटों पर




चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के नामांकन पत्र देख सकता है। उम्मीदवारों द्वारा नामांकन में दर्ज की गई विस्तृत जानकारी इस ऐप के माध्यम से देखी जा सकती है। नो योर कैंडिडेट (केवाईसी) नाम की यह ऐप गूगल प्ले स्टोर या एप्पल स्टोर से फ्री में डाउनलोड की जा सकती है। इस ऐप पर उम्मीदवार का नाम, पिता/पति, पार्टी, उम्र, लिंग, पता, राज्य, विधानसभा/लोकसभा की जानकारी मेन डिस्प्ले में दिखाई देती है।

# कश्यप ऋषि की मूर्ति स्थापना उत्सव में शामिल हुए मोहन लाल

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपतः छठवें चरण के अंतर्गत** 25 मई को होने वाले चुनाव से पूर्व शनिवार को सोनीपत में पीएम मोदी की जनसभा के बाद यहां का सियासी पारा सातवें आसमान पर पहुंच चुका है। जिससे यहां की सियासी हवा पूरी तरह से बदल चुकी है। भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बडौली के समर्थन में गोहाना में विजय संकल्प रैली को संबोधित करने आए पीएम मोदी ने सोनीपत की सियासत को नई हवा दे दी है। वहीं मोहन लाल बडौली ने कश्यप ऋषि के मूर्ति स्थापना उत्सव में शामिल होकर कश्यप ऋषि की पूजा अर्चना की। इसी क्रम में अपने नियमित जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बडौली ने रविवार को दर्जनभर से अधिक गांवो में जनसंपर्क किया।



भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बडौली अपने जनसंपर्क अभियान के तहत रविवार को सोनीपत सेक्टर 13,14, गन्नौर बाजार, मलिकपुर गांव, दतौली आदि जगहों पर जनसंपर्क कर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। उनोहने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में उमड़ी भीड़ ने यह साफ कर दिया है कि, यहां से भाजपा की जीत तय हैं। गोहाना में कश्यप ऋषि के मूर्ति स्थापना उत्सव पर रविवार को विशाल रोड शो का आयोजन किया गया। जिसमें कश्यप समाज के लोगों की भारी भीड़ रही। आयोजित स्थापना उत्सव में भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बडौली ने शामिल होकर पूजा-अर्चना की। कश्यप समाज से मिल रहे भारी जनसमर्थन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, यह चुनाव सिर्फ मोहन लाल बडौली का चुनाव नहीं है। यह चुनाव सोनीपत के एक-एक मतदाताओं के मान, सम्मान और स्वाभिमान का चुनाव है। सोनीपत की जनता से मिल रहे अपार जनसमर्थन से यह निश्चित हो चुका है की जनता भाजपा के साथ है। भाजपा प्रत्याशी बडौली ने कहा की सोनीपत की जनता का जनप्रतिनिधि बनने के बाद मैं उनकी उम्मीदों को पूरा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा।

**वोट की अपील**

**▶▶ सोनीपत की जनता का जनप्रतिनिधि बनने के बाद मैं उनकी उम्मीदों को पूरा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा**

# 22 वर्षीय युवक ने प्रेम प्रसंग के चलते फांसी लगाकर की आत्महत्या

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। धक्का बस्ती** में एक 22 साल के युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है। परिजनों का आरोप है कि युवक का पडोस की ही एक महिला के साथ अफेयर चल रहा था, लेकिन प्रेमिका बार-बार युवक पर पैसे देने का दबाव बना रही थी, जिससे परेशान होकर युवक में खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी हाउस में रखवा दिया। आज पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा दिया गया। पुलिस परिजनों की शिकायत के



अनुरूप आगामी कार्रवाई अमल में लाएगी। मृतक युवक कृष्ण की बहन ने बताया है कि उसके भाई का एक महिला के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। यह महिला पहले हमारे ही चौबारे में किराये पर रहती थी। लेकिन जब मेरी शादी हुई थी तो हमने मकान खाली करवा लिया था। इसे लेकर कृष्ण ने पूरे परिवार के साथ झगड़ा भी किया था। वह महिला पडोस के ही एक मकान में रहने लगी थी। मेरे भाई ने उसको फोन भी दिया हुआ था और वह बातचीत भी किया करती थी। बहन ने बताया कि उसका भाई महिला की वजह से परेशान चल रहा था।

वह बार-बार पैसों की डिमांड करती थी। जिससे परेशान होकर कृष्ण ने बीती 5 मार्च को छत से छलांग लगा दी थी, जिससे उसको गंभीर चोटें आई थी। जिसका इलाज हो गया था, लेकिन उसके बाद फिर से ऐसे ही हालात बन गए। अभी वह 5 हजार रुपये मांग रही थी। इतना दबाव बनाया जा रहा था कि उसके भाई ने आज खुदकुशी कर ली।

सदर थाना पुलिस के जांच अधिकारी रविन्द्र ने बताया कि कृष्ण ने खुदकुशी की है और मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है। शव को रात को ही कब्जे में ले लिया था। आज पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया गया। परिजनों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**जांच जारी**

**▶▶ युवक का पडोस की ही महिला के साथ अफेयर चल रहा था, लेकिन प्रेमिका बार-बार पैसे देने का दबाव बना रही थी**

# 25 मई को मतदान करके निभाएं देश के प्रति अपना कर्तव्य: उत्तम सिंह



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। उपायुक्त एवं जिला** निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस उत्सव में मतदान करके देश के प्रति अपने कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करें। उन्होंने मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि मतदान करना उनका अधिकार है। चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें। हमारे देश में युवाओं की संख्या अधिक है, इसलिए भारत को युवा देश कहते हैं। इस बात को युवाओं को समझना होगा कि लोकतंत्र में भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत बनता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि अगर आप अपनी आवाज को बुलंद रखना चाहते हैं तो लोकतंत्र के पर्व में आगामी 25 मई को वोट डालकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# सभी मतदाताओं को घर-घर जाकर दी जा रही है वोटर स्लिप

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपतः जिला निर्वाचन अधिकारी** एवं उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने बताया कि भारत एवं हरियाणा निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिला में लोकसभा चुनाव में 25 मई को मतदान करने के लिए बीएलओ द्वारा मतदाताओं को घर-घर जाकर वोटर स्लिप, मतदाता मार्गदर्शिका व आमंत्रण पत्र दिया जा रहा है। इस बारे सभी विधानसभाओं के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश जारी किए जा चुके हैं। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अबकी बार लोकसभा चुनाव-2024 का थीम चुनाव का पर्व-देश का गर्व है। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग द्वारा अनूठी पहल की गई है, जिसमें निमंत्रण पत्र तैयार किया गया है। इस निमंत्रण पत्र का स्लोगन - भेज रहे हैं निमंत्रण, मतदाता तुम्हे बुलाने को, 25 को भूल न जाना वोट डालने आने को, प्रमुख है। उन्होंने बताया कि बीएलओ वोटर स्लिप के साथ उक्त निमंत्रण पत्र भी परिवार को दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि निमंत्रण पत्र के पिछली ओर मतदान करने की पूरी प्रक्रिया अंकित की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान प्रक्रिया में पांच चरण होते हैं। पहले मतदान के लिए लाइन में खड़ा होना है, उसके बाद मतदान अधिकारी मतदाता सूची में मतदाता के नाम और उसके पहचान के दस्तावेज की जानकारी लेगा। तीसरे चरण में मतदान अधिकारी अंगुली के नाखून पर अमिट नीली स्याही लगाएगा।

# पं जयकिशन की पुण्यतिथि पर 75 ने किया रक्तदान

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपतः दुनिया से जाने के** बाद किसी की याद में किया गया पुनीत सेवा कार्य हमेशा समाज को प्रेरणा देने का काम करता है जिससे अनेको लोगो के जीवन मे एक नई उम्मीद जाग्रत होती है । ऐसा ही पुनीत कार्य पं जयकिशन कंवाली सेवा समिति व माँ भारती रक्तवाहिनी के संयुक्त तत्वाधान में कंवाली गाँव के सरकारी स्कूल में नागरिक अस्पताल से आई रक्तकोष टीम ने 44 डिग्री भयंकर गर्मी के बीच 75 रक्तदाताओं का रक्तदान करवाया । शिविर का आयोजन जिला रेडक्रॉस सोसायटी



सोनीपत के सौजन्य से करवाया गया । संस्था का यह 161वाँ रक्तदान शिविर था । शिविर में अनेको सामाजिक , राजनीतिक व्यक्तियों का दिनभर तातां लगा रहा । सभी ने पूर्व सरपंच कंवाली स्वं पं जयकिशन की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए पुष्प अर्पित किए और उनके सुपुत्र सन्दीप पारासर को पिता की पुण्यतिथि पर किये गए पुनीत कार्य की बधाईया दी । रक्तदान शिविर में जीवन रक्षक फाउंडेशन रोहट , गरीब कल्याण संस्था पिपली , नई द्रष्टि नई सोच , तिरँगा युवा समिति खांडा , साई इंस्टिट्यूट खरखोदा , बजरंग अखाड़ा , एम डी नर्शिंग इंस्टिट्यूट ,गौशाला सिसाना संस्थाओ के प्रतिनिधि सहित प्रतीक शर्मा , पवन खरखोदा , प्रतिम खोखर , विपिन वत्स , रत्न लाल ठेकेदार , वीरेंद्र बडौली , गोल्डी पहलवान आदि ने पहुँच कर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए पं जयकिशन जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की । पं जयकिशन कंवाली सेवा समिति ने सभी रक्तदाताओ को फूलमालाएं डाल कर सम्मानित किया व शिविर में पधारे सभी संस्थाओ व समाज सेवियों का आभार व्यक्त किया । साथ ही माँ भारती रक्तवाहिनी की तरफ से अध्यक्ष विपिन कुमार गौड़ ने बताया कि संस्था के 12 सदस्यों ने पहुच कर रक्तदान शिविर की व्यवस्थाओं को संभाला जिसके लिए कंवाली ग्राम के युवाओं का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ।

# बदमाशों ने घर में घुसकर मां-बेटे पर किया हमला

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिले के गांव** कारसा डोड में हथियारों से लैस बदमाशों ने एक घर में घुसकर परिवार पर हमला बोल दिया। बदमाशों ने मां व बेटे पर हथियारों से कई प्रहार किए गए। गंभीर हालत में दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई, जबकि महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर 10 लोगों पर हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आज शव को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। गांव कारसा डोड निवासी रामेश्वर ने बताया कि उसका 34 वर्षीय बेटा खेती करता था। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी कुछ जगह पडोसी को दे दी थी। इसी खाली जगह पर आकर कुछ युवक बैठने लगे। आरोप है कि युवक उक्त जगह पर दिन रात बैठे रहते हैं और नशा करते हैं। लड़कियां भी लेकर आते हैं। उसके बेटे सुरेंद्र ने पहले भी इन लोगों का बोला था कि यहां पर इस तरह का काम न करें, लेकिन वे नहीं माने। पिछले महीने भी आरोपियों ने दो लडकों को पीटा था, जिसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी और शिकायत देने के लिए भी कहा था, लेकिन शिकायत नहीं दे गई थी। इसके बाद से ही आरोपियों के हौसले बुलंद हो चुके थे। रामेश्वर ने बताया कि 15 मई की रात को ही उनके घर पास बनी एक समाज की चौपाल के



पास रखी पंचायती कुर्सी पर बैठकर आरोपी स्मैक पी रहे थे। इस दौरान मैंने भी आरोपियों को टोका था और घर जाने के लिए बोल दिया था, वे घर भी चले गए थे। एक लडके सुभाष ने वहां पर कमरा लिया हुआ है, वह दूध बेचने का काम करता है। उसने आरोपियों को कॉल किया कि तुम लोग कहां हो, जिन्होंने उसे बताया कि हम तो यहां से जा चुके हैं। आरोपी सुभाष ने गालियां देनी शुरू कर दी, जिससे वहां पर आसपास के लोग भी एकत्रित हो गए। रामेश्वर ने बताया कि हमने इस दौरान आरोपियों को समझाया भी, जिस पर वे वहां से चले गए। इसके बाद रात करीब साढ़े 11 बजे सुरेंद्र खेत से आया। उसने आरोपियों को कहा कि गालियां क्यों दे रहे हो और घर चला गया। इसके बाद सभी युवक घर में घुसकर तेजधार हथियारों व लाठी डंडों से परिवार पर हमला बोल दिया। आरोपियों ने पहले उसके बेटे सुरेंद्र के पेट व छाती में तलवार घोंप दी। इसके बाद जब मेरी पत्नी छुड़वाने के लिए बीच में गई तो उस पर भी हमला बोल दिया। आरोपी मां-बेटे दोनों को अधमरा छोडकर मौके से फरार हो गए। रामेश्वर ने बताया कि शनिवार को इलाज के दौरान उसके बेटे सुरेंद्र की इलाज के दौरान कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। परिजनों ने कल आरोपियों की गिरफ्तारी न होने के कारण शव को उठाने से इनकार कर दिया। आज पुलिस के आश्वासन के बाद परिजन पोस्टमॉर्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर चले गए। रामेश्वर का आरोप है उसके बेटे की हत्या शामिल चार से पांच आरोपी ऐसे हैं, जिनका विदेश से वीजा आया हुआ है और वह विदेश भागने की फिराक में है।

# उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने बाढ़ प्रबंधन का जायजा लेने के लिए किया यमुना का दौरा

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपतः उपायुक्त डॉ मनोज** कुमार ने रविवार सुबह बाढ़ प्रबंधों का जायजा लेने के लिए यमुना नदी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सोनीपत जिला की 41.74 किलोमीटर यमुना के सीमा क्षेत्र में आने वाले सभी 07 घाटों की समय-समय पर जांच करें ताकि बरसाती समय में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। अगर किसी घाट पर कहीं मिट्टी का कटाव दिखाई देता है तो वहां तुरंत स्टड का निर्माण करवाएं। इसके अलावा उन्होंने चेतावनी दी कि यमुना के बहाव से



छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गन्नौर खंड के अंतर्गत बेगा घाट से गांव दहिसरा की सीमा तक का यमुना नदी का क्षेत्र सोनीपत जिला में आता है, जिसकी लंबाई करीब 41.74 किलोमीटर है। इस क्षेत्र का निरीक्षण करने के उद्देश्य से उपायुक्त डॉ मनोज कुमार संबंधित अधिकारियों के साथ बेगा घाट पर पहुंचे।

## संपादकीय

# लू के थपेड़ों से हार जाते हैं जिंदगी की जंग

**बात भले ही** अजीब लगे पर यह सच्चाई है कि लू के थपेड़ों से डेढ़ लाख से अधिक लोग जिंदगी की जंग हार जाते हैं। वैसे तो दुनिया के सभी देश इससे प्रभावित हैं पर भारत, रूस और चीन इससे सर्वाधिक प्रभावित हैं। प्रकृति के अत्यधिक और अंधाधुंध दोहन का परिणाम सामने आने लगे हैं। ऐसा नहीं है कि धरती के बढ़ते तापमान से दुनिया के देश चिंतित ना हो या इससे बेखबर हो पर इसे संतुलित करने के प्रयासों में जो लक्ष्य हासिल किया जाना था वह अभी दूर की कौड़ी सिद्ध हो रहा है। हालात बेहद चिंतनीय और गंभीर है। भारत के साथ-साथ दुनिया के देश अब जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से दो चार होने लगे हैं। बेमौसम बरसात, तेज गर्मी, तेज सर्दी, आए दिन तूफानों का सिलसिला, भू-स्खलन, सुनामी, ग्लेशियरों से बर्फ का तेजी से पिघलना, भूकंपन, जंगलों में आए दिन दावानल और ना जाने क्या-क्या दुष्परिणाम सामने आते जा रहे हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि मौसम के समय व अवधि में भी तेजी से बदलाव होता जा रहा है। कब बरसात आ जाए तो कब तेज गर्मी और कब सर्दी के तेवर तेज या कम हो जाते हैं यह पता ही नहीं चल रहा है। सबसे चिंतनीय बात यह है कि हीटवेव की चपेट में आने से लोगों की मौतों में तेजी से इजाफा होने लगा है। देखा जाए तो यह हीटवेव मौत का कारण बनने लगी है। हीटवेव और उसकी अवधि अब संकट का नया कारण बनती जा रही है। आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में सामने आया है कि भारत के साथ ही चीन और रुस में हीटवेव के कारण सर्वाधिक मौत हो रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के देशों में केवल लू के थपेड़ों की लपेट में आने से एक लाख 54 हजार से अधिक व्यक्ति अपनी जान गंवा देते हैं। प्रति दस लाख में से 236 व्यक्तियों की मौत हीटवेव के कारण हो रही है। रिपोर्ट की मानें तो इनमें से हर पांचवां जान गंवाने वाला व्यक्ति भारतीय है। यह अपने आप में चिंतनीय और गंभीर है। यह अध्ययन भी 43 देशों के 750 स्थानों के तापमान के अध्ययन के आधार पर है। अध्ययन कताओं के अनुसार पिछले 30 सालों में हीटवेव के कारण मौत के आंकड़ें में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। भारतीय मौसम विभाग की मानें तो पूर्वी भारत में 1901 के बाद सर्वाधिक गर्मी इस साल अप्रैल में रिकार्ड की गई है। प. बंगाल में 2015 के बाद अप्रैल में सर्वाधिक लू के थपेड़ों को झेलना पड़ा है। इस तरह के कमोबेस हालात दुनिया के अधिकांश देशों में देखे जा सकते हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि समुद्र का जल स्तर बढ़ता जा रहा है और उसके परिणाम स्वरुप समुद्र के किनारे बसे शहरों का अस्तित्व तक संकट में आने लगा है। दरअसल यह सारी समस्या मानव जनित समस्या है। अधांधुंध शहरीकरण, पेड़-पौधों के जंगलों के जगह लोह कंक्रिट के खड़े होते जंगल, जन संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी और कार्बन उत्सर्जन में लगाम लगाने में विफलता के परिणाम सामने आते जा रहे हैं। जैविक विविधता प्रभावित होती जा रही है। आधुनिकीकरण के नाम पर नित नए प्रयोग होने लगे हैं। जलवायु को प्रभावित करने वाले उत्पादों का उपयोग बेतहासा बढ़ा है। दुर्भाग्यजनक हालात यह है कि जिस उत्पाद को हम आज उपादेय बता रहे हैं एक समय बाद वहीं उत्पाद से होने वाले नुकसान गिनाने लगते हैं।

# सियासी पाराः कायम रहेगा योगी राज



डॉ. सौरभ मालवीय

> लोकसभा चुनाव 2024 पाचवें चरण तक आते आते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 49 दिनों में कुल 111 जनसभाएं सहित 144 जनसभाएं किए है । इसके अलावा योगी अबतक आठ राज्यों में भी चुनाव प्रचार कर चूकें है । मुख्यमंत्री ने 27 मार्च को मथुरा में प्रबुद्ध सम्मेलन कर प्रदेश की चुनावी कमान संभाल ली थी। 27 मार्च से 19 मई तक कुल 50 दिनों में मुख्यमंत्री लगातार चुनाव प्रचार में लगे हुये है। अब तक उन्होने 15 प्रबुद्ध सम्मेलन और 12 रोड सो किया है। योगी की जनसभाओं में अपार भीड़ उनको सुनने के लिए प्रचण्ड गर्मी में भी जुट रही है । इसमें दो मत नहीं है कि योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्रित्व काल में प्रदेश ने लगभग सभी क्षेत्रों में प्रशंसनीय उन्नति की है

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबंध में दिए गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान के पश्चात प्रदेश में सियासी पारा बढ़ गया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने लखनऊ में पुनः दावा किया है कि यदि भारतीय जनता पार्टी केंद्र की सत्ता में आ गई तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हटा दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमित शाह को पीएम बनाने के लिए पिछले डेढ़-दो वर्षों से लगे हुए हैं। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिवराज सिंह चौहान, वसुन्धरा राजे सिंधिया, देवेंद्र फडणवीस, रमन सिंह और मनोहर लाल खट्टर को पहले ही हटा दिया है। अब अमित शाह के प्रधानमंत्री बनने की राह में केवल योगी आदित्यनाथ ही अंतिम कांटा बचे हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले वर्ष 17 सितंबर को जैसे ही 75 वर्ष के हो जाएंगे, वे प्रधानमंत्री पद छोड़कर अमित शाह को प्रधानमंत्री बना देंगे। इसके पश्चात दो से तीन महीने में योगी आदित्यनाथ को हटा दिया जाएगा। अरविंद केजरीवाल के इस बयान की प्रासंगिकता पर चर्चा हो रही है या चर्चा में रहने के लिए यह राजनीतिक जुमला मात्र है। वास्तव में अरविंद केजरीवाल भी जानते हैं कि उनका यह बयान असत्य एवं भ्रामक है। वे इस प्रकार के बयान देकर एक ओर तालियां बटोरना चाहते हैं तो दूसरी ओर फूट डालो और राज करो की नीति अपना रहे हैं। यद्यपि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केजरीवाल को कड़े शब्दों में उत्तर दे दिया है। उन्होंने बांदा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- ह्लकेजरीवाल की बुद्धि जेल जाने के बाद फिर गई है। अन्ना हजारे के सपनों पर पानी फेरने वाले केजरीवाल अब मेरा नाम लेकर बातें कर रहे हैं। अन्ना ने जिस कांग्रेस के खिलाफ आंदोलन किया था, केजरीवाल ने उसे ही अपने गले का हार बना लिया है। जेल जाकर उन्हें पता चल गया है कि अब वह कभी जेल के बाहर नहीं आने वाले हैं। इस बयानबाजी के मध्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकेतों के माध्यम से स्पष्ट कर दिया है कि योगी आदित्यनाथ अपना कार्यकाल पूर्ण करेंगे। उन्होंने कहा - "आने वाले पांच सालों में मोदी-योगी पूर्वांचल की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलने वाले हैं।" सियासी गलियारे में इस बयान को अरविंद केजरीवाल के बयान से जोड़कर देखा जा रहा है। इस प्रकार श्री नरेंद्र मोदी ने केजरीवाल के बयान को भ्रामक एवं असत्य सिद्ध कर दिया है।



इससे पूर्व गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना कार्यकाल पूर्ण करेंगे तथा वर्ष 2029 के पश्चात भी वे भाजपा का नेतृत्व करते रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 75 वर्ष की आयु के पश्चात भी अपने पद पर बने रहेंगे। इस प्रकार अमित शाह ने यह बात स्पष्ट कर दी है कि उनका प्रधानमंत्री बनने का अभी कोई विचार नहीं है। इसके अतिरिक्त पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी स्पष्ट कर चुके हैं कि 75 वर्ष के पश्चात सेवानिवृति वाली बात पार्टी के संविधान में नहीं है। इस प्रकार की बातें केवल दुष्प्रचार के लिए बोली जा रही हैं। इसमें दो मत नहीं कि भाजपा का संगठन अत्यंत सुदृढ़ है। इसलिए अरविंद केजरीवाल की भ्रामक बयानबाजी से पार्टी को कोई हानि नहीं होगी। वास्तव में प्रधानमंत्री भली भांति जानते हैं कि योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में सराहनीय विकास कार्य किए हैं। उनके मुख्यमंत्री काल में प्रदेश ने दिन दोगुनी रात चौगुनी उन्नति की है। प्रदेश की जनता भी उनके विकास एवं जनहित के कार्यों से अति प्रसन्न एवं संतुष्ट है, तभी उसने उन्हें द्वितीय बार भी मुख्यमंत्री चुना। सर्विदित है कि उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जाता है, क्योंकि यही चुनाव आगे के लोकसभा चुनाव की दिशा निर्धारित करता है। इसीलिए उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव योगी आदित्यनाथ के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बना रहता है। अपने उत्कृष्ट कार्यों एवं सुशासन के कारण उन्होंने दो बार भारतीय जनता पार्टी को विजयश्री दिलाई है। भारतीय जनता पार्टी ने भी योगी आदित्यनाथ के कार्यों को सराहा तथा उन्हें प्रदेश की बागडोर सौंप दी।

लोकसभा चुनाव 2024 पाचवें चरण तक आते आते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 49 दिनों में कुल 111 जनसभाएं सहित 144 जनसभाएं किए है । इसके अलावा योगी अबतक आठ राज्यों में भी चुनाव प्रचार कर चूकें है । मुख्यमंत्री ने 27 मार्च को मथुरा में प्रबुद्ध सम्मेलन कर प्रदेश की चुनावी कमान संभाल ली थी। 27 मार्च से 19 मई तक कुल 50 दिनों में मुख्यमंत्री लगातार चुनाव प्रचार में लगे हुये है। अब तक उन्होने 15 प्रबुद्ध सम्मेलन और 12 रोड सो किया है। योगी की जनसभाओं में अपार भीड़ उनको सुनने के लिए प्रचण्ड गर्मी में भी जुट रही है । इसमें दो मत नहीं है कि योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्रित्व काल में प्रदेश ने लगभग सभी क्षेत्रों में प्रशंसनीय उन्नति की है। प्रदेश में कृषि, उद्योग, रोजगार, आवास, परिवहन, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा, सुरक्षा व्यवस्था, संस्कृति, धर्म एवं पर्यावरण आदि क्षेत्रों में सराहनीय कार्य किए गए हैं। मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान दी जा रही है। वृद्धजन, विधवा एवं दिव्यांगजन को पेंशन के रूप में आर्थिक सहायता दी जा रही है। सरकार ने अनाथ बच्चों के भरण-पोषण की भी व्यवस्था की है।

जिन परिवारों में कमाने वाला कोई नहीं है उन्हें भी आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। निर्धन परिवार की लड़कियों एवं दिव्यांगजन के विवाह लिए अनुदान दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त योगी सरकार निराश्रित गौवंश के संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दे रही है। उल्लेखनीय है कि योगी आदित्यनाथ पार्टी के चाल, चरित्र एवं चेहरे के अनुसार प्रदेश में हिंदुत्व की छवि को और सुदृढ़ करने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उनके कार्य इस बात को सिद्ध करते हैं। चाहे प्राचीन नगरों के नाम परिवर्तित करना हो या काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण करना हो। उनके सभी कार्य इसका साक्षात प्रमाण हैं। उनकी देखरेख में अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर राम मंदिर के निर्माण का कार्य चल रहा है। योगी सरकार राज्य के धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों के विकास एवं सौन्दर्यीकरण पर विशेष ध्यान दे रही है। योगी सरकार ने बौद्ध सर्किट में श्रावस्ती, कपिलवस्तु, कुशीनगर तथा रामायण सर्किट में चित्रकूट एवं श्रृंगवेरपुर में पर्यटन सुविधाओं का विकास करवाया है। इसी प्रकार बृज तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद, नैमिषारण्य तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद, विन्ध्य तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद, शुक्र धाम तीर्थ विकास परिषद, चित्रकूट तीर्थ विकास परिषद एवं देवीपाटन तीर्थ विकास परिषद का गठन किया गया, ताकि यहां के विकास कार्य सुचारू रूप से हो सकें सरकार तीर्थ यात्रियों एवं पर्यटकों को अनेक सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। योगी सरकार तीर्थ यात्रियों को कई सुविधाएं प्रदान कर रही है। इसके अंतर्गत कैलाश मानसरोवर के तीर्थ यात्रियों की अनुदान राशि 50 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये प्रति यात्री की गई है। इसी प्रकार सिंधु दर्शन के लिए अनुदान राशि 20 हजार रुपये की गई। योगी सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यथासंभव प्रयास कर रही है। इसके अंतर्गत गोरखपुर के रामगढ़ ताल में वाटर स्पोर्ट्स, पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं चंदौली में देवदारी राजदारी वाटरफॉल का विकास किया गया। स्पिरिचुअल सर्किट के अंतर्गत गोरखपुर, देवीपाटन, डुमरियागंज में पर्यटन सुविधाओं का विकास किया गया। जेवर, दादरी, नोएडा, खुर्जा एवं बांदा में भी पर्यटन सुविधाओं का विकास किया गया। आगरा में शाहजहां पार्क एवं महताब बाग-कछपुरा का कार्य एवं वृन्दावन में बांके बिहारी जी मंदिर क्षेत्र में पर्यटन का विकास किया गया। दुधवा टाइगर रिजर्व एवं पीलीभीत टाइगर रिजर्व स्थलों का विकास किया गया है। सरकार ने महाभारत सर्किट के अंतर्गत महाभारत से संबंधित स्थलों का विकास करवाया है।

## कविता

### मेरी अम्मा

हर दिन जब दूरभाष पर
सादर चरणस्पर्श माते
बोलता हूं,तब स्नेहमयी अम्मा
प्यारा सा आशीर्वाद देती है
जुग जुग जिया बेटा
और खूब बड़ा होय मोर बेटा
मेरी आवाज से ही उसे मेरे
सुख दुख का भान हो जाता है
मुझे सर्दी भी हो जाए तो खासी
परेशान हो जाती है अम्मा
दर्द बुखार हो खुद को तो छुपाती
रहती है अम्मा
कहीं बाहर जा रहा हूं तो
अम्मा की सिखाई चौपाई सदैव
याद रहती है।
प्रवशी नगर की जै सब काजा
भोजन से पहले सोने से पहले
हर कारज का मंत्र या चौपाई
सिखाई है अम्मा ने
जब कभी घोर कष्ट हो तो
मंगल भवन अमंगल हारी
गुनगुनाना अम्मा ने ही बताया है
मेरे व्यक्तित्व में जो भी अच्छाई
वो अम्मा ने ही सिखाई है
मां प्रकृति और गंगा सब मेरी अम्मा जैसी ही हैं।
कलेवा और बियारी बिना अम्मा के परोसे अधूरी
सी रहती हैं
मुझे मैं अपनी अम्मा जैसा ही दिखता हूं ।

डॉ.रामानुज पाठक

# ट्रक में लगी आग हादसा या आपराधिक षड्यंत्र...?

नरेंद्र

**मध्यप्रदेश** सहित भारत के अन्य हिस्सों में आए दिन रुई की गठानों से भरी ट्रक में आग लगने की खबरें देखने पढ़ने को मिल रही है। इन खबरों में अमूमन एक जैसी कहानी सामने आती है, जिसमे ट्रक की किस्त भरने में नाकाम ट्रक मालिक संगठित आपराधिक गिरोह के चक्कर में फर्जी तरीके से बीमा प्राप्त करने की लालच में अपने ही स्वामित्व की ट्रक में आग लगाने की घटना को अंजाम देते है। आगजनी या आपराधिक षड्यंत्र की इन घटनाओं के वक्त इन ट्रकों में अधिकतर रुई की गठानें भरी होना पाया जाता है। संगठित गिरोह ट्रक में आग लगाने से पूर्व उच्च गुणवत्ता की रुई की गठानें ट्रांसपोर्ट के माध्यम से पहले तो ट्रक में लोड करतें है। आग लगाने के अपराध को करने से पूर्व ट्रक में भरी उच्च गुणवत्ता की रुई की गठानों को खाली कर उसके स्थान पर खराब या कम कीमत की रुई की गठानों को ट्रक में लोड किया जाता है। उच्च गुणवत्ता की रुई की गठानों को बेचकर भी अवैध रूप से लाभ अर्जित करने की मंशा होती है।

मध्यप्रदेश सहित भारत के विभिन्न प्रदेशों में अपराधियों का संगठित गिरोह योजनाबद्ध ढंग से रुई की गठानों से भरी ट्रकों में आग लगाने की घटना को अंजाम दे रहा है। पुलिस ने बहुत से मामलों में ट्रांसपोटरो एवं गठान मालिको की शिकायतों पर इस प्रकार के अपराधों का पदार्फास करते हुए अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे भी भेजा है।ट्रक में आग के ऐसे भी मामले है, जिनकी जांच होना चाहिए जो महज आगजनी के रूप में दर्ज हुए जिसमें आपराधिक गिरोह को ट्रक का फर्जी बीमा भी मिल गया। जिसने इन गिरोह की आपराधिक मंशा को अधिक बड़ा दिया है।कुछेक मामलो में संगठित इन गिरोह की पुलिस से निकटता के प्रमाण भी मिले है। संगठित रूप से रुई की गठानों से भरी ट्रक में आग लगाने की यह घटनाएं हमारे समाज में अवैध रूप से लाभ कमाने की लालच में अपराधिक प्रवृत्ति में बढ़ोतरी का कारण बन रही है। पुलिस को चाहिए इस प्रकार के अपराधों से जुड़े गिरोह की मंशा को जगजाहिर करें। आगजनी की जांच कर उसमे आपराधिक षड्यंत्र और धोखाधड़ी की परतों को तलाशे अपराधियों को बेनकाम करें। इस प्रकार का ताजा घटनाक्रम 9 मई 2024 को सिवनी जिले के कुरई थाने का है। जिसकी रिपोर्ट काफी जद्दोजहद के बाद लिखी गई। गठान मालिक की दृढ़ता के बाद आगजनी एफआईआर में तब्दील हो सकी। चालक गोलू उर्फ त्रिलोक राजपूत उम्र 34 वर्ष निवासी बड़वाह ने पुलिस को आगजनी की सूचना देते हुए बताया मैं ट्रक का चालक हूं। ट्रक का मालिक टीपू भैय्या है, जो शहर तराना का रहने वाला है। दिनांक 5 मई 2024 को तेलंगाना के भैसा शहर से काटन फैक्ट्री से 150 नग रूई की गठानें भरकर 6 मई को सुबह 11 बजे मध्यप्रदेश के बुधनी के लिए निकला था। गाड़ी का ब्रेक फेल हो गया। करीब 3 बजे रात में गाड़ी का तीसरी बार ब्रेक फेल हुआ गाड़ी कंडक्टर साइड डीवाईडर से टकराने से गाड़ी में शार्ट सर्किट से आग लग गई। ट्रक में रखी रुई की गठानें, मेरा मोबाइल सब ट्रक में जल गया है।

## विचार

# फूट-कलह ने खींच दी, आँगन में दीवार

डॉ, सत्यवान सौरभ

आज सभी को एक संस्था के रूप में पारिवारिक मूल्यों और परिवार के बारे में सोचने-समझने की बेहद सख्त जरूरत है और साथ ही इन मूल्यों की गिरावट के कारण ढूंढकर उनको दुरुस्त करने की भी जरूरत है। इसके लिए समाज के कर्णधार कवि/लेखकों/गायकों/नायक/नायिकाओं/शिक्षक वर्गों और अन्य सामाजिक कार्यकताओं के साथ-साथ राजनीतिज्ञों को एक संस्था के रूप में परिवार के पतन के निहितार्थ के बारे में भी लिखना और सोचना चाहिए। खुले मंचो से इस बात पर चर्चा होनी चाहिए कि इस गिरावट के कारण क्या है? और इस गिरावट से कैसे उभरा जा सकता है? युवा कवयित्री प्रियंका सौरभ ने इस स्थिति को अपने शब्दों में कहते हुए सही लिखा है कि-

*टूट रहे परिवार हैं, बदल रहे मनभाव।
प्रेम जताते गैर से, अपनों से अलगाव।।
कहाँ प्रेम की डोर अब, कहाँ मिलन का सार।
परिजन ही दुश्मन हुए, छुप-छुप करे प्रहार।।*

परिवार, भारतीय समाज में, अपने आप में एक संस्था है और प्राचीन काल से ही भारत की सामूहिक संस्कृति का एक विशिष्ट प्रतीक है। संयुक्त परिवार प्रणाली या एक विस्तारित परिवार भारतीय संस्कृति की एक महत्वपूर्ण विशेषता रही है, जब तक कि शहरीकरण और पश्चिमी प्रभाव के मिश्रण ने उस संस्था को झटका देना शुरू नहीं किया। परिवार एक बुनियादी और महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था है जिसकी व्यक्तिगत और साथ ही सामूहिक नैतिकता को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका है। परिवार सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों का पोषण और संरक्षण करता है।

यह कानून का पालन करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहन देकर समाज को स्थिरता प्रदान करता है। यह व्यक्ति में सामूहिक चेतना के निर्माण में मदद करता है। परिवार प्रणाली एक एकल, शक्तिशाली किस्में है जो सदियों से है, और विविधता के साथ समृद्ध, सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करती है समाजीकरण में यह भावनात्मक संबंध का प्रमुख स्रोत है, समाजीकरण और नैतिकता को आकार देने के तरीके से सही और गलत की भावना उत्पन्न करता है। बच्चों को उनके माता-पिता, उनके साथियों और उनके समाज के "सामाजिक सम्मेलनों" के अनुसार नैतिक निर्णय लेने के रूप में देखा जाता है। यह व्यक्तिगत चरित्र को मजबूत करता है। यह आदत बनाने का पहला स्रोत है जैसे अनुशासन, सम्मान, आज्ञाकारिता आदि। नैतिक मजबूती के साथ-साथ यह व्यक्ति के परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों को बिना किसी हिचकिचाहट के कठिन समय में भरोसा करने के लिए लचीलापन प्रदान करता है। यह कठिनाइयों से निपटने के लिए अनैतिक साधनों के उपयोग से बचाता है। परिवार लोगों को सांसारिक समस्याओं के प्रति स्त्री के दृष्टिकोण को विकसित करने में मदद करता है। मगर वर्तमान दौर में हम संस्था के रूप में परिवार में गिरावट का कटु अनुभव झेल रहे है।

*घर-घर में मनभेद है, बचा नहीं अब प्यार।
फूट-कलह ने खींच दी, हर आँगन दीवार।।
स्नेह और आशीष में, बैठ गई है रार।
अरमानों के बाग में, भरा जलन का खार।।*

गिरावट के प्रतीक के रूप में आज परिवार खंडित हो रहा है, वैवाहिक सम्बन्ध टूटने, आपसे भाईचारे में दुश्मनी एवं हर तरह के रिश्तों में कानूनी और सामाजिक झगड़ों में वृद्धि हुई है। आज सामूहिकता पर व्यक्तिवाद हावी हो गया है। इसके कारण भैतिक उन्मुख, प्रतिस्पर्धी और अत्यधिक आकांक्षा वाली पीढ़ी तथाकथित जटिल पारिवारिक संरचनाओं से संयम खो रही है। जिस तरह व्यक्तिवाद ने अधिकारों और विकल्पों की स्वतंत्रता का दावा किया है। उसने पीढ़ियों को केवल भौतिक समृद्धि के परिप्रेक्ष्य में जीवन में उपलब्धि की भावना देखने के लिए मजबूर कर दिया है। वर्तमान स्थिति में भड़काऊ रवैया परिवारों के बिखरने का प्रमुख कारण है। परिवार के अन्य सदस्यों को उच्च आय और कम जिम्मेदारी ने विस्तारित परिवारों को विभाजित किया है। उच्च तलाक की दर निसंदेह सामाजिक रिश्तों को निगल रही है। विवाह के टूटने का प्रमुख कारण एकल रवैये, व्यवहार और समझौता किए गए मूल्यों में प्रौद्योगिकी काला धब्बा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादकः राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# गुलदस्त-ए-हिन्द में फलती फूलती ' विष बेल '

तनवीर जाफरी

**भारतीय** लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व यानी लोकसभा का आम चुनाव अपने समापन की ओर अग्रसर है। देश के चुनावी इतिहास में 2024 का चुनाव हमेशा याद रखा जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनके सहयोगी नेताओं ने गोदी मीडिया की जुगलबंदी से इस बार चुनाव प्रचार में जितना जहर घोलने व झूठ पर झूठ बोलने का कीर्तिमान स्थापित करने की कोशिश की गयी वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। भारतीय जनता पार्टी ने वैसे तो पिछले दस वर्षों से अपनी सत्ता की पूरी ताकत इसी में लगा रखी है कि किस तरह अपने विरोधियों को टुकड़े टुकड़े गैंग का नाम दिया जाये,उन्हें पाकिस्तानी बताया जाये ,देश विरोधी व सेना विरोधी बताया जाये ,भ्रष्ट व निकम्मा बताया जाये ,मुस्लिम परस्त व तुष्टीकरण का पैरोकार साबित किया जाये,पिछले सभी शासन व पूर्व प्रधानमंत्रियों को निकम्मा बताया जाये। और साथ ही स्वयं को 'दैवीय शक्ति ' का स्वामी होने के साथ 'अवतरित' होने वाला एक ऐसा महापुरुष जिसे पहले तो गंगा ने केवल बुलाया था परन्तु अब तो 'गोद ' भी ले लिया है। चुनावी बेला में सत्ता पर कब्जा बरकरार रखने के लिये और अपने विरोधियों को नीचा दिखाने व बदनाम करने के लिये प्रधानमंत्री स्तर पर जिस तरह के जहरीले बोल इन दिनों बोले जा रहे हैं ऐसी बातों की कभी कल्पना भी नहीं की गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के चुनावी दौरे पर सभाओं में फिर कहा है कि - "कांग्रेस व समाजवादी पार्टी अगर सत्ता में आई तो यह लोग रामलला को टेंट में भेज कर मंदिर में बुल्डोजर चलवा देंगे। कांग्रेस ने तो राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने की तैयारी भी कर ली है। उन्होंने कहा कि इनके लिए तो उनका परिवार और पावर यही उनका खेल है। सपा, कांग्रेस की राम से इतनी दुश्मनी है कि उन्होंने रामलला का प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया"। प्रधानमंत्री मोदी के उपरोक्त आरोपों से दो अहम सवाल सिर्फ मोदी से ही पूछे जाने चाहिये।

एक तो यह कि प्रधानमंत्री जैसे सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति की इस सूचना का आखिर क्या स्रोत है कि -'सपा-कांग्रेस वाले सरकार में आए तो राम मंदिर पर बुलडोजर चलवा देंगे'?

# डिब्बे से स्मार्ट तक

डॉ. सुरेश कुमार

**आह, टेलीविजन** का सुनहरा युग। जरा सोचिएः एक परिवार एक बड़े बॉक्स के चारों ओर जमा है, उसका लकड़ी का फ्रेम लिविंग रूम में एक स्टेटमेंट पीस है। पुराना टीवी, जिसे प्यार से डिब्बे वाला टीवा, अरे वही सीआरटी (कैथोड रे ट्यूब) कहा जाता था, अपने समय का एक चमत्कार था। आज के समय में, हमारे पास पतले, कागज की तरह हल्के एलईडी टीवी हैं, जो दीवारों पर डिजिटल मास्टरपीस की तरह सजे हुए हैं। टेलीविजन प्रौद्योगिकी का विकास केवल नवाचार की कहानी नहीं है, बल्कि यह धुंधली छवियों से लेकर उच्च-परिभाषा स्पष्टता तक की एक हास्यप्रद यात्रा है।

सीआरटी का युगः उपकरण कम, फर्नीचर अधिक

वो दिन याद हैं जब टीवी केवल एक स्क्रीन नहीं था? यह फर्नीचर का एक टुकड़ा था, अक्सर इसके लिए एक विशेष स्टैंड की आवश्यकता होती थी या, अत्यधिक मामलों में, एक समर्पित कमरा। सीआरटी टीवी एक दैत्य था, जिसका वजन एक छोटी कार बैटरी जितना था और आपके रहने की जगह का एक चौथाई हिस्सा लेता था। इसे एक जगह से दूसरी जगह ले जाना एक विशाल कार्य था, जिसमें कम से कम तीन लोगों और बहुत सारी कोशिशों की आवश्यकता होती थी।

सीआरटी की चित्र गुणवत्ता कुछ अद्भुत थी– अगर आप इसे स्थैतिक और बर्फ के बीच देख पाते। एंटेना को समायोजित (वही छत पर जाकर लंगूरों की तरह इधर-उधर) करना अपने आप में एक कला थी। एक गलत कदम और आपका पसंदीदा शो काले और सफेद बिंदुओं की बौछार में बदल सकता था। और उन नॉब कंट्रोल्स को भूलना नहीं चाहिए। हां, नॉब्स। चैनल बदलना एक कसरत था, जिसमें एक मजबूत मोड़ और सीमित चयन के माध्यम से धैर्यपूर्वक चक्रण करना शामिल था।

एलईडी टीवीः पतले, स्टाइलिश और सुपर स्मार्ट

आधुनिक युग में एलईडी टीवी के साथ प्रवेश करें। ये पतले, हल्के उपकरण इलेक्ट्रॉनिक्स सेट करने की बजाय एक पेंटिंग को लटकाने के समान हैं।

## न्यूज फ्लैश

### शेखपुरा गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से एसएमएस की 15 बैटरी व दो पंखे चोरी, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। राजकीय वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय शेखपुरा में कंप्यूटर लैब का ताला तोड़कर अज्ञात चोर एसएमएफ की 15 बैटरी व 2 पंखे चोरी कर ले गए। चोरी की सूचना स्कूल में कार्यरत सेवादार ने प्रधानाचार्य को दी। प्रधानाचार्य ने गन्नौर थाना पुलिस में चोरी का मामला दर्ज करवाया। पुलिस को दी शिकायत में प्रधानाचार्य ने बताया 16 में को स्कूल में कार्यरत सेवादार ने बताया कि उन्होंने स्कूल में आकर देखा तो वे जब स्कूल में आए तो कंप्यूटर लैब का ताला टूटा हुआ था। जांच करने पर पता चला कि एसएम एफ की 15 बैटरी व दो पंखे चोरी हो गए हैं। चोरी की शिकायत स्कूल के प्रधानाचार्य ने गन्नौर थाना पुलिस को देने के साथ खंड शिक्षा अधिकारी को भी दी। शिकायत के बाद पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### करनाल लोकसभा का चुनाव परिणाम चौंकाने वाला आयेगा: देवेन्द्र कादियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**जेजेपी प्रत्याशी देवेन्द्र कादियान** ने कहा कि करनाल लोकसभा क्षेत्र के चुनाव परिणाम चौंकाने वाले होंगे। भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल भारी गलतफहमी में है कि वे चुनाव जीत रहे हैं। क्योंकि सरकार का गुप्तचर विभाग उन्हें खुश करने के लिए गलत रिपोर्ट दे रहे हैं। देवेन्द्र कादियान अपने चुनाव कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक लेने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। चुनाव प्रचार के दौरान लोगों से मिल रहे जनसमर्थन से बेहद उत्साहित जेजेपी प्रत्याशी देवेन्द्र कादियान ने कहा कि इस बार मतदाता अपने पराये की पहचान करके जब वोट डालने जायेगा तो उन्हें आपका भाई देवेन्द्र कादियान खड़ा पायेगा। लोगों से इतना प्यार मिला है अब चाहे मैं सांसद बनूं या नहीं लेकिन आने वाले सांसद को गांव की चौपाल में जा कर वोट मांगनी पड़ेगी। चिलचिलाती धुपहरी में चुनाव प्रचार करने में दिक्कत आ रही है इसके जवाब में कादियान ने कहा कि हम तो किसान परिवार से हैं हमें तो धूप में खेत में काम करने की आदत है धूप से परेशानी तो भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशियों को आयेंगी। जेजेपी प्रत्याशी देवेन्द्र कादियान ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अगर साढ़े 9 साल अगर जनता के काम किए होते तो आज पसीना नहीं बहाना पड़ता। इससे पहले जेजेपी प्रत्याशी देवेन्द्र कादियान ने 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने पार्टी के बूथ योद्धाओं को कहा कि बूथ पर मजबूती से डटे रहो। सिर्फ चार दिन मिल कर जोटा मार दो हम चुनाव जीत रहे हैं।

### ~~धर्म प्रेमी श्री परमात्मा कुंवर सिंह परिवार सहित मुख्य यजमान के रूप~~



**सोनीपत: सोनीपत मोहिनी एकादशी** के अवसर पर उपस्थित धर्म प्रेमी श्री परमात्मा कुंवर सिंह परिवार सहित मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए। यज्ञ के ब्रह्मा के रूप में आचार्य सत्य प्रकाश शास्त्री ने मंत्रोचारण द्वारा यज्ञ में आहुति डलवाई। इस अवसर पर समाज सेवी संदीप बत्रा के परिवार की तरफ से कार्यक्रम में शामिल हुए। दहिया परिवार के बच्चे का जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के साथ साथ अन्य लोगों का भी आभार प्रकट किया

### वोटर इन क्यू एप से पता चलेगी मतदान केंद्रों पर लगी भीड़ का अंदाजाझजिला निर्वाचन अधिकारी वीरेंद्र कुमार दहिया

**पानीपत, कमाल हुसैन**

**जिला निर्वाचन अधिकारी** एवं उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव के मतदान प्रतिशत की तुलना में इस बार 2024 के लोकसभा चुनावों में 75 प्रतिशत तक से पहुंचाने का लक्ष्य लेकर प्रयास किया जा रहा है। इसको लेकर जिला भर में स्वीप गतिविधियां चलाई जा रही है। लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने को लेकर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अधिकारियों की भी ट्रेनिंग का कार्य पूरा हो चुका है। अधिकारियों को भी वोट प्रतिशत बढ़ाने व लोगों को और अधिक जागरूक करने को लेकर प्रशिक्षण भी दिया गया है। वोट के प्रति युवाओं में विशेष उत्साह दिखाई

# पूरे देश से आ रही अबकी बार 400 पार की आवाज : नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। प्रदेश के मुख्यमंत्री** एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव देश की सबसे बड़ी पंचायत का चुनाव है। दुनिया में भारत की भूमिका क्या होगी यह उसका चुनाव है। वे आज यह संकल्प लेने आए हैं कि लोग एक.एक वोट राष्ट्रहित में करें जो देश की नई दिशा और दशा तय करे। यह देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में फलता फूलता रहे यह अपील लेकर आए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को करनाल में अनमोल गार्डन में युवा मोर्चा सम्मेलन, नहरपार दुष्यंत गैस ऐजेंसी के पास राकेश तोमर, सेक्टर-4 गोपी वाली गामड़ी में सुभाष कश्यप व सदर बाजार में अमृतलाल जोशी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल और विधानसभा उप चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले विपक्ष के लोग वोट ले जाते थे और फिर दिखाई नहीं देते थे। जनता का शोषण करते थे। पहली बार नरेंद्र मोदी ने जो कहा वो तो पूरा किया ही और जो नहीं कहा वो भी धरातल पर उतारने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पूरे देश से अबकी बार 400 पार की आवाज आ रही है। देश की जनता 400 पार के नारे को साकार करके नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का काम करेगी। जब जनता यह बात बोलती है कि नरेंद्र मोदी अबकी बार 400 पार हैं तो घमंडियां गठबंधन का पेट खराब हो जाता है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जैसे नेताओं के पास करने और कहने को कुछ नहीं है। कांग्रेस ने 60 सालों तक देश पर राज किया लेकिन कुछ नहीं कर पाए और अब भी उन्हें कहना पड़ रहा है कि यह काम करेंगे, वो काम करेंगे। कांग्रेस की गारंटी पर जनता को विश्वास नहीं है। यदि विश्वास किसी की गारंटी पर है तो वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर है। जनता 25 मई का इंतजार कर रही है और जब 4 जून आएगा तो कांग्रेस का सुपड़ा साफ हो जाएगा।

सीएम ने कहा कि कांग्रेस सोच रही है कि झूठ बोलकर वोट ले लें। कांग्रेस ने इस बात को मान लिया है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन रहे हैं। वे कोशिश कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी 400 पार न जा पाएं, लेकिन देश ने तय कर लिया है कि 25 मई को वोटिंग होगी और जब 4 जून आएगा तो ये देश नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का काम करेगा। विपक्ष झूठ बोलकर लोगों का वोट लेना चाहता है।

## मोहिनी एकादशी पर हुई भगवान विष्णु के मोहिनी रूप की पूजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। शहर के श्री** खाटू श्याम मंदिर में मोहिनी एकादशी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से सजाया और महकाया गया, वहीं एकादशी पर श्रद्धालुओं ने श्री खाटू श्याम मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की।

मोहिनी एकादशी के उपलक्ष्य में मंदिर में कीर्तन का आयोजन किया गया। सुबह से लेकर प्रभु इच्छा तक श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा का गुणगान किया। कीर्तन के दौरान हुए गुणगान के माध्यम से श्रद्धालुओं को मोहिनी एकादशी महत्व बताया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर कीर्तन का आनंद उठाया। मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर के मुख्य सेवक देसराज गुप्ता ने बताया कि समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश से राक्षसों का ध्यान भटकाने के लिए भगवान विष्णु ने मोहिनी नामक अप्सरा का रूप धरा था। इसके बाद सभी देवताओं ने विष्णु जी की सहायता से अमृत का सेवन किया। यह व्रत सब प्रकार के दुखों का निवारण करने वाला, सब पापों को हरने वाला व्रतों में उत्तम व्रत है। त्रेता युग में महर्षि वशिष्ठ के कहने पर श्री राम ने भी इस व्रत को किया था। इसलिए इस दिन भगवान विष्णु के अवतार प्रभु श्री राम एवं विष्णुजी के मोहिनी स्वरूप का पूजन-अर्चन किया जाता है। इस दिन व्रत रखने से सभी पाप कर्म मिट जाते हैं।

देसराज गुप्ता ने कहा कि प्रभु ने हमें मनुष्य के रूप में सुंदर जीवन दिया है।

## महिला विकास पर है मोदी सरकार का फोकस: जेपी नड्डा

**फरीदाबाद:** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को जो स्थान दिया है और उनकी नेतृत्व क्षमता को जिस प्रकार से आगे बढ़ाया है, ये देश की राजनीति में अद्वितीय है। उनका फोकस महिला नेतृत्व विकास पर है। वे रविवार को फरीदाबाद में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण ही नहीं, महिलाओं के माध्यम से विकास हो, वो विकास का इंजन बन सकें, विकास में अपना योगदान दे सकें, इसके लिए प्रधानमंत्री ने प्रेरित किया।

## राशन के कोटे को बढ़ाकर 10 किलो करेगी कांग्रेस: हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**



**गन्नौर/राई: पूर्व मुख्यमंत्री और** नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि कांग्रेस सरकार बनने पर गरीबों को मिलने वाले राशन के कोटे को बढ़ा कर 10 किलो किया जाएगा। हुड्डा ने बताया कि देश में कोई भूखा ना रहे, इसलिए कांग्रेस सरकार के दौरान राइट टू फूड का कानून लागू किया गया था। इसके के तहत गरीबों को 2-3-4 रुपये किलो के रेट पर सस्ता राशन, दाल, चीनी, तेल बांटा जाता था। बीजेपी ने सत्ता में आने के बाद इस योजना में कटौती करके गरीबों को 5 किलो राशन तक सीमित कर दिया। लेकिन कांग्रेस दोबारा सत्ता में आएगी तो इस कोटे मे बढ़ोत्तरी की जाएगी। हुड्डा आज सोनीपत से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी के लिए गन्नौर और राई हल्के में वोट मांगने पहुंचे थे। गांव में पहुंचने पर गांव के प्रधान मंजीत आंतिल व कांग्रेस नेता सुरेश त्यागी ने बड़ी फूल मालाओं से स्वागत किया। मंच संचालन कांग्रेस नेता सुरेंद्र छिक्कारा व कुलबीर सरोहा ने किया। हुड्डा ने कहा कि सोनीपत लोकसभा के विकास और संविधान की रक्षा के लिए सतपाल बह्मचारी जैसे कर्मठ और ईमानदार व्यक्तियों की बड़ी जीत जरूरी है। अपने संबोधन में भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि कांग्रेस अपने 5 न्याय और 25 गारंटियों के जरिए किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी, महिला, दलित, पिछड़े समेत हर वर्ग के कल्याण का वादा कर रही है। कांग्रेस सरकार बनने पर महिलाओं को एक लाख सालाना यानी साढ़े आठ हजार रुपए हर महीने आर्थिक सहायता दी जाएगी। गरीब, दलित और पिछड़े परिवारों को 100 गज के मुफ्त प्लॉट देने की योजना फिर शुरू की जाएगी। साथ ही केंद्र में 30 लाख और हरियाणा में 2 लाख से ज्यादा पक्की नौकरियां दी जाएंगी। पेपर लीक और भर्ती माफिया का खात्मा करके योग्यता अनुसार तय समय पर सारी भर्तियां होंगी। कांग्रेस किसानों के लिए एमएसपी की गारंटी और कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम लागू करेगी।

## दिलबाग सिंह हिंदी प्राध्यापक गौशाला में बीमार गौमाताओं की सेवा करते हैं



**सोनीपत:** दिलबाग सिंह हिंदी प्राध्यापक, पूर्ण सिंह अंग्रेजी प्रवक्ता ,संजय कुमार गणित प्रवक्ता सुबह-सुबह 5:00 बजे सोनीपत रेलवे स्टेशन प्लेट फॉर्म नंबर दो पर पानी की प्याऊ की सफाई करते हैं फिर यात्रियों को फ्री में जल पिलाते , बोतल भरते ,रेल में भी जल पिलाते हैं यह कार्य प्रातः एक घंटा करते हैं इसके बाद जटवाड़ा की शाखा कामी रोड पर स्थित गौशाला में जाकर बीमार गौमाताओ के बाडे में से शाम का चारा निकालना ,गोबर उठाना, पानी पिलाना ,झाड़ू लगाना, खुरा फेरना ,चारा डालना आदि कार्य करते हैं। दिलबाग सिंह ने बताया कि जो गौभक्त सेवा करने के लिए आते हैं। उनसे बहुत ही सहज व सरल भाव से बात करते हैं जिससे कि ज्यादा से ज्यादा को गौभक्त गौ माता की सेवा कर सकें ' पूर्ण सिंह प्रवक्ता ने बताया कि गौमाताओ की सेवा करने से असाध्याय रोग भी ठीक हो जाते हैं ' संजय जी का कहना है की सेवा करने से मन बहुत खुश होता है।

## विकलांगो के अंगों का नाप व की गई सम्पूर्ण स्वास्थ्य जांच

**टीम एक्शन इंडिया**



**सोनीपत: सोनीपत की अग्रणी** समाज सेवी संस्था सेफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा कृत्रिम अंग नाप शिविर व सम्पूर्ण स्वास्थ्य जांच कैम्प मे 55 विकलांगो के अंगों के नाप लिए गए और 60 मरीजों के स्वास्थ्य की मुफ्त मे जांच की गई, संस्था के चेयरमैन वाई के त्यागी व प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि सोनीपत मे पहली बार विकलांगो के कृत्रिम अंगों का नाप शिविर हिसार की संस्था लाला देवी चंद ग्रोवर निशुल्क कृत्रिम अंग निर्माणशाला के सहयोग से यह कैंप लगाया गया जिसमे 8 मरीजों के कृत्रिम हाथ व 33 मरीजों का कृत्रिम पैर का व 14 मरीजों का लोवर बॉडी का नाप लिया गया, उन्होंने बताया कि यह अंग लगभग 20 दिन बाद विकलांगो को निशुल्क दिए जायेंगे,4 मरीजों को बैशाखी दी जाएगी, हिसार टीम से डॉक्टर रामफल, डॉक्टर प्रदीप, डॉक्टर विक्रम व डॉक्टर रामकिशन ने यह नाप लिए, संस्था की महिला प्रधान शालू त्यागी ने बताया कि संजोग हस्पताल के सहयोग से सम्पूर्ण स्वास्थ्य जांच कैम्प लगाया गया जिसमे हस्पताल के जी एम भारत दुआ, आँखों की डॉक्टर रिया, जनरल फिजिशियन व एम डी डॉक्टर दीपक, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पूनम, डॉक्टर एजाज, सरकारी हस्पताल के त्वचा रोग विशेषयज्ञ डॉक्टर राजेश सिंगल, फैमिली डेंटल क्लिनिक के डॉक्टर इरफान तथा वर्मा लैब द्वारा मुफ्त मे ब्लड जांच की गई जिसमे लगभग 60 मरीजों की जाँच की गई व तीन दिन की दवाई मुफ्त मे दी गई

व सोनू कालरा द्वारा बांटी गई , इस कैंप मे उप प्रधान प्रवीण वर्मा, निदेशक एडवोकेट अरविन्द मित्तल,निदेशक संजय वर्मा, निदेशक दिनेश कुच्छल, निदेशक मनीष बंसल, अविनाश सेठी, बलराज वशिष्ठ,आकाश त्यागी, अमित सिंगला, आशीष शर्मा, अनिल गुप्ता, पार्षद अतुल जैन, पार्षद सुरेंद्र मदान, संजय बेनीवाल, अकांक्षा ने सेवा दी।

## सचिन पायलट ने दिव्यांशु बुद्धिराजा के लिए मांगा समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**हरियाणा में लोकसभा** चुनाव का प्रचार अब अंतिम चरण में है। कांग्रेस द्वारा आज बड़े स्टार प्रचारकों को मैदान में उतार दिया गया है। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट आज करनाल से कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा के समर्थन में बापौली अनाज मंडी में एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया। सचिन पायलट ने कहा कि यह चुनाव अब निर्णायक चुनाव होने जा रहा है। देश के आने वाले 5 सालों की तकदीर को यह निर्धारित करेगा। दिल्ली में 10 साल से भाजपा की सरकार है और हरियाणा में भी 10 सालों से भाजपा सत्ता सीट है। यह सरकारें भी जनता द्वारा ही चुनी गई, लेकिन जनता ने महंगाई, बेरोजगारी रोकने, काला धन वापस लाने के जुमले सुनकर उन्हें चुना था, लेकिन अब सरकार हर मोर्चे पर विफल नजर आ रही है।

## महिलाएं महिला विरोधी भाजपा को करारी शिकस्त देंगी: पायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा( कुलदीप सिंह )**



**लोकसभा चुनावों** में महिला विरोधी भाजपा को करारी शिकस्त देंगी महिलाएं अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति झूठ और नफरत की राजनीति को हराने के लिए चला रही जन अभियान हरियाणा में महिलाएं लोकसभा चुनावों में महिला विरोधी भाजपा को करारी शिकस्त देंगी। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की जिला सचिव पायल ने कहा कि लोकसभा चुनावों की प्रक्रिया चली हुई है। हरियाणा में 25 मई को मतदान होना है। महिलाओं को मतदान का अधिकार बहुत संघर्षों से हासिल हुआ है। ऐसे में महिलाएं बहुत सोच-समझकर कर मतदान करेंगी। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल के भाजपा राज ने महंगाई, बेरोजगारी, असुरक्षा, गैर बराबरी और समाज में नफरत चरम पर पंहुचा दी है। बड़े-बड़े पूंजीपतियों की संपत्ति कई गुना बढ़ गई है जबकि गरीबों को दो वक्त की रोटी जुटाना मुश्किल हो गया है। हर साल 2 करोड़ रोजगार का वादा करके सत्ता में आई भाजपा सरकार में 14 करोड़ रोजगार छीन गए हैं। बेरोजगार होने वालों में बड़ी संख्या महिलाओं की है। खाने-पीने की चीजों और सिलेंडर के दाम इतने ज्यादा बढ़ गए हैं कि महिलाओं के लिए घर चलना मुश्किल हो गया है। सरकारी पदों पर मामुली तनख्वाह पर कच्ची भर्तियां की जा रही हैं। तनख्वाह भी कई-कई महीनों तक नहीं मिलती है। शिक्षा व स्वास्थ्य के सरकारी ढांचे को खत्म करके निजीकरण किया जा रहा है। भाजपा लोगों का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने के लिए झूठ और नफरत का सहारा ले रही है तथा जाति व धर्म के आधार पर लोगों को बांट रही है। भाजपा द्वारा बेटी बचाओ के नारे लगाए जा रहे हैं लेकिन गुंडों व अपराधियों को बचाया जा रहा है। यौन हिंसा आरोपी बृजभूषण शरण के बेटे को भाजपा ने टिकट दिया है, जबकि अदालत में भाजपा सांसद बृजभूषण शरण के खिलाफ आरोप तय हो गए हैं। कर्नाटक में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 3000 महिलाओं के साथ यौन हिंसा करने के आरोपों पर उज्जवल रेवन्ना के लिए वोट मांगे हैं। कुलदीप सिंह सेंगर,मंत्री संदीप सिंह, स्वामी चिन्मयानंद, बिलकिस बानो, हाथरस, बीएचयू , कठुआ आदि मामलों के अनेकों अपराधियों को भाजपा द्वारा बचाया गया है। भाजपा सरकार के इसी महिला विरोधी चेहरे को बेनकाब करने के लिए अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति जनता के बीच में अभियान चला रही है। भाजपा हटाओ, देश बचाओ के नारे के साथ गांवों व कालोनियों में बैठकें व पर्चा वितरण का काम किया जा रहा है।

## जेल में जाने वाला परिस्थितियों का मारा होता है : बैसला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। तिहाड़ सहित देश** की कई जेलों के कैदियों को आत्मनिर्भर बनाने वाली संस्था आर्ट क्रिएशन कल्चरल सोसायटी के हरियाणा के प्रांत कार्यालय का आज करनाल में शुभारंभ हुआ। यह संस्था नौ राज्यों में काम कर रही है। करनाल में भी यह सोसायटी करनाल के जिला कारागार में कैदियों के लिए काम करने की योजना बना रही है।

आज पाल नगर में इस संस्था के कार्यालय का उद्घाटन प्रदेशाध्यक्ष बीरभान सिंह के पिता सुभाष चंद ने किया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश बैसला ने बताया कि उन्होंने इस संस्था की शुरूआत आज से अठारह साल पहले दिल्ली से की थी। वह मुम्बई में मायानगरी में फिल्मों के प्रोडेक्शन हाउस में काम करते थे। उनकी पत्नी ममता बैसला लेखन का काम करती थी। उन्होंने कैदियों पर दो पुस्तकें लिखी हैं। उन्होंने सबसे पहले तिहाड़ जेल में कैदियों को मुख्यधारा में शामिल करने के लिए उनमें छिपी प्रतिभा को विकसित करने का काम किया।

उन्होंने कहा कि जेल में जाने वाला हर आदमी बुरा नहीं होता है। कई बार परिस्थितयों का मारा भी जेल जाता है। जेल से लौटने के बाद समाज उसे अपनाता नहीं हैं। उन्होंने कई ऐसे कैदी देखे, जो बहुत कम बाहर रहे। लेकिन उन्होंने जब उनको प्रशिक्षण दिया तो वह नहीं लौटे। कई कैदी समाज में रहकर चालीस हजार से चार लाख रुपए कमा रहे हैं। बैसला ने तिहाड़ जेल में कैदियों के लिए तिहाड़ के आइडल के नाम से शो किया, जो दूरदर्शन पर प्रसारित हुआ। उन्होंने कैदियों के लिए रेडियो स्टेशन शुरू किया। उनकी संस्था ने तिहाड़ जेल के कैदियों को कलाकर और योग टीचर बनाया। कई कैदी सजा पूरी करने के बाद पांच सितारा होटलों में रिफार्म बैंड की टीम में काम कर रहे हैं। कई कैदी अब फिल्म लाइन में हैं। एक कैदी साजिद या चोपड़ा की टीम में काम कर रहा है। उन्होंने लगभग पंद्रह सौ कैदियों का जीवन बदल दिया। आज वह अपना कारोबार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था की गूंज पूरे संसार में हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश में भी काम किया। उन्होंने जजों के लिए तनाव मुक्त करने के लिए योग और मैडीटेशन कार्यक्रम किया। अब वह हरियाणा में काम करने की योजना बना रहे हैं। हरियाणा में मास्टर ट्रेनिंग अभियान की शुरूआत करेंगे। उन्हें पैरा मिलट्री फोर्स में भी काम करने का निमंत्रण मिला हैं। वहां पर सिपाहियों की आत्म हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं। इसके लिए उन्होंने हरियाणा को चुना है। वह अब जल्द हिमाचल प्रदेश में भी कार्यालय खोलने की योजना बना रहे हैं। इस अवसर पर ममता बैसला, जनरल सैकेट्री रचना जैन, हरियाणा के इंचार्ज बीरभान, हिमाचल प्रदेश के इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार सहित संस्था के सदस्य उपस्थित रहे।

## सात दिवसीय भागवत कथा के समापन पर हुआ हवन यज्ञ व भंडारा

**टीम एक्शन इंडिया**



**गन्नौर:** बसंत विहार में श्री बांकेबिहारी श्री जी सेवा मंडल द्वारा आयोजित बसंत विहार में पुष्प वर्ल्ड स्कूल के निकट चल रही श्रीमद्भागवत कथा का हवन यज्ञ के साथ समापन हुआ। समापन पर कथावाचक सुधाकर महाराज व मंडल के अध्यक्ष संजय गौतम, संरक्षक प्रवीन सिंघल, सचिव राजेश चौहान, कोषाध्यक्ष राजीव राय, उपाध्यक्ष प्रवेश मदान, संदीप सोनी, कमल शर्मा के अलावा कथा के शुभारंभ से पूर्व कलश यात्रा में भाग लेने वाली सैकड़ों महिलाओं ने भी आहुति डाली। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंडल के सदस्यों ने कार्यक्रम में पहुंची समाजसेविका प्रोमिला धनखड़ को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। सुधाकर महाराज ने संस्था के सदस्यों द्वारा हल साल करवाई जा रही भागवत कथा ज्ञान की सराहना की।

# काश सिसोदिया यहां होते, तो..' मालीवाल का छलका दर्द

● अगर आप नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, जो दिल्ली एक्साइज पुलिस मामले में जेल में हैं, यहां होते तो "शायद मेरे लिए चीजें इतनी बुरी नहीं होतीं

**दुख छलका**

**किसी दौर में हम सब निर्भया को इंसाफ दिलाने के लिए सड़क पर निकलते थे: मालीवाल**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आप नेता और राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने एक बार फिर आम आदमी पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने आप पर उसके साथ मारपीट करने के आरोपी बिभव कुमार को बचाने का आरोप लगाए हैं। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम हाउस के सीसीटीवी फुटेज भी गायब कर दिए हैं। मालीवाल ने मनीष सिसोदिया के साथ निर्भया कांड को भी याद किया। रविवार को राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि किसी दौर में हम सब निर्भया को इंसाफ दिलाने के लिए सड़क पर निकलते थे, आज 12 साल बाद सड़क पर निकले हैं एक ऐसे आरोपी को बचाने के लिए जिसने सीसीटीवी फुटेज गायब किए और फोन फॉर्मेट किया है। काश इतना जोर मनीष सिसोदिया के लिए लगाया होता। वो यहां होते तो शायद मेरे साथ इतना बुरा नहीं होता। मालीवाल ने कहा कि अगर आप नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, जो दिल्ली एक्साइज पुलिस मामले में जेल में हैं, यहां होते तो "शायद मेरे लिए चीजें इतनी बुरी नहीं होतीं।

## बिभव ने गाली दी, धमकाया... हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती: मालीवाल

**राज्यसभा** सांसद स्वाति मालीवाल ने कथित हमले और बदसलूकी मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार पर बेहद संगीन आरोप लगाए हैं। इस मामले में दर्ज एफआईआर में मालीवाल ने कहा, मैं ड्राइंग रूम में बैठी थी। तभी सीएम के पीएस बिभव कुमार घुस आए। उन्होंने बिना किसी उकसावे के मुझ पर चिल्लाना शुरू कर दिया और मुझे गाली देने लगे।
मैं अचानक हुए इस दुर्व्यवहार से आश्चर्यचकित रह गई। मैंने उनसे कहा कि वह मुझसे इस तरह की बात नहीं करें और सीएम को बुलाएं। मुझे गाली देते उन्होंने कहा कि तुम कौन होती हो मेरी बात नहीं मानने वाली? कैसे नहीं मानेगी? तुम्हारी औकात क्या है कि हमें न कहें। समझती क्या है खुद को नीच औरत। तुझे तो हम सबक सिखाएंगे। ये कहते हुए वह मेरे सामने आकर खड़ा हो गए और मुझसे मारपीट करने लगे। मैं बार-बार रुकने की गुहार लगाती रही। फिर भी वह पीटते रहे। मैंने उनसे कहा, मुझे पीरियड्स हो रहे हैं, मुझे छोड़ दें। मालीवाल ने कहा, मैं किसी तरह से उनके चंगुल से बच सकी। फिर मैं ड्राइंग रूम में आकर सोफे पर बैठ गई और अपने चश्मे को खोजा जो पिटाई के दौरान जमीन पर गिर गया था। मैं अचानक हुए हमले से बुरी तरह सदमे में थी। मैंने 112 नंबर पर फोन कर अपने खिलाफ हुए अपराध की सूचना दी। बिभव ने मुझे धमकाया और कहा, कर ले जो करना है। तुम हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। तेरी हड्डी पसली तुड़वा देंगे और ऐसी जगह गाड़ेंगे, किसी को पता भी नहीं चलेगा। जब उसे पता चला कि मैंने 112 नंबर पर कॉल किया है तो वह बाहर गया और सीएम कैंप ऑफिस के मुख्य द्वार पर तैनात सुरक्षाकर्मियों के साथ वापस आया।

मालीवाल ने आरोप लगाया है कि 13 मई को जब वह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने उनके आवास पर गई थीं तो उनके सहयोगी बिभव कुमार ने उनके साथ मारपीट की। आम आदमी पार्टी ने उनके आरोपों को खारिज कर दिया है और दावा किया है कि मालीवाल केजरीवाल को फर्जी मामले में फंसाने के लिए भाजपा के इशारे पर काम कर रही हैं। आपको बता दें कि पुलिस ने स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहायक सचिव बिभव कुमार को गिरफ्तार कर लिया। आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल ने आरोप लगाए थे कि उनके साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास पर सीएम के सहयोगी बिभव कुमार ने मारपीट और बदसलूकी की थी। शुक्रवार को पुलिस ने स्वाति मालीवाल के मजिस्ट्रेट के समाने कलमबंद बयान दर्ज कराए। स्वाति मालीवाल ने एफआईआर में बिभव कुमार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

# पुलिस ने सीसीटीवी और डीवीआर किया जब्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: आप सांसद स्वाति मालीवाल** के साथ मारपीट मामले की जांच के सिलसिले में दिल्ली पुलिस सीएम केजरीवाल के आवास पर पहुंची। पुलिस ने मौके से सीसीटीवी और डीवीआर जब्त कर लिया है और उसे लेकर जांच टीम वहां से निकल चुकी है। पुलिस ने बताया कि सबूत घटनास्थल का डिजिटल वीडियो रिकॉर्ड (डीवीआर) था, लेकिन इसे अभी तक पुलिस को उपलब्ध नहीं कराया गया है। पुलिस हिरासत की मांग करने वाली याचिका के अनुसार, सीएम आवास के एक जूनियर इंजीनियर ने यह स्वीकार किया कि उसे उस स्थान तक पहुंच नहीं थी, जहां डीवीआर और सीसीटीवी कैमरे लगे थे।

**जांच पड़ताल**

**पुलिस ने मौके से सीसीटीवी और डीवीआर जब्त कर लिया है और उसे लेकर जांच टीम वहां से निकल गई**

**जांच टीम पहुंची थी सीएम आवास:** इससे पहले, एडिशनल डीसीपी अंजिता चेप्याला, सिविल लाइन्स थाने के एसएचओ समेत दिल्ली पुलिस की एक टीम सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास पर पहुंची थी। जांच एजेंसी सीएम आवास पर इसलिए पहुंची थी, ताकि घटना का डीवीआर अभी तक उपलब्ध नहीं कराया गया था।

# बिभव को बचाने की कोशिश में सीएम: मनोज तिवारी

**सीएम को घेरा**

**केजरीवाल बिभव को बचाने की कोशिश कर रहे हैं, इससे पता चलता है कि यह घटना उनके निर्देश पर हुई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले को लेकर सीएम अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। मनोज तिवारी ने कहा, 'अरविंद केजरीवाल बिभव कुमार को बचाने की कोशिश कर रहे हैं, इससे पता चलता है कि यह घटना उनके निर्देश पर हुई है। उन्होंने कहा कि आज निर्भया की आत्मा भी रो रही होगी कि जिन लोगों ने महिला सुरक्षा की कसम खाई थी, आज वे महिला को पीटने वाले को बचाने के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं'। मनोज तिवारी ने कहा, 'केजरीवाल उस व्यक्ति को बचाने के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसने अपने आवास पर एक महिला के साथ दुर्व्यवहार किया है। अरविंद केजरीवाल बिभव कुमार के खिलाफ कुछ क्यों नहीं बोल रहे हैं? वह उन्हें बचाने की कोशिश क्यों कर रहे हैं? एक महिला के साथ दुर्व्यवहार किया?

## केजरीवाल से खुद का घर नहीं संभलता: नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जेपी नड्डा ने कहा कि राजनीति में मैं जो बोल रहा हूं कि उसकी साख मेरे कहने पर तय नहीं होगी। मेरे 40 साल के राजनीतिक जीवन से तय होगी। इसीलिए कह रहा हूं कि कांग्रेस कुछ कहती है तो लोग भरोसा नहीं करते हैं क्योंकि लोगों ने देखा है वह केवल धोखा देती है।
**केजरीवाल से खुद का घर नहीं सभलता:** जेल से बाहर आने के बाद अरविंद केजरीवाल भाजपा पर खूब हमलावर हैं। वे नेतृत्व परिवर्तन की बात उठा रहे हैं। इस पर जेपी नड्डा ने कहा कि यह उनकी बौखलाहट है। उनसे अपना घर संभलता नहीं। दूसरे के घर पर टिप्पणी करते हैं। नड्डा ने कहा कि सच्चाई यही है कि भाजपा मोदी जी के नेतृत्व में अगले पांच साल पूरा करेगी।

# चिलचिलाती धूप और गर्मी से जनजीवन बेहाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** चिलचिलाती धूप और गर्मी से इन दिनों आम जनजीवन प्रभावित है। मौसम विभाग ने 21 मई तक कई राज्यों में लू (हीटवेव) का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर भारत इन दिनों भीषण लू की चपेट में है और राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली जैसे राज्यों में 21 मई तक भयंकर लू चलने की आशंका है। आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक नरेश कुमार ने कहा कि आमतौर पर मई को सबसे गर्म महीना माना जाता है। अगर उत्तर भारत में बारिश की कोई गतिविधि नहीं होती है तो तापमान सामान्य रूप से 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाता है। आगे उन्होंने कहा कि अगले एक हफ्ते तक यही स्थिति बनी रहेगी। वैज्ञानिक नरेश कुमार ने कहा कि राजस्थान, पंजाब और हरियाणा में अगले पांच दिनों तक यही स्थिति बनी रहेगी। हमने रेड अलर्ट जारी किया है। यूपी में भी अगले तीन से चार दिनों तक लू की स्थिति बनी रहेगी। उत्तरी मध्य-प्रदेश में भी लू चलेगी जिसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने लू के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली के लिए लू का ओरेंज अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश, झारखंड, बंगाल में गंगा के तटीय इलाकों और ओडिशा के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। गौरतलब है कि गर्मी का प्रकोप इस कदर बढ़ चुका है कि शुक्रवार को दिल्ली का नजफगढ़ इलाका देश में सबसे ज्यादा गर्म दर्ज किया गया। नजफगढ़ में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया।
मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर प्रदेश, गुजरात के कई इलाकों में 17-21 मई तक, बिहार में 17-20 मई तक, झारखंड में 19-20 मई, उत्तर मध्य प्रदेश में 18-21 मई, बंगाल में 18-20 मई और ओडिशा में 20-21 मई को हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। बता दें जब मैदानी इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के ऊपर पहुंच जाता है और पहाड़ी इलाकों में 30 डिग्री सेल्सियस के ऊपर तो उस स्थिति को हीटवेव की स्थिति माना जाता है।

**गर्मी से बुरा हाल**

**अगर बारिश की कोई गतिविधि नहीं होती है तो तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाता है**

# जिंदगी खोकर भी पांच लोगों को जीवन दे गईं सुनीता देवी




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जिंदगी खोकर भी सुनीता देवी पांच लोगों को नया जीवन दे गईं। बिहार में शेखपुरा के महेशपुर गांव में रहने वाली सुनीता को ऊंचाई से गिरने के बाद गंभीर हालत में 13 मई को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। सफदरजंग अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वंदना तलवार ने बताया कि 17 मई को 47 वर्षीय सुनीता देवी ने अंगदान कर पांच मरीजों को नया जीवन दिया। उन्हें शेखपुरा के महेशपुर गांव से अस्पताल में शिफ्ट किया गया था। अस्पताल में चले इलाज के बाद भी चिकित्सक उन्हें बेहोशी की हालत से बाहर नहीं ला सके। जांच के बाद 17 मई को विशेषज्ञों के पैनल ने उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया।
इस दुखद घड़ी में परिवार ने अंगदान कर दूसरों की जिंदगी बचाने का फैसला लिया। सुनीता देवी ने बेटी की सहमति से अंगदान करने का फैसला लिया। अंगदान के बाद महिला से प्राप्त त्वचा, दोनों कॉर्निया और एक किडनी को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती मरीज में प्रत्यारोपित किया गया।

**प्रत्यारोपित**

**दोनों कॉर्निया और एक किडनी को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती मरीज में प्रत्यारोपित किया गया**

# इस भरोसे के लिए वोट दें कि भाजपा जो कहती है वह करती है: बांसुरी स्वराज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नई दिल्ली संसदीय सीट दिल्ली की हाई प्रोफाइल सीट है। भाजपा ने दांव बांसुरी स्वराज पर लगाया है। पेशे से वकील बांसुरी इस समय नई दिल्ली की गली-गली घूम रही हैं। उनके चुनावी अभियान में स्थानीय के साथ राष्ट्रीय मुद्दों पर भी ध्यान केंद्रित है। वे जितनी प्रमुखता से नई दिल्ली की सफाई व्यवस्था, महिला सुरक्षा, पार्किंग, प्रदूषण आदि की बात करती हैं, उसी तरह आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना समेत केंद्र सरकार की दूसरी विकास योजनाएं उनके लिए बड़ा मुद्दा है। हाजिर जवाब बांसुरी सकारात्मक प्रचार करने की पक्षधर हैं। फिर भी, मौका मिलने पर विपक्ष को कठघरे में खड़ा करने से भी नहीं चूकतीं। पेशे से मैं वकील हूं। कोट, टाई और गाउन में घूमना होता है। सुप्रीम कोर्ट के कॉरिडोर में एसी नहीं है तो भीड़ और गर्मी की आदत है और यह काम मेरी जिम्मेदारी है, दायित्व है। जब तक कानून का भय न हो, अपराध नहीं रुकता। नए कानून लागू होने से बड़ा बदलाव नजर आएगा, जहां तक स्वाति मालीवाल का सवाल है, मुख्यमंत्री आवास में हुई यह घटना आत्मा को कचोटती है। कैसे एक मुख्यमंत्री के आवास में उसकी ही पार्टी की राज्यसभा सांसद से मारपीट होती है। आरोपी को दंडित करने की जगह पूरी पार्टी बचाव में खड़ी दिखती है। बड़ा सवाल यही है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल जब अपने ही आवास पर अपनी पार्टी की सांसद के साथ हुई बदसलूकी पर कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं, तो दिल्ली की महिलाओं की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करेंगे। नई दिल्ली क्षेत्र की पांच बड़ी समस्याएं हैं। इसमें सफाई, पार्किंग, सीवेज, पानी व प्रदूषण प्रमुख हैं। यहां ओपन स्टैक पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। जाम लगने वाले क्षेत्रों को चयनित कर समस्याएं से निजात दिलाई जाएगी। प्रदूषण भी बड़ा मुद्दा है। यह मुद्दा उठाया भी। दिल्ली सरकार ने दस साल में कोई कार्य नहीं किया। सांसद चुने जाने पर इन समस्याओं का सबसे पहले निवारण करूंगी। इस भरोसे के लिए कि भाजपा जो कहती है, वह पूरा करती है। इसलिए भी देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। नए भारत के निर्माण के लिए लोग हमें वोट देंगे। दो चीजें हैं। एक तो केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाएं दिल्ली सरकार लागू नहीं कर रही है और दूसरी स्थानीय समस्याएं, जिन्हें दस साल से दिल्ली में राज कर रही केजरीवाल सरकार को ठीक करना था। दोनों पर काम करूंगी। दिल्ली और केंद्र के संबंधों में बड़ा मुद्दा केंद्रीय योजनाओं का दिल्ली में लागू न हो पाना है।

**वोट की अपील**

**बांसुरी नई दिल्ली की गली-गली घूम रही हैं। स्थानीय के साथ राष्ट्रीय मुद्दों पर भी ध्यान केंद्रित है**



# युवक की हत्या के मामले में चार को पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सीलमपुर इलाके में 20 वर्षीय इकबाल की हत्या के मामले में पुलिस ने रविवार को दो नाबालिगों समेत कुल चार लोगों को पकड़ा है। आरोपितों ने कुछ दिनों पहले हुए झगड़े का बदला लेने के लिए शुक्रवार को इकबाल की चाकू घोंपकर हत्या की थी। इकबाल करीब दो महीने पहले ही बिहार से दिल्ली आया था। इसके चलते आरोपी उसे बाहरी कहकर तंग करते थे और इसपर कुछ दिनों पहले उनका झगड़ा हुआ था। उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी डॉ जॉय टिर्की के अनुसार, आरोपितों की पहचान न्यू सीलमपुर के गौतमपुरी निवासी मोहम्मद आदिल अंसारी, फैजल और 15 व 17 वर्षीय दो नाबालिगों के रूप में हुई है। उनके पास से वारदात में इस्तेमाल तीन चाकू व एक सूजा बरामद हुआ है। आदिल व फैजल न्यू सीलमपुर इलाके में ही कार धोने का काम करते हैं।



**दबोचा**

**20 वर्षीय इकबाल की हत्या के मामले में पुलिस ने रविवार को दो नाबालिगों समेत कुल चार लोगों को पकड़ा है**

# बंद घरों में चोरी करने वाले दो आरोपित गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मालवीय नगर थाना पुलिस ने 17 मई को दो दोस्तों को गिरफ्तार किया है। दोनों बंद घरों में चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस ने आरोपितों अरुण और आकाश सिंह के पास से चार जोड़ी सोने की बालियां, एक जोड़ी चांदी की बाली, एक जोड़ी चांदी की पायल, चार जोड़ी चांदी की बिछिया और दो चांदी की अंगूठियां बरामद की है। फिलहाल पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है। दक्षिण जिले के डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि खिडकी गांव में रहने वाली महिला ने 4 मई को अपने घर में चोरी की शिकायत पुलिस को दी थी। मालवीय नगर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। हेडकांस्टेबल अमित कुमार, दिनेश और महेंद्र की टीम ने घटनास्थल के पास के सीसीटीवी फुटेज जमा कर उनका संक्षिप्त विश्लेषण किया। फुटेज में दो आरोपित वारदात करते हुए दिखाई दिए जबकि एक अन्य उनका इंतजार कर रहा था। तीनों आरोपितों के भागते हुए बाइक पर मिले फुटेज से पुलिस ने उनकी पहचान की। पुलिस ने 17 मई को सतपुला पार्क, खिड़की एक्सटेंशन में छापा मारा और दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

**जेल भेजा**

**दो चांदी की अंगूठियां बरामद की है। फिलहाल पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है**

# बिभव पर सबूतों को नष्ट करने की आशंका, मुकदमे में जोड़ी जाएगी धारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आप की राज्यसभा सदस्य व दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रही स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट व छेड़खानी करने के आरोपित मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार की मुश्किलें लगातार बढती जा रही है। पुलिस का कहना है कि बिभव कुमार ने स्वाति के साथ मारपीट किए जाने के दौरान के सीसीटीवी फुटेज को नष्ट करवा दिया है। जब्त फुटेज की जांच करने पर घटना के दौरान का फुटेज गायब है, फुटेज ब्लेंक शो कर रहा है। ऐसे में दिल्ली पुलिस को शक है कि सीसीटीवी कैमरों के साथ छेड़छाड़ की गई है, सीएम हाउस में सबूतों को नष्ट करने की कोशिश की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का कहना है कि सीएम हाउस से अब तक सीसीटीवी का डीवीआर नहीं दिया गया है। डीवीआर के लिए दिल्ली पुलिस ने नोटिस जारी किया है। जूनियर इंजीनियर स्तर के अफसर के पास भी सीएम हाउस में लगे सीसीटीवी और डीवीआर का एक्सेस नही है जबकि सीएम हाउस में लगे सीसीटीवी पीडब्ल्यूडी के अधीन आता है। पुलिस को को जेई जरिए केवल एक वीडियो पैन ड्राइव में डीवीआर का डाटा मिला था, जिसकी जांच के दौरान ब्लेंक निकली। पुलिस अब डीवीआर जब्त करने की कोशिश कर रही है। उसके बाद सोमवार को फुटेज व डीवीआर को जांच के लिए एफएसएल को भेज दिया जाएगा। एफएसएल से रिपोर्ट आने के बाद अगर सबूतों के साथ छेड़छाड़ की पुष्टि होगी तब मुकदमे में सुबूत मिटाने की धारा जोड़ दी जाएगी। पुलिस अधिकारी का कहना है कि बिभव कुमार पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे हैं। शनिवार को बिभव का रिमांड लेने के दौरान पुलिस ने कोर्ट को बताया कि आरोपित नौ साल से एक ही पद पर हैं और प्रभावशाली हैं। वह सीएम हाउस में गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं और इलेक्ट्रॉनिक सुबूत को नष्ट करा सकते हैं। कोर्ट को बताया गया कि उच्च पद पर रहने वाली महिला सांसद के साथ मारपीट किया जाना काफी गंभीर मामला है। पिटाई से स्वाति की मौत भी हो सकती थीं। बिभव को 27 फरवरी 2015 को सीएम का पीए नियुक्त किया गया और 19 अप्रैल 2024 को पद से हटा दिया गया था। पद से हटाने के बाद भी वह आखिर कैसे सीएम के यहां काम कर रहे थे। पुलिस इसकी भी जांच कर रही है। पीड़िता का बयान मेडिकल रिपोर्ट से मेल खा रहा है। आरोपित के खिलाफ नोएडा में भी पब्लिक सर्वेंट पर हमले का मामला दर्ज है। पुलिस का कहना है कि बिभव से पूछताछ कर साजिश का पता लगाया जाएगा।



**जांच जारी**

**वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का कहना है कि सीएम हाउस से अब तक सीसीटीवी का डीवीआर नहीं दिया गया है. डीवीआर के लिए पुलिस ने नोटिस जारी किया**

# 10 साल पहले तक देश में भ्रष्टाचार होता था: जेपी नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भारतीय जनता पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि पिछले 10 साल में भारत की राजनीति में बहुत कुछ बदला है। बहुत कुछ देश की जनता को देखने का सौभाग्य मिला। हम सब सौभाग्यशाली जब भाजपा एक विशाल रूप में दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। 10 साल पहले तक देश में भ्रष्टाचार होता था और भारत के बारे में तरह-तरह की टिप्पणियां की जाती थी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया भारत को इज्जत और सम्मान के साथ देखती है। जेपी नड्डा रविवार को करनाल रेलवे रोड स्थित होटल प्रेम प्लाजा में आयोजित प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन में पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल, भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगमोहन आनंद व रेनूबाला गुप्ता विशेष रूप से मौजूद थे। जेपी नड्डा ने करनाल से लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल और विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लिए वोट की अपील की। नड्डा ने मनोहर लाल की तारीफ करते हुए कहा कि मनोहर लाल ने हरियाणा को पारदर्शी शासन दिया। ऐसी योजनाएं चलाई, जिनसे हरियाणा के लोग लाभान्वि हुए। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष केवल अपने परिवारों और अपने चहेतों की चिंता करता है। लोगों की नहीं 10 लाख करोड़




रूपया मोदी जी ने इन्फ्रास्ट्रक्चर में लगाया है। विपक्ष सिर्फ बेरोजगारी का रोना रो रहा है, लेकिन विकास कितना हुआ है खुद के रोजगार कितने खड़े हुए हैं। यह देखने वाली बात है मोदी ने काम किया है। देश की अर्थव्यवस्था बढ़ी है, बेरोजगार विपक्ष हो चुका हैं, क्योंकि वे सिर्फ अपने परिवार की बात करते थे। इंडिया गठबंधन को उठाकर देख लीजिए, उसमें जितने भी नेता थे, उन सभी को अपने परिवारों की ही चिंता थी। उन्होंने देश के बारे में कभी नहीं सोचा। विपक्ष को देश की जनता से कोई लेना-देना नहीं है। उनको सिर्फ वोट की चिंता है। जेपी नड्डा ने कहा कि 10 साल पहले लोगों में निराशा थी कि जो भी पार्टी सत्ता में आती है। वह कुछ नहीं करतीं, उन्होंने




बीजेपी को वोट दिया है। बीजेपी सत्ता में तो आ गई, लेकिन उसके बाद बीजेपी ने जो काम किया, उससे लोगों में उम्मीद जगी, क्योंकि उनका एक ही मानना था कि सरकार चाहे कोई भी आए। वह कुछ नहीं करने वाली थी, लेकिन बीजेपी ने उन धारणाओं को तोड़ दिया। भाजपा ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के साथ काम किया। उन्होंने कहा कि आज स्थिति यह है कि योजनाओं का फायदा अंतिम व्यक्ति तक बिना किसी सिफारिश के पहुंच रहा है। अब डिजिटल इंडिया की ओर कदम बढ़ा दिए गए हैं। भाजपा ने गांव-गांव जाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का काम किया है, यह सब प्रधानमंत्री के सकारात्मक रुख को दशार्ता है।

जेपी नड्डा ने कहा कि बीजेपी ने कोरोना संकट काल के दौरान अन्य के लिए एक करोड़ 25 लाख का पैकेज दिया था, लेकिन अगर उसे जगह पर कांग्रेस होती तो यह कैश मांगते किस लिए मांगते हैं, यह सब को पता है। भारत की गरीबी एक प्रतिशत से भी नीचे आ चुकी है, क्योंकि बीजेपी ने काम ही अंत्योदय की भावना से किया है। भाजपा आने के बाद बहुत ही ज्यादा अंतर आए हैं। हमारे देश में पोलियो की दवाई जापानी बुखार डिप्थीरिया की दवाई आने में कहीं-कहीं दशकों का समय लग जाता था। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज बीजेपी का रिपोर्ट कार्ड देखें तो वह बहुत मजबूत है। पहले जो कार्य होते थे, वह ड्राइंग रूम में बैठकर बनते थे। लेकिन बीजेपी ने धरातल पर काम किया बीजेपी के कार्यों को देखते हुए आज विपक्ष भी मजबूर सा नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी का अगर मेनिफेस्टो देखा जाए तो उसमें जो कुछ लिखा है, वह तो होगा ही और जो नहीं लिखा है, वह भी जरूर होगा।

**सेना को किया मजबूत**

जेपी नड्डा ने कहा कि पहले आर्मी को हथियार भी ढंग से नहीं मिल पाए थे, जिससे कई बार जवान शहीद हो जाते थे। इसके अलावा हमारे फाइटर प्लेन भी अपडेटेड हो जाते थे, जिनके कारण जवानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। लेकिन आज वह समय है, जब सेना सक्षम हो चुकी है। उसके पास बुलेट प्रूफ जैकेट हैं। राफेल जैसे विमान है। सडकें पहले नहीं हुआ करती थी, बॉर्डर तक पहुंचने में भी कई-कई दिन का समय लग जाता था।

## न्यूज फ्लैश

### आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें राजनैतिक पार्टियां व उम्मीदवार: उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं जिला** निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उपचुनाव के दौरान सभी राजनीतिक पार्टियां एवं उम्मीदवार आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। जिला प्रशासन का संकल्प है कि स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव को संपन्न करवाया जाए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा आम चुनाव के लिए जारी चुनावी शेड्यूल के अनुसार चुनाव प्रकिया के छठे चरण में हरियाणा प्रदेश में 25 मई को मतदान होगा। चुनाव के दौरान पार्टियां व उनके प्रत्याशी यह ध्यान रखें कि चुनाव प्रचार में जाति, धर्म या समाज को बांटने का काम ना किया जाए। धार्मिक गतिविधियों का सहारा लेकर कोई भी प्रत्याशी अपना प्रचार ना करे। चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए कहीं भी किसी प्रकार के उपहार, नकदी या नशीले पदार्थों का प्रयोग ना किया जाए। उन्होंने कहा कि वोट लेने के लिए किसी भी मतदाता को डराया या धमकाया ना जाए। किसी निजी भवन की दीवारों पर बगैर मकान मालिक की अनुमति के झंडे, पंफलेट, पोस्टर आदि ना चिपकाएं जाएं। इसमें संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही हो सकती है। दीवारों पर वॉल पेंटिग का कार्य एआरओ या एसडीएम की बिना अनुमति के नहीं किया जाना चाहिए। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित किए गए स्थानों पर ही होर्डिंग, बैनर, पोस्टर लगाए जाने चाहिए और प्रशासन की ओर से चिन्हित स्थानों पर ही वॉल पेटिंग की जा सकती है।

### मानसून से पहले नालों और सीवरेज की हो सफाई, लोगों की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : गर्मी के मौसम के बाद** बरसात का सीजन प्रारंभ हो जाता है। ऐसे में आमजन को बरसात एवं मानसून में सड़कों पर होने वाले जलभराव को लेकर अभी से चिंता सताने लगी है। स्थानीय अर्बन एस्टेट, मोहन नगर, लायल पुर बस्ती, विशिष्ट कालोनी इत्यादि के निवासियों का कहना है कि अक्सर बरसातों में नालियां तथा सीवरेज भर जाते हैं। इसका कारण यह है कि उनकी समय रहते ठीक से साफ–सफाई नहीं होती है। लायल पुर बस्ती के मनोज कुमार, दर्शन खन्ना, नीरज, विनय वधवा, पंकज वधवा, गुलशन इत्यादि ने कहा कि पिछले वर्ष तो काफी परेशानी हुई है। थोड़ी सी बरसात से ही सड़कों एवं गलियों से निकलना मुश्किल है। लोगों ने नालियों की सफाई के लिए कुशल तकनीकी वाली आधुनिक सफाई मशीनों की मांग की है। ताकि संकरी नालियों व सीवर की सफाई का कार्य आसानी से मशीनों से हो सके। बरसात के मौसम से पहले शहर भर की नालियों एवं सीवरेज को साफ कराने का अभियान चलाया जाना चाहिए। कई बार छोटी व संकरी नालियां जो सिर्फ मिट्टी से बंद होती है उसमें मजदूरों का घुसना संभव नहीं होता है। जिसे कई जगहों पर जलभराव हो जाता है। लोगों को आने–जाने में परेशानी होती है। जलभराव से दुर्घटना होने की संभावना रहती है। निवर्तमान पार्षद राधे श्याम वधवा ने भी कहा आमजन की परेशानियों को देखते हुए अधिकारियों को समय रहते समस्याओं का समाधान करना चाहिए। वे स्वयं भी प्रयास कर रहे हैं।

### सिक्योरिटी गार्ड के साथ धान उतारने आए ट्रैक्टर चालक ने बोतल से सिर फोड़ा

**गन्नौर। सनपेड़ा गांव के पास राइस** मिल में ट्रैक्टर से धान उतारने गए युवक ने कंपनी में कार्यरत सिक्योरिटी गार्ड के साथ कंपनी से बाहर निकालने के बाद सर में बोतल से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया कंपनी में कार्यरत सिक्योरिटी गार्ड ने घटना की सूचना बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस को दी। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में पानीपत के गांव हथवाला के रहने वाले संदीप ने बताया कि संपेड़ा गांव के पास स्थित विनोद राइस मिल में वह सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है। 17 में की दोपहर को 1 बजे कंपनी में अपनी ड्यूटी पर था। इस दौरान सनपेडा गांव का पवन उर्फ पौनी अपना ट्रैक्टर लेकर कंपनी मे धान उतारने के लिए आया था। वहां पर कांटे वाला हाजिर नहीं मिला तो वह उसके बाद मेरे से बहस करने लगा। शिकायत में आरोप है कि शाम को वह गरीब 9:00 बजे कंपनी के पास थीक की दुकान पर खाना लेने के लिए गया तो जो वहा पर पवन एक अज्ञात लड़के के साथ मौजूद था पवन व उसके साथी ने मुझे पकड़ लिया और पवन ने मेरे सिर में खाली बोतल से हमला कर दिया। दूसरी अज्ञात लड़के ने मारपीट करते हुए कहा कि तुझे आज बहस करने का मजा चखाते हैं। शिकायत में आरोप है कि दोनों ने जाते हुए जान से मारने की धमकी दी।

# 'राष्ट्रीय हित में अपने वोट का इस्तेमाल करें'

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**भाजपा युवा मोर्चा** पानीपत द्वारा खिलाड़ी एवं युवा सम्मेलन का कार्यक्रम सेक्टर 25 स्थित एमइजेडआर में किया गया। जिसमें मुख्य रूप से हरियाणा भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा (योगी) व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, अंतरराष्ट्रीय पहलवान बबीता फोगाट उपस्थिति रही। कार्यक्रम में पानीपत भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, नगर निगम की पूर्व मेयर अवनीत कौर भी विशेष रूप से उपस्थित रही। युवा मोर्चा के प्रदेश आईटी प्रमुख सुनील कपूर, जिला प्रभारी सुमित जागलान और जिला भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष



बलविंदर आर्य ने आए हुए सभी अतिथियों का पटका पहनाकर व श्रीमद् भागवत गीता भेंट कर उनका आदर व सम्मान किया। कार्यक्रम में उपस्थित युवा मोर्चा के सभी साथियों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय श्री राम के जयघोष के साथ खिलाड़ी एवं युवा सम्मेलन का आगाज किया। युवाओं को संबोधित करते हुए हरियाणा भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा (योगी) ने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा राष्ट्र है।देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं के लिए ही 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। जिसमें सर्वप्रथम युवाओं व नव मतदाताओं जोकि पहली बार अपने वोट का इस्तेमाल कर रहे है उनका दायित्व बनता है कि वह राष्ट्रीय हित में अपने वोट का इस्तेमाल कर नरेंद्र मोदी के मिशन को मजबूत करें और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने युवाओं को जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा सरकार में युवा वर्ग के लिए अनेकों जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं जैसे स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, खेलो इंडिया व अन्य कई सरकारी योजनाएं है जिनका सीधा लाभ देश के युवाओं के हित में है।

# विजय का इतिहास लिखेंगे मनोहर लाल: प्रमोद विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

करनाल लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल को चुनावी जीत दिलाने के लिए इन दिनों पानीपत शहरी विधानसभा के भाजपा विधायक प्रमोद मनोहर लाल के लिए बूथ एवं पार्कों, और नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से जनता का समर्थन हासिल कर रहे है, विधायक आम्र जनों तक जा कर प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल की उपलब्धियों बता रहे है और लोगों से वोटों की अपील कर रहे हैं क विधायक ने बीते रविवार चार स्थानो पर नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए लोगों से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में वोट करने की अपील की, विज ने पत्रकार साथियों से कहा कि मनोहर लाल जीत का इतिहास लिखेंगे।



# नाम चर्चा आयोजित किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/**
**कमाल हुसैन**



संत डॉ गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां की पावन प्रेरणाओं पर चलते हुए रविवार को ब्लॉक पानीपत की हुड्डा कालोनी की साध संगत द्वारा सनोली रोड स्थित काशी गिरी मंदिर में ब्लॉक स्तरीय नाम चर्चा का आयोजन किया गया। नाम चर्चा का शुभारंभ ब्लॉक प्रेमी सेवक धर्मपाल ढींगड़ा इन्सां ने पवित्र नारा धन धन सतगुरु तेरा ही आसरा लगाकर की। उसके बाद पवित्र ग्रंथ से कविराज भाई ने विनती के मधुर शब्द लगाया। ब्लॉक स्तरीय नाम चर्चा में कविराज भाईयों ने सुंदर सुंदर मधुर भजन शब्द लगाकर जहां माहौल को रूहानी मय बनाया। ब्लॉक नामचर्चा में गुरु के पावन वचन सुनाएं गए।उसके बाद हरियाणा प्रदेश 85 में कमेटी सदस्य बिमला इन्सां ने दरबार द्वारा चलाए जा रहे मानवता भलाई कार्य के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और कहा कि ज्यादा से ज्यादा समय सेवा व सिमरन में लगाए।

# पुलिस कर्मचारियों को नए कानूनों के बारे में दी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पुलिस अधीक्षक अजीत** सिंह शेखावत व अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती अर्चना यादव ने रविवार को आर्य कॉलेज के सभागार में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन कर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को तीनों नए कानूनों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया।

इस मौके पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) श्री संदीप चौहान, जिला न्यायवादी श्री राजेश चौधरी, उप पुलिस अधीक्षक सतीश कुमार गौतम, उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह, उप पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार, उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार, एफएसएफ टीम इंचार्ज



डॉक्टर नीलम आर्य भी उपस्थित रही। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने संबोधित करते हुए कहा कि तीन नए कानून भारतीय न्याय सहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिता 2023 व साक्ष्य अधिनियम 1 जुलाई 2024 से लागू हो रहे है। जो भारतीय दंड सहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) व भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लेंगे। पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए नए कानूनों की जानकारी अनिवार्य है। सभी पुलिसकर्मी इनका गहनता से अध्ययन करें। नए कानूनों में दिए गए प्रावधानों में प्रत्येक कार्रवाई के लिए निश्चित समय सीमा निधारित की गई है। नए कानून के अनुसार पुलिस को शिकायत मिलने के तीन दिन के अंदर एफआईआर दर्ज करनी होगी। जिन केसों में 3 से 7 साल का प्रावधान है उन केसों में प्रारंभिक जांच के बाद एफआईआर दर्ज करनी होगी। एफआईआर दर्ज करने के बाद पीड़ित को मुकदमें की प्रगति बारे एसएमएस या अन्य इलेक्ट्रोनिक्स माध्यमों द्वारा 90 दिनों के अंदर अंदर जानकारी प्रदान की जाएगी। नए कानून में संगठित अपराध पर विशेष प्रावधान है। संगठित गैंग, सिंडिकेट चलाने वाले गिरोह के आरोपियों द्वारा अपराध कर काली कमाई से अर्जित की संपत्ति को अटेच करने के प्रावधान बारे विशेष रूप से दिया गया।

# बड़े उत्साह के साथ मनाया गया योग उत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :आयुष मंत्रालय** भारत सरकार मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान एवं भारतीय योग संस्थान रोहिणी दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रति जन जागरण के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से 33 दिन पूर्व आज हरियाणा के कुरुक्षेत्र में ऐतिहासिक स्थल ब्रह्म सरोवर पर पुरुषोत्तमपुरा बाग में आयोजित 'मानवता के लिए योग' उत्सव बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लाह से मनाया गया` उत्सव के मुख्य अतिथि मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ ईश्वर वी बसवारेड्डी एवं प्रातः स्मरणीय गीता मनीषी पूज्य स्वामी ज्ञानानंद




जी महाराज, भारतीय योग संस्थान के सम्मानित योगरत्न की उपाधि से विभूषित अखिल भारतीय प्रधान देशराज, सम्मानित अखिल भारतीय महामंत्री ललित गुप्ता, अखिल भारतीय कोषाध्यक्ष सुरेश विज, हरियाणा प्रांत इकाई के प्रधान ओमप्रकाश व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल सहित उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित साधकों को संबोधित करते हुए स्वामी जी ने कहा कि इस कार्यक्रम में आये हुए किसी भी साधक से उनकी आयु जाति वर्ग लिंग इत्यादि नहीं पूछा गया क्योंकि योग हमें मानव धर्म अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि देश विदेश में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने का श्रेय भारत के प्रधानमंत्री जी को ही जाता है। उन्होंने केंद्र सरकार, आयुष मंत्रालय एवं मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान का आभार प्रकट किया जिन्न में इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का थीम मानवता के लिए योग रखा है। उन्होंने भारतीय योग संस्थान द्वारा इतने कम समय में इतना सुंदर आयोजन करने के लिए भी साधुवाद दिया। कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ की संख्या से प्रफुल्लित होकर मुख्य अतिथि डॉ ईश्वर बस्वारेड्डी ने कहा कि भारतीय योग संस्थान ने हर बार कमाल करके दिखाया है।

# भीषण गर्मी से हरी सब्जियों की खेती को सकता है नुकसान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र, : मौसम की** गर्मी चरम पर पहुंच रही है तो भीषण गर्मी और लू के चलते बागवानी फसलों को बहुत अधिक नुकसान पहुंचने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। कुरुक्षेत्र तथा आसपास के क्षेत्रों में रविवार को तापमान 44 डिग्री के पार रहा। ऐसे तापमान में किसानों एवं कृषि विशेषज्ञों की चिंता अधिक हो गई है। कृषि वैज्ञानिक डा. सी.बी. सिंह ने कहा कि मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में अधिक तापमान रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि ऐसी भीषण गर्मी से हरी सब्जियों के उत्पादन में गिरावट आ सकती है। इस भीषण गर्मी में आमजन का हाल बेहाल है तो फसलों का क्या हाल होगा। ऐसी भीषण गर्मी में सब्जियों की फसलें भी मुरझा जाती हैं। डा. सिंह ने कहा कि किसानों को फसलों को बचाने के लिए कृषि अधिकारियों एवं कृषि विशेषज्ञों से राय लेनी चाहिए। ऐसे बढ़ते तापमान की वजह से किसान अपने खेतों में समय से पहले सब्जी की फसलों की तुड़वाई कर रहे हैं। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार भीषण गर्मी व तापमान में हो रही बढ़ोतरी की वजह से फसलों में सिंचाई का पूरा ध्यान रखना चाहिए। .

# भगवान और महापुरुष किसी विशेष जाति के नही होते: मनोहर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, कमाल हुसैन**

**पानीपत नई अनाज** मंडी में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर से हजारों की संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन स्वामी दयानंद सरस्वती के सानिध्य में ब्राह्मण सभा जिला प्रधान सतीश शर्मा डाहर की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान सतीश शर्मा ने कहा कि कहा कि भगवान परशुराम विष्णु भगवान के छठे अवतार है, जिन्होंने हमेशा अन्याय के विरुद्ध लडाई लडी और अन्याय करने वालों का विनाश किया। सतीश शर्मा ने मंच से ऐलान किया कि वो ब्राह्मण समाज के साथ अन्याय नही होने देगा और ब्राह्मण समाज मिलकर लोकसभा



चुनाव में जो फैसला करेगा वो ही मान्य होगा। मंच का संचालन कार्यक्रम के आयोजन ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित गौतम ने किया। इस दौरान रोहित गौतम ने कहा कि ने कहा कि भगवान और महापुरुष किसी विशेष जाति के नही होते है बल्कि सभी जातियों के होते है। इसलिए हम सबकों मिलकर आपसी प्यार प्रेम के साथ भगवान का नाम लेना चाहिए। गौतम ने कहा कि ब्राह्मणों ने हमेशा ही विश्व का हित करने का काम किया है और आगे भी करता रहेगा। उन्होने कहा कि कोई भी राजनीतिक पार्टी ब्राह्मण समाज को छोटा ना समझे,बल्कि लोकसभा चुनाव में देश का ब्राह्मण समाज मिलकर एकता का संदेश देगा और राजनेताओं को ब्राह्मण समाज की ताकत का अहसास कराएगा। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर,चाणकन्य पङ्क्षडत, ब्राह्मण सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिप्रकाश शर्मा,पूर्व ब्राहण सभा जिला प्रधान सुरेन्द्र शर्मा, त्रिलोक शर्मा, राजेन्द्र हलदाना, एडवोकेट राजेश भारद्वाज,प्रदीप शर्मा कवि, ऋतमोहन शर्मा ,प्रो.बालकिशन शर्मा, नरेश कालखा, अधिवक्ता नरेश अत्री, विजय जैन,विरेन्द्र शाह, उमेश शर्मा, सुरेन्द्र रेवडी,गोहाना,संजीव भारद्वाज, बलवान शर्मा आढती,अशोक शम्र छदिया,भगवत दयाल शर्मा ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस दौरान ब्राहमण सभा की और से दिल्ली से जयकुमार जैन,जीएमजी ग्रुप से सत्यनारायण जैन,नरेला से नहेश जैन,गौशाला कमेटी प्रधान बलबीर मलिक,पूर्वांचल सभा महिला विंग से मधु शुक्ला,संतोश राऊत,रामकमल आदि विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व चैयरमैन डा.धर्मबर शर्मा, जस्सा कुराड, अनील शर्मा,अधिवक्ता सुनील शर्मा,संदीप भारद्वाज,धर्मबीर गौड,सुरेन्द्र गौड,सतनारयण छदिया,मोहन नारायणा, रामनिवास गवालडा, भगवानदास,शिकुमार शर्मा,विनोद शास्त्री,रमेश शर्मा,प्रमोद शर्मा,बिल्लू,सुनील किवाना,सुधीर,बबलू,मदनलाल फफडाना,रोबोड गौतम,रघुबीर मांडी,नवीन कौशिक,कर्मबीर मांडी,सत्यवान शर्मा आदि अनेक मौजूद रहें।

# यदि स्वस्थ रहना है तो सूर्य नमस्कार को दैनिक जीवन में करें शामिल : दिनेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। योग गुरु दिनेश** गुलाटी के मार्गदर्शन में योग कक्षा फव्वारा पार्क सेक्टर-12 में सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया। योग कक्षा में विशेष रूप से जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग ने भाग लिया। उन्होंने दिनेश गुलाटी और उनकी टीम की सराहना करते हुए उनके द्वारा किए जा रहे इस निष्काम कार्य के लिए उन्हें बधाई दी। दिनेश गुलाटी ने बताया कि मेरा मिशन स्वस्थ भारत के उद्देश्य के साथ प्रतिदिन मिशन की सभी कक्षाओं में सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया



जा रहा है। कक्षाओं के अलावा ऑनलाइन भी बहुत से लोग प्रतिदिन जुड़ रहे हैं। सभी योग साधक इस अभ्यास से निरंतर लाभ भी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि स्वस्थ रहना है तो सूर्य नमस्कार को दैनिक जीवन में अवश्य शामिल करना चाहिए। सूर्य नमस्कार शरीर के साथ-साथ मन को भी स्वस्थ रखता है और सभी बीमारियां दूर होती हैं। यदि सूर्य नमस्कार का अभ्यास लगातार किया जाए तो अन्य किसी व्यायाम की आवश्यकता नहीं है।

# अमेरिका में तीसरा विश्व युद्ध शुरू हो सकता है : ट्रम्प

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आशंका जतायी है कि राष्ट्रपति चुनाव से पहले देश के अक्षम नेतृत्व के कारण तीसरा विश्व युद्ध छिड़ सकता है।श्री ट्रम्प ने मिनेसोटा राज्य में कहा, जिस तरह के मूर्ख लोग इस देश को चला रहे हैं, उससे बहुत से लोग नहीं बचेंगे क्योंकि आज हथियारों की शक्ति बहुत भयंकर है। हम अगले पांच महीनों में तीसरे विश्व युद्ध में फंस सकते हैं क्योंकि हमारा नेतृत्व अक्षम है। जिस तरह से देश को चलाने वाले लोग है, उससे जाहिर होता है कि देश बहुत जल्दी तीसरे विश्व युद्ध में फंस सकता है।

श्री ट्रम्प ने कहा कि अगर वह देश के राष्ट्रपति होते तो न तो रूस-यूक्रेन संघर्ष और मध्य-पूर्व युद्ध नहीं होता और ना ही महंगाई बढ़ती।

उल्लखनीय है वर्ष 2024 का अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव 60वां चुनाव होगा। यह चुनाव पांच नवंबर को होगा। मतदाता चार साल की अवधि के लिए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का चुनाव करेंगे।डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य, मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन फिर से चुनाव लड़ रहे हैं और रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से श्री ट्रंप लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लडेंगे।

# पूर्वी पाकिस्तान में बस के खड्ड में गिरने से 13 लोगों की मौत

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में एक मिनी बस के गहरी खाई में में गिरने से कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं।पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक प्रांत के खुशाब जिले के पंज पीर इलाके के पास बस सड़क से फिसल कर गहरी खाई में गिर गई। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कि तेज़ गति होने के कारण तीव्र मोड़ पर बस चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। इस घटना की जानकारी मिलने पर बचाव दल और स्थानीय स्वयंसेवक घटनास्थल पर पहुंचे और शवों तथा घायलों को खाई से बहार निकाला और उन्हें नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया, जहां कम से कम दो घायलों की हालत गंभीर है।


# नेपाल में राजनीतिक गतिरोध के बीच अध्यादेश के जरिए बजट लाने की तैयारी

**काठमांडू।** नेपाल में जारी राजनीतिक गतिरोध के बीच सरकार अध्यादेश के जरिए बजट लाने की तैयारी कर रही है। सत्तापक्ष ने संकेत दिया है कि आज शाम तक यदि विपक्षी दलों के साथ सहमति नहीं हुई तो अध्यादेश के जरिए ही बजट लाया जाएगा।

नेपाल में संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक देश का आम बजट हर वर्ष 30 मई से पहले हर हाल में लाना ही होता है। विपक्षी दलों के अवरोध के कारण सरकार अब तक राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद ज्ञापन तक नहीं कर पाई है। बजट सत्र में विपक्षी दलों का पिछले एक हफ्ते से जारी संसद गतिरोध खत्म नहीं हो पा रहा है, सरकार के सभी प्रयास असफल हो रहे हैं। आज होने वाली निर्णायक वार्ता से पहले किसी भी पक्ष ने झुकने के संकेत नहीं दिए हैं। सरकार की प्रवक्ता रेखा शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री की तरफ से अंतिम समय तक सहमति का प्रयास किया जाएगा, लेकिन यदि विपक्षी दलों के साथ सहमति नहीं बनी तो सरकार के पास अध्यादेश के जरिए बजट लाने का रास्ता बचेगा। प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के महामंत्री गगन थापा ने कहा कि प्रधानमंत्री वार्ता में कुछ और कहते हैं और उनके सत्ता सहयोगी दल कुछ और विचार रखते हैं। गगन थापा ने कहा कि लाखों नेपाली गरीब और मध्यम वर्ग की कमाई सहकारी संस्थाओं के मार्फत डूबी है। इस मामले में गृहमंत्री रवि लामिछाने की संलग्नता का प्रमाण मीडिया में प्रकाशित होने के बावजूद छानबीन नहीं होने देना उनकी नीयत पर शंका है। सत्तापक्ष से जुड़े प्रमुख दल नेकपा एमाले और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी संसदीय समिति जांच के खिलाफ हैं।

# अफगानिस्तान के बामियान गोलीबारी में मरने वालों की संख्या बढ़कर 6 हुई

**बामियान।** मध्य अफगानिस्तान के बामियान प्रांत में गोलीबारी के हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है, जिनमें तीन स्पेनिश नागरिक और तीन अफगानी शामिल हैं, एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने कहा।प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता मुहम्मद खवानी रासा ने कहा कि अस्पताल में इलाज के बाद दो अफगानों की मौत हो गई।समाचार



एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, रासा ने बताया कि घायलों में स्पेन, नॉर्वे, ऑस्ट्रेलिया और लिथुआनिया के चार विदेशी नागरिकों के साथ-साथ एक अफगान भी शामिल है, जिनका अभी भी चिकित्सा उपचार चल रहा है।आंतरिक मामलों के मंत्रालय के प्रवक्ता मुफ्ती अब्दुल मतीन कानी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कहा कि हमले के सिलसिले में चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है।

# रूस ने चीन को सौंपा विध्वंसक गतिविधियां चलाने वाले विदेशी संगठनों का ब्यौरा

एजेंसी

**मास्को।** रूस की संसद के निचले सदन ड्यूमा के विदेशी दखलंदाज़ी की जांच के लिए गठित आयोग ने कुछ विदेशी संगठनों द्वारा रूस एवं चीन के खिलाफ विध्वंसक गतिविधियां चलाये जाने को लेकर हाल ही में एक डॉज़ियर सौंपा है। आयोग के वासिली पिस्कारेव ने सोशल मीडिया पर प्रकाशित एक बयान में यह जानकारी दी। उन्होंने बयान में कहा, हमने हाल ही में रूस और चीन से संबंधित विदेशी संगठनों की विध्वंसक गतिविधियों पर सामग्री चीनी पक्ष को हस्तांतरित की है। उल्लेखनीय है कि यह खबर ऐसे समय आयी है जब रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन चीन की यात्रा से लौटे हैं और वहां उनकी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ 'असाधारण, गहन एवं सार्थक' बातचीत हुई है। पिस्कारेव ने कहा कि आयोग निकट भविष्य में 'नई चुनौतियों और खतरों' तथा रूस और चीन पर बढ़ते बाहरी दबाव के कारण संप्रभुता की रक्षा करने के लिए और चीनी भागीदारों के साथ विदेशी हस्तक्षेप के विरुद्ध विधायी प्रतिकार करने के लिए अपनी अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं का



आदान-प्रदान जारी रखने की योजना बना रहा है। चीन एवं रूस के राष्ट्रपतियों के बीच दो दिन पहले बीजिंग के ग्रेट हॉल ऑफ पीपुल्स में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नाटो के रुख को 'विनाशकारी' करार देने के साथ ही पूर्वोत्तर एशिया में शक्ति संतुलन को बदल कर अमेरिकी आधिपत्य स्थापित करने के प्रयासों की निंदा की थी। बैठक के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत को 'असाधारण, गहन एवं सार्थक' बताया गया और वैश्विक राजनीति को प्रभावित करने वाली कई अहम घोषणाएं की गयीं।

वक्तव्य के अनुसार रूस और चीन के नेताओं ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र में नाटो के रुख को 'विनाशकारी' करार दिया है और विभिन्न देशों से टकराव वाली नीतियां अपनाने, दूसरों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप बंद करने का आह्वान किया है। चीन ने संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित करने के रूस के प्रयासों का समर्थन तथा उसके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप का विरोध किया है। वक्तव्य में कहा गया कि किसी भी राज्य को दूसरों की सुरक्षा की कीमत पर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं करनी चाहिए। रूस, चीन ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के साथ राजनीति, सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और मानवीय संबंधों में सहयोग की संभावनाओं को मजबूत करने का संकल्प जताया और सैन्य निर्माण के माध्यम से पूर्वोत्तर एशिया (विशेष रूप से उत्तर कोरिया के संदर्भ में) में शक्ति संतुलन बदलने के अमेरिकी आधिपत्य प्रयासों का विरोध व्यक्त किया है। वक्तव्य में रूस, चीन ने अलग-अलग देशों द्वारा सशस्त्र टकराव के लिए अंतरिक्ष का उपयोग करने के प्रयासों का विरोध किया तथा राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए बहुपक्षीय, पारदर्शी वैश्विक इंटरनेट प्रशासन प्रणाली सुनिश्चित करने की वकालत की है।

# इजराइल की सेना ने दो दिन में गाजा से 4 बंधकों का शव किया बरामद

एजेंसी

**गाजा पट्टी ।** गाजा पट्टी हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजराइल के तीन नागरिकों के शव मिले थे. वहीं एक दिन बाद, इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने शनिवार को युद्धग्रस्त क्षेत्र से एक और बंधक का शव बरामद किया. आईडीएफ के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा कि सेना ने गाजा पट्टी से एक और बंधक का शव बरामद किया. जिस बंधक का शव शनिवार को बरामद किया गया, उसकी पहचान 53 वर्षीय रॉन बेंजामिन के रूप में हुई, जिसे 7 अक्टूबर की सुबह हमास ने अपहरण कर लिया था.

हगारी ने कहा कि बेंजामिन को 7 अक्टूबर को मेफल्सिम के पास हमास के आतंकवादियों ने मार डाला था और उनके शव को बंधक बनाकर गाजा ले जाया गया था. आईडीएफ ने घोषणा की कि उसने रात भर के ऑपरेशन में उसके शव के अवशेष बरामद कर लिए हैं. हगारी ने कहा कि ऑपरेशन में इत्ज़ाक गेलेरेन्टर, अमित बुस्किला और शनि लौक के साथ उसका शव भी बरामद किया गया था. बेंजामिन को आखिरी बार 7 अक्टूबर को सुबह 7-30 बजे सुना गया था, जब उन्होंने अपनी दो बेटियों में से एक के लिए एक ऑडियो मैसेज छोड़ा था. उस सुबह, बेंजामिन सुबह 6:30 बजे किबुत्ज़ बीरी के पास बाइक की सवारी के लिए दोस्तों से मिलने के लिए निकले थे. जब उसने सायरन सुना तो उसने पीछे मुड़कर घर जाने का फैसला किया. उन्होंने अपनी पत्नी ऐलेट से बात की और अपनी बेटी के लिए एक मैसेज छोड़ा.

**इजराइल-हमास के बीच भीषण जंग**

रिपोर्ट के अनुसार, इजराइली सेना और हमास के बीच चल रही भीषण लड़ाई के बीच आईडीएफ ने युद्धग्रस्त गाजा पट्टी से तीन बंधकों के शव बरामद किए थे. इन तीनों की पहचान इत्ज़ाक गेलेरेन्टर, अमित बुस्किला और शनि लौक के रूप में की गई थी. आईडीएफ के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा कि सेना और शिन बेट द्वारा रात भर चलाए गए ऑपरेशन में शव बरामद किए गए. हमास के नेतृत्व वाले 7 अक्टूबर के हमले की सुबह ये तीनों रीम के पास सुपरनोवा संगीत समारोह में थे, जहां से वे मेफल्सिम क्षेत्र में भाग गए.

# वीजा पाने के लिए नकली डकैती, चार भारतीयों समेत छह लोगों पर साजिश का आरोप

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में चार भारतीय नागरिकों सहित छह व्यक्तियों पर आरोप है कि उन्होंने शिकागो और उसके उपनगरों में सशस्त्र नकली डकैतियों की साजिश रची, ताकि कथित पीड़ित, अमेरिका में कुछ अपराध पीड़ितों के लिए आरक्षित आव्रजन वीजा के लिए आवेदन कर सकें। शिकागो की संघीय अदालत में आरोप लगाया गया कि भीखाभाई पटेल, नीलेश पटेल, रवीनाबेन पटेल और रजनी कुमार पटेल ने पार्थ नायी और केवोंग यंग के साथ मिलकर नकली डकैतियों की साजिश रची ताकि वे स्वयं को 'पीड़ित' दिखाकर 'यू' गैर प्रवासी दर्जे (यू-वीजा) के लिए आवेदन कर सकें। यू-वीजा उन कुछ अपराधों के पीड़ितों के लिए आरक्षित रखा गया है, जिन्होंने मानसिक या शारीरिक शोषण सहा है और जांच या अभियोजन में कानून प्रवर्तन या सरकारी अधिकारियों की मदद की है। अभियोग में आरोप लगाया गया है कि चार व्यक्तियों ने इस घोटाले में भाग लेने के लिए नायी को हजारों डॉलर का भुगतान किया। अभियोग में कहा गया है कि नकली डकैती के दौरान कुछ लोग हथियार लेकर कथित पीड़ितों के पास गए



और उनसे लूटपाट की।

इसमें कहा गया है कि बाद में कथित पीड़ितों ने इस बात का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए स्थानीय कानून प्रवर्तन में प्रपत्र जमा किए कि वे एक अपराध के शिकार हुए और उन्होंने जांच में सहयोग किया है एवं आगे भी करते रहेंगे। न्याय विभाग ने एक बयान में बताया कि प्रमाणीकरण के बाद कुछ कथित पीड़ितों ने डकैती के शिकार के रूप में अपनी कथित स्थिति के आधार पर अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवाओं में फर्जी यू-वीजा आवेदन जमा किए। नायी (26), यंग (31), भीखाभाई पटेल (51), नीलेश पटेल (32), रवीनाबेन पटेल (23) और रजनीकुमार पटेल (32) पर वीजा धोखाधड़ी की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। रवीनाबेन पटेल पर वीजा आवेदन में गलत बयान देने का एक अलग आरोप भी लगाया गया है। एक मीडिया विज्ञप्ति में बताया गया है कि धोखाधड़ी की साजिश के आरोप में अधिकतम पांच साल की सजा हो सकती है जबकि वीजा आवेदन में झूठे बयान देने के आरोप में 10 साल तक की सजा हो सकती है।

# बाहरी बनाम लोकल की जंग: किर्गिस्तान में क्यों निशाने पर आए भारतीय और पाकिस्तानी छात्र?

एजेंसी

**किर्गिस्तान।** किर्गिस्तान में पाकिस्तानी और भारतीय छात्रों के खिलाफ हिंसा भड़की हुई है. मेडिकल पढ़ाई करने आए विदेशी छात्रों के साथ मारपीट की जा रही है. उनके हॉस्टल में घुसकर स्थानीय लोग और लोकल स्टूडेंट उन पर हमले कर रहे हैं. तोड़फोड़ को अंजाम दे रहे हैं. विदेशी छात्राओं के साथ छेड़छाड़ और बदसलूकी की जा रही है. हैरानी की बात ये है कि इस पूरे बवाल में अब तक 4 पाकिस्तानी छात्रों की मौत का दावा किया जा रहा है. आखिर किर्गिस्तान में बाहरी बनाम लोकल में क्यों मचा है संग्राम?

किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक की सड़कों पर बवाल मचा हुआ है. खास तौर पर किर्गिस्तान में भारत और पाकिस्तान के छात्रों को निशाना बनाया जा रहा है. लोकल स्टूडेंट के साथ-साथ स्थानीय लोग भी विदेशी छात्रों से मारपीट कर रहे हैं. हैरान करने वाली बात ये है कि पुलिस की मौजूदगी में स्थानीय लोग विदेशी छात्रों को टारगेट कर रहे हैं. उन्हें लाठी-डंडों से मार रहे हैं.

**क्या है पूरा विवाद और कैसे शुरू हुआ?**

दरअसल, ये पूरा विवाद मिस्र की लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से शुरू हुआ. 13 मई को मिस्र की



छात्राओं के साथ छेड़छाड़ हुई थी. इसके बाद मिस्र के छात्र स्थानीय स्टूडेंट से भिड़ गए. इसी विवाद के बाद स्थानीय छात्रों ने मारपीट शुरू कर दी. विदेशी छात्रों के होस्टल और कमरों में तोड़फोड़ की गई. किर्गिज छात्रों ने पाकिस्तान-भारत के स्टूडेंट पर हमले किए.

**4 पाकिस्तानी छात्रों की मौत का दावा**

बिश्केक में अब तक 4 पाकिस्तानी छात्रों की मौत का दावा है. हालांकि, पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तानी छात्रों के मौत की खबर की पुष्टि नहीं की है. मगर अब तक पाकिस्तान की तरफ से छात्रों से किसी भी तरह की बातचीत का दावा भी नहीं किया गया है. वहीं भारत के विदेश मंत्रालय ने किर्गिस्तान एंबेंसी से बात कर भारतीय छात्रों की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा उठाया है और भारतीय छात्रों को फिलहाल बाहर न निकलने की अपील की है।

# यूक्रेन में हमला तेज करेगा रूस, राष्ट्रपति जेलेंस्की ने किया चौंकाने वाला दावा

एजेंसी

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रूस को लेकर बड़ा दावा किया है. उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि रूस उत्तर-पूर्व में अपना हमला बढ़ाएगा. साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि कीव के पास हवाई सुरक्षा का केवल एक चौथाई हिस्सा है. रूसी सेना, जिसने हाल के महीनों में कम प्रगति की है. रूस ने 10 मई को खार्किव क्षेत्र में एक आश्चर्यजनक हमला किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें डेढ़ साल में सबसे बड़ा क्षेत्रीय लाभ हुआ. जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेनी बलों द्वारा रोके जाने से पहले रूसी सैनिक पूर्वोत्तर सीमा पर पांच से 10 किमी तक आगे बढ़ने में कामयाब रहे. लेकिन उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र पर पहला हमला हो सकता है.

**रूस के लिए बड़ी सफलता**

उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि यह (रूस के लिए) एक बड़ी सफलता है, लेकिन हमें शांत रहना होगा और समझना होगा कि वे हमारे क्षेत्र में गहराई तक जा रहे हैं. ज़ेलेंस्की ने कहा कि खार्किव क्षेत्र में स्थिति नियंत्रित है लेकिन स्थिर नहीं हुई है. हालांकि रूस और यूक्रेन युद्ध अपने तीसरे साल में चल रहा है. इसलिए उन्होंने रूस की एयर पावर का मुकाबला करने के लिए अधिक एयर सिक्योरिटी और फाइटर जेट भेजने के लिए सहयोगियों से अनुरोध दोगुना कर दिया. उन्होंने कहा कि आज, यूक्रेन की रक्षा के लिए हमें जो कुछ चाहिए, उसका लगभग 25 प्रतिशत हमारे पास है. ज़ेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन को रूस के साथ हवाई क्षमता हासिल करने के लिए 120 से 130 एफ-16 लड़ाकू जेट या अन्य उन्नत विमानों की आवश्यकता है।

# भारतीय महिलाएं सार्वजनिक नृत्यों में नहीं लेती भाग, एक्स उपयोगकर्ता की ऑनलाइन आलोचना

एजेंसी



**कोलंबस।** एक सोशल मीडिया उपयोगकर्ता को चीन से एक नृत्य वीडियो पोस्ट करने और दावा करने के बाद आलोचना का सामना करना पड़ रहा है कि भारतीय महिलाएं सार्वजनिक रूप से होने वाली मनोरंजक गतिविधियों मेंशायद ही भाग लेती हैं।एक्स उपयोगकर्ता, जो अपने बायो के अनुसार एक डॉक्टर है, ने कैप्शन के साथ एक वीडियो पुनः साझा किया, शेन्ज़ेन में स्क्वायर डांस। पोस्ट में यूजर ने लिखा, एक भारतीय के लिए यह कितना विचित्र दृश्य है। आपने हमारे सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार की मनोरंजक गतिविधि में इतनी अधिक महिलाओं को भाग लेते नहीं देखा होगा।चीन में स्क्वायर डांसिंग संस्कृति सामान्य रूप से महिलाओं की सुरक्षा और देश में सार्वजनिक स्थानों की गुणवत्ता के बारे में बहुत कुछ बताती है।

# आतंकियों के निशाने पर लड़कियों की पढ़ाई, पाकिस्तान में गर्ल्स स्कूल्स में हो रहे हमले

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** जहां हर देश में शिक्षा के महत्व को समझते हुए उसको हर कोने-कोने तक पहुंचाने की तैयारी चल रही है, इसी बीच पाकिस्तान में स्कूलों पर हो रहे हमलों से लड़कियों की शिक्षा पर काफी असर पड़ रहा है. इसी कड़ी में पिछले हफ्ते हुए स्कूल पर बमबारी के बाद एक बार फिर लड़कियों के स्कूल पर आतंकवादी हमला हुआ. आतंकवादियों ने एक और लड़कियों के स्कूल को बम से उड़ा दिया.

पाकिस्तान में आतंकवाद की चल रही लहर के बीच खैबर पख्तूनख्वा में आतंकवादियों ने दक्षिण वजीरिस्तान की वाना तहसील में लड़कियों के स्कूल के एक हिस्से पर बमबारी की. फिलहाल लड़कियों का यह स्कूल बन ही रहा था, जिसके एक हिस्से को बम से उड़ा दिया गया, जिसके बाद लोगों में दशहत फैल गई.

**स्कूल को बम से उड़ाया**

वजीरिस्तान देश का उत्तर-पश्चिमी हिस्सा है जो 2021 से ही आतंकवादी हमलों की चपेट में है, जिससे खैबर पख्तूनख्वा के जिलों में कई लड़कियों के स्कूलों पर बम दागें गए. लगातार लड़कियों की स्कूल पर हो रहे इन हमलों के चलते लड़कियों की शिक्षा पर काफी असर पड़ रहा है.

वजीरिस्तान के जिस स्कूल को बम से उड़ाया गया उसका नाम सोफिया नूर स्कूल है, कुछ हफ्ते पहले ही लड़कियों की शिक्षा के लिए वाना वेलफेयर एसोसिएशन की मदद से यह स्कूल स्थापित किया गया था. सोफिया नूर स्कूल पर हुए इस हमले के 8 दिन पहले ही 9 मई को उत्तरी वजीरिस्तान के शेवा शहर में इस्लामिया गर्ल्स स्कूल पर



बमबारी की गई थी. हालांकि, बम हमले में किसी की जान नहीं गई, लेकिन लड़कियों की पढ़ाई पर असर हुआ.

**कब हुआ विस्फोट**

स्कूल पर हुए हमले से लोगों के बीच दशहत फैल गई, वहां के लोग सालों से लगभग दैनिक आधार पर स्कूलों पर हमले देख रहे हैं. स्कूल के कुछ ब्लॉक में निर्माण चल रहा था. रिपोर्ट्स के मुताबिक, तड़के करीब 3 बजे स्कूल में विस्फोट हुआ, जिससे इमारत का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है. लेकिन लड़कियों की पढ़ाई को कितना नुकसान पहुंचा, उनको वापस स्कूल पहुंचने में कितना समय लगेगा इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है.

**स्कूल प्रशासन ने क्या कहा**

कुछ सोशल मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया कि स्कूल प्रशासन को रंगदारी के लिए पत्र मिले थे. हालांकि स्थानीय लोगों ने इससे साफ इनकार किया है. वाना वेलफेयर एसोसिएशन के प्रवक्ता ने कहा, स्कूल पर हमला करने वाले लोग वजीरिस्तान के लोगों को शिक्षा और विकास से दूर रखना चाहते हैं. हालांकि, इससे हम हतोत्साहित नहीं होंगे और हम नई पीढ़ी को तालीम देने जारी रखेंगे. प्रवक्ता ने कहा कि उनके संगठन को लगभग एक महीने पहले÷ एक आतंकवादी समूह से एक पत्र मिला था जिसमें उनसे पैसों की मांग की गई थी. प्रवक्ता ने बताया कि कुछ दिनों बाद, हमारे कार्यालय में एक और पत्र भेजा गया, जिसमें 10 मिलियन रुपये की मांग की गई.

इस हमले का अफगानिस्तान से कनेक्शन हो सकता है इस तरफ इशारा करते हुए एक सदस्य ने कहा कि हमें अफगान नंबरों से धमकी भरे कॉल आने लगे, जिसमें जबरन वसूली की मांग की गई. सदस्य ने यह भी आरोप लगाया कि स्कूल प्रशासन को बताया गया था कि स्थानीय तालिबान गुटों से मांगें आ रही थीं. उन्होंने कहा, ÷हमने स्थानीय स्तर पर इन आतंकवादी समूहों तक पहुंचने की कई कोशिश की लेकिन असफल रहे. इन हमलों पर जिला सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि तालिबान गुट इलाके में स्थानीय व्यापारियों से जबरन वसूली कर रहे हैं. उन्होंने कहा, जो लोग भुगतान करने से इनकार करते हैं उन्हें निशाना बनाया जाता है, उनके घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया जाता है या मार डाला जाता है. उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में कई व्यापारियों का अपहरण और हत्या कर दी गई है।

# ओहियो की राजधानी कोलंबस में सुबह-सुबह गोलीबारी, 3 की मौत, 3 घायल

एजेंसी

**कोलंबस।**ओहियो की राजधानी कोलंबस में सुबह-सुबह हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए. कोलंबस पुलिस ने कहा कि गोलीबारी की सूचना शहर के उत्तर में इटालियन विलेज पड़ोस में सुबह 3 बजे से कुछ देर पहले मिली थी.

डिप्टी चीफ ग्रेगरी बोडकर ने बताया कि दो मिनट बाद पहुंचे अधिकारियों ने पाया कि छह लोगों को गोली लगी हुई थी. पुलिस ने कहा कि दो लोगों को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया और तीसरे व्यक्ति की अस्पताल में मौत हो गई. नकी पहचान 27 वर्षीय मलाची पी, 26 वर्षीय गार्सिया डिक्सन जूनियर और 18 वर्षीय डोनड्रे बुलॉक के रूप में की गई. बोडकर ने कहा कि तीन अन्य लोगों को अस्पतालों में ले जाया गया, जहां एक की हालत गंभीर थी और दो अन्य की हालत स्थिर थी. पुलिस ने कहा कि सभी के जीवित रहने की उम्मीद है. बोडकर ने कहा कि जांच में कई गवाहों से बात की जा रही है. किसी भी संदिग्ध की तुरंत पहचान नहीं की गई है. बोडकर ने कहा कि गोलीबारी का मकसद तुरंत पता नहीं चला और यह भी स्पष्ट नहीं है कि इसमें कितने लोग शामिल थे. फ्रैंकलिन काउंटी शेरिफ कार्यालय बड़े अपराध स्थल का डॉक्यूमेंटेशन करने में मदद के लिए ड्रोन का उपयोग कर रहा था, जहां पुलिस सबूत और वीडियो एकत्र कर रही थी.

# राफा में इजराइल के विध्वंसक हमले जारी, अब तक 8 लाख लोग कर चुके पलायन

एजेंसी

**राफा।** गाजा और इजराइल के बीच शुरू हुई जंग थमने का नाम नहीं ले रही है. अब दक्षिण गाजा का शरह राफा जंग के मैदान में तब्दील हो गया है. गाजा में हमले होने के बाद दक्षिण गाजा के राफा शहर में फिलिस्तिनियों ने पनाह ली थी, लेकिन अब वो शहर भी उनके लिए सुरक्षित पनाहगाह नहीं रह गई है. राफा में इजराइली सेना ने बम दागे और हमला किया. जिसके बाद अब संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट सामने आई है जिसमें जानकारी दी गई कि, 8 लाख फिलिस्तिनी राफा से इजराइली हमलों के चलते पलायन करने पर मजबूर है. इजारइल ने जानकारी दी कि इजराइल की सेना ने हमलों को लेकर कहा कि उसकी वायु सेना ने गाजा में 70 से ज्यादा ठिकानों को निशाना बनाया, साथ ही सैनिकों ने पूर्वी राफा में छापे मारे, जिसमें 50 आतंकवादी मारे गए और दर्जनों सुरंगों का पता लगाया. फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी यूएनआरडब्ल्यूए के प्रमुख फिलिप लाज़ारिनी ने कहा कि जब से इजराइल का राफा ऑपरेशन शुरू हुआ है, तब से बड़े पैमाने पर लोगों ने पलायन किया है. उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर कहा, ÷6 मई को इजरायली बलों ने राफा ऑपरेशन शुरू किया जिसके बाद से राफा की लगभग आधी आबादी या लगभग 8 लाख लोग सड़क पर आ गए हैं और वो शहर से पलायन करने के लिए मजबूर है. हमास की सशस्त्र शाखा, एजेदीन



अल-कसम ब्रिगेड ने कहा कि हमास ने इजराइल के अश्कलोन बंदरगाह पर रॉकेटों की बौछार की और उत्तरी गाजा में जबालिया शरणार्थी शिविर में एक इजराइली कमांड सेंटर को निशाना बनाया.इजरायली सेना पिछले 10 दिनों से राफा ऑपरेशन चला रही है, जिसको इजरायली सेना ने राफा में ÷सीमित÷ ऑपरेशन कहा. इजराइल के इस ऑपरेशन के चलते फिलिस्तीनियों का पलायन शुरू हो गया है. इजरायली आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास के हमले के बाद इजराइल और हमास के बीच यह युद्ध शुरू हुआ. जिसके चलते हजारों लोगों की अब तक मौत हो गई है. हमास के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, गाजा में लगभग 35 हजार लोग मारे गए हैं.

साथ ही मंत्रालय के एक बयान में कहा गया कि पिछले 24 घंटे में कम से कम 83 मौतें हुई. 7 अक्टूबर के हमले के दौरान इजराइल से बंधक बनाए गए 252 लोगों में से 125 अभी भी गाजा में बंद हैं, जिनमें से सेना ने बताया कि 37 की मौत हो चुकी है।

# इजराइल के खिलाफ अमेरिका में फिर प्रदर्शन, फिलिस्तीन समर्थकों ने बारिश के बीच निकाली रैली

एजेंसी

**वाशिंगटन।** इजराइल के खिलाफ सैकड़ों फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने यूएस कैपिटल के सामने रैली की. इस दौरान उन्होंने फिलिस्तीन समर्थक नारे लगाए और इजराइली और अमेरिकी सरकारों की आलोचना की. उन्होंने गाजा में युद्ध और पलायन को चिह्नित किया. बता दें कि लगभग 700,000 फ़िलिस्तीनी 1948 में राज्य के निर्माण के समय वर्तमान इज़राइल से चले गए थे.तबाही के लिए अरबी शब्द नकबा, की 76वीं वर्षगांठ पर लगभग 400 प्रदर्शनकारियों ने नेशनल मॉल पर रैली करने के लिए लगातार बारिश का सामना किया. हजारों फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने के लिए देश की राजधानी में इकट्ठा हुए थे.

प्रदर्शनकारियों ने फिलिस्तीनी अधिकारों के समर्थन और गाजा में इजराइली सैन्य अभियानों को तत्काल बंद करने की मांग की. इस दौरान चुराई गई जमीन पर शांति नहीं, हत्याएं बंद करो, अपराध बंद करो, फिलिस्तीन से इजराइल को बाहर करो जैसे नारे गूंज रहे थे.

**बाइडेन पर साधा निशाना**

प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति जो बाइडेन पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा कि नरसंहार आपकी विरासत है. जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय की द्वितीय वर्ष की छात्रा रीम लबाबडी ने कहा कि पिछले हफ्ते पुलिस ने उन पर काली मिर्च का छिड़काव किया था, जब उन्होंने परिसर में विरोध प्रदर्शन को तोड़ दिया था. उन्होंने स्वीकार किया कि बारिश के कारण संख्या में कमी आई है. रीम ने कहा कि मुझे हर उस व्यक्ति पर गर्व है जो इस मौसम में अपने मन की बात कहने और अपना संदेश देने के लिए आया है.

# परवीन हुडा के निलंबन के बाद जैस्मीन ओलंपिक क्वालीफायर के 57 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** परवीन हुडा के अंतरराष्ट्रीय निलंबन के कारण भारत को पेरिस खेलों के लिए महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग का कोटा छोड़ने के लिए मजबूर होने के बाद जैस्मीन लेम्बोरिया 24 मई से थाईलैंड में दूसरे ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में प्रतिस्पर्धा करेंगी।परवीन को 12 महीनों में तीन ठिकाने संबंधी विफलताओं के लिए निलंबित कर दिया गया था।विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने शुक्रवार को परवीन को 22 महीने के लिए निलंबित कर दिया। अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) द्वारा ठिकाने की विफलता के लिए कोटा विजेता परवीन के निलंबन के बाद जैस्मीन 57 किग्रा वर्ग में थाईलैंड में दूसरे ओलंपिक क्वालीफायर में प्रतिस्पर्धा करेगी। ओलंपिक क्वालीफायर 24 मई से शुरू होंगे, बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने कहा।जैस्मीन ने पहले क्वालीफायर और पिछले साल हांग्जो एशियाई खेलों में 60 किग्रा में प्रतिस्पर्धा की थी। उन्होंने 2022 बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में 60 किग्रा में कांस्य पदक जीता था।भारतीय मुक्केबाजी के लिए एक अभूतपूर्व शर्मिंदगी में, परवीन के निलंबन के कारण देश को महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग का ओलंपिक कोटा छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# केन्याई धावक रॉजर्स क्वेमोई पर रक्त डोपिंग के लिए 6 साल का प्रतिबंध

एजेंसी

**लन्दन।** केन्याई ओलंपियन और पूर्व विश्व अंडर-20 10,000 मीटर चैंपियन रॉजर्स क्वेमोई पर एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) द्वारा रक्त डोपिंग के लिए छह साल का विस्तारित प्रतिबंध लगाया गया है।सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 24 अप्रैल, 2024 को हस्ताक्षरित और एआईयू द्वारा सार्वजनिक किए गए एक फैसले के अनुसार, क्वेमोई को अपने एथलीट के जैविक पासपोर्ट (एबीपी) में असामान्यताओं के कारण अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए रक्त बूस्टर का उपयोग करने का दोषी पाया गया था।27 वर्षीय धावक को पोलैंड में ब्यडगोस्ज़कज़ 2016 विश्व 20 चैंपियनशिप में अपनी शानदार जीत के बाद पूर्वी अफ्रीकी देश में लंबी दूरी की ट्रैक दौड़ का भविष्य माना जाता था।हालाँकि, लंदन में बैठे और डेविड शार्प की अध्यक्षता वाले तीन-न्यायाधीशों के पैनल ने उन्हें रक्त डोपिंग का दोषी ठहराया। क्वेमोई 18 जुलाई 2016 और 8 अगस्त 2023 के बीच अर्जित सभी खिताब, रिकॉर्ड और कमाई भी जब्त कर लेंगे, इसके अलावा उन्हें अपने मामले पर मुकदमा चलाने की लागत के हिस्से के रूप में विश्व एथलेटिक्स को 3,000 अमेरिकी डॉलर का भुगतान करने का आदेश दिया जाएगा।क्वेमोई, जिन्होंने 2022 में इस्तांबुल हाफ मैराथन कोर्स में 59÷15 का रिकॉर्ड बनाया था, ने लंदन के एक वकील के माध्यम से अपने मामले पर बहस करने के लिए तीन-न्यायाधीशों की सुनवाई को चुना, जिन्होंने एआईयू द्वारा उनके प्रतिकूल विश्लेषणात्मक निष्कर्षों के बारे में सूचित किए जाने के बाद उनका निशुल्क प्रतिनिधित्व किया था।

# फोडेन को ईपीएल प्लेयर ऑफ द सीजन चुना गया

**लंदन।** मैनचेस्टर सिटी के फिल फोडेन को प्रीमियर लीग का प्लेयर ऑफ द सीजन चुना गया है।इस महीने की शुरुआत में इंग्लैंड के 23 वर्षीय मिडफील्डर को फुटबॉल राइटर्स एसोसिएशन फुटबॉलर ऑफ द ईयर चुना गया था। सिटी के अंतिम गेम से पहले, फोडेन ने इस सीज़न में प्रीमियर लीग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 17 गोल और आठ सहायता का दावा किया है।फोडेन ने कहा, यह पुरस्कार जीतना एक उपलब्धि है जिस पर मुझे बेहद गर्व है। प्रीमियर लीग को दुनिया की सबसे बड़ी लीग माना जाता है और इतने सारे महान खिलाड़ियों के साथ नामांकित होना खुशी की बात है, जिन्होंने अपने क्लबों के लिए विशेष सीज़न का आनंद लिया है।÷केवल एर्लिंग हालैंड (27) ने सिटी के लिए फोडेन से अधिक लीग गोल किए हैं, जो रविवार को वेस्ट हैम के खिलाफ घरेलू मैदान पर जीत हासिल करने पर लगातार चौथा इंग्लिश खिताब सुरक्षित कर लेंगे।फोडेन ने कहा, ÷कुल मिलाकर, मैंने इस सीज़न में जिस तरह से खेला है उससे मैं बहुत खुश हूं और वास्तव में खुश हूं कि मैं पूरे सीज़न में गोल और सहायता के साथ योगदान देने में सक्षम रहा हूं। मैं शहर के सभी कर्मचारियों, कोचों और विशेष रूप से अपने टीम-साथियों को धन्यवाद देना चाहता हूं क्योंकि उनके बिना यह संभव नहीं होता। और मैं इस अवसर पर उन सभी को भी धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने पुरस्कार के रूप में मेरे लिए वोट किया बहुत।

# निकहत ज़रीन ने ज़ज़ीरा उराकबायेवा को 5:0 से हराया, एलोर्डा कप 2024 जीता

**नई दिल्ली।** दो बार की विश्व चैंपियन निखत ज़रीन ने महिलाओं के 52 किग्रा वर्ग में कजाकिस्तान की ज़ज़ीरा उरकबायेवा को सर्वसम्मत निर्णय से 5:0 से हराकर एलोर्डा कप जीता। निखत के अलावा मिनाक्षी (48 किग्रा), अनामिका (50 किग्रा) और मनीषा (60 किग्रा) ने भी आसानी से फाइनल में जगह बना ली। मिनाक्षी और मनीषा ने अपने सेमीफाइनल में समान प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए क्रमशः कज़ाख मुक्केबाज गुलनाज़ बुरीबायेवा और तंगतर असेम के खिलाफ 5-0 से सर्वसम्मति से जीत हासिल की। दूसरी ओर, अनामिका को विजयी घोषित किया गया क्योंकि उनकी प्रतिद्वंद्वी कजाकिस्तान की गुलनार तुरापबे को तीन चेतावनियों के बाद अत्यधिक पकड़ के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इस बीच, सोनू (63 किग्रा) और मंजू बंबोरिया (66 किग्रा) ने अपने आखिरी मुकाबलों में विपरीत हार झेलने के बाद कांस्य पदक के साथ अपना अभियान समाप्त किया।

# बेंगलुरु प्लेऑफ में पहुंची, रोमांचक मैच में चेन्नई को 27 रनों से हराया

एजेंसी

**बेंगलुरु।** सांस रोक देने वाले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गत विजेता चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को 27 रन से हरा कर प्लेऑफ में शान के साथ प्रवेश कर लिया। चिन्नास्वामी स्टेडियम पर 219 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई एक समय प्लेऑफ में क्वालीफाई करने के लिये जरुरी 200 रन के लक्ष्य के करीब थी और आखिरी ओवर महेंद्र सिंह धोनी (25) और रविंद्र जडेजा (42 नाबाद) को सिर्फ 17 रन बनाने थे।

ऐसे में बेंगलुरु के कप्तान फॉफ डुप्लेसी ने गेंद यश दयाल को थमाई जिसकी पहली गेंद पर धोनी ने जोरदार छक्का लगा कर मैदान में मौजूद बेंगलुरु के प्रशंसकों को क्रास फिंगर करने में मजबूर कर दिया था और ऊपर वाले ने उनकी प्रार्थना सुन ली जब अगली ही गेंद को बाउंड्री पार पहुंचाने के प्रयास में धोनी स्वनिल सिंह को कैच थमा बैठे और मैच का पासा पलट गया।

आखिरी की चार गेंदों में चेन्नई को प्लेऑफ में पहुंचने के लिये 11 रन चाहिये थे मगर उन्होने कमाल की गेंदबाजी कर सिर्फ एक रन ही दिया और अपनी टीम एवं मैदान पर बैठे 33 हजार दर्शकों को खिलखिलाने का मौका दे दिया। यहां दिलचस्प है कि एक समय टूर्नामेंट से लगभग बाहर निकल चुकी आरसीबी ने अपने आखिरी के छह मैच लगातार जीत कर प्लेऑफ में पहुंचने का इतिहास रचा है। टीम को यहां तक पहुंचाने में विराट कोहली और कप्तान डुप्लेसी की भूमिका अहम रही है।



आरसीबी ने पहले खेलते हुये पांच विकेट पर 218 रन बनाये थे जिसके जवाब में सीएसके सात विकेट पर 191 रन ही बना सकी। रचिन रविंद्र (61) ने अपनी टीम के लिये सर्वाधिक योगदान दिया मगर वे दुर्भाग्यशाली तरीके से रन आउट हुये। आंजिक्य रहाणे (22) ने भी अपनी टीम को जीत की दहलीज पर ले जाने का भरसक प्रयास किया।

शिवम दुबे (7) का प्रदर्शन आज भी निराशाजनक रहा। वे न सिर्फ रविंद्र को रन आउट कराने के कसूरवार बने बल्कि आठ डाट गेंदे भी खेली। इससे पहले विराट कोहली (47) और फॉफ डुप्लेसिस (54) की अच्छी शुरुआत के बाद रजत पाटीदार (41) और कैमरुन ग्रीन (38 नाबाद) की तेज तर्रार पारियों की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पांच विकेट पर 218 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा कर लिया। टूर्नामेंट के प्लेऑफ में पहुंचने की निर्णायक लड़ाई में आरसीबी का लक्ष्य जीत के साथ सीएसके को 200 रन के भीतर रोकना था वरना नेट रन रेट के हिसाब से वह प्लेऑफ में प्रवेश नहीं कर सकती थी वहीं चेन्नई अगर 17 रन से कम रन से हारती तो वह प्लेऑफ में पहुंच जाती थी। टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने सधी शुरुआत की। विराट और डुप्लेसिस ने लगभग आठ रन प्रति ओवर की गति से रन बटोरे। दोनों बल्लेबाज मिचेल सेंटनर का शिकार बने। विराट को सेंटनर ने लांग आन पर डेरिल मिचेल के हाथों कैच कराया वहीं डुप्लेसिस को रन आउट कर पवेलियन का रास्ता दिखाया। बाद में रजत पाटीदार ने 23 गेंदो में दो चौके और चार छक्के लगाकर रन गति को दिशा दिखायी जिसमें कैमरन ग्रीन ने भरपूर साथ दिया। उन्होने अपनी 17 गेंदों की नाबाद पारी में तीन चौके और तीन छक्के लगाये। दिनेश कार्तिक (14) और ग्लेन मैक्सवेल (16) रन गति बढाने के प्रयास में शार्दुल और तुषार देशपांडे का शिकार बने।

# हार्दिक पांड्या की हूटिंग का असर मुबंई के प्रदर्शन पर पड़ा : कोच मार्क बाउचर

एजेंसी

**मुबंई।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने स्वीकार किया है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में हार्दिक पंड्या के खिलाफ मैदान पर लगातार हूटिंग का असर टीम पर पड़ा है। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ 18 रनों की हार के साथ मुबंई का आईपीएल के मौजूदा सत्र में निराशाजनक सफर खत्म हुआ। इस हार से टीम सबसे निचली पायदान पर आ गयी।

गौरतलब है कि गुजरात टाइटंस की कप्तान छोड़ कर मुबंई इंडियंस में शामिल हुये हार्दिक पंड्या को रोहित शर्मा के स्थान पर टीम का कप्तान बनाया गया था। टीम प्रबंधन के इस फैसले से मुबंई के फैंस खासे नाराज दिखे और मुबंई के लगभग सभी मैचों में पंड्या को दर्शकों के कोपभाजन का शिकार बनना पड़ा। बाउचर ने कहा, फैंस की नाराजगी टीम के लिये कड़ुआ अनुभव था। मुझे हार्दिक के लिए काफ़ी बुरा लग रहा था। इस तरह के अनुभव से गुजरना कहीं से भी आसान नहीं होता है। टीम में कई ऐसी चीजें हैं, जिनके बारे में हमें चर्चा करनी होगी।




हालांकि, अभी तुरंत उन चीज़ों पर चर्चा करना सही नहीं है। अभी टीम का हर सदस्य काफ़ी भावुक और निराश है। इसी कारण से हम अभी कोई फ़ैसला नहीं लेने वाले हैं। सबसे पहले हमें यह मूल्यांकन करना है कि हमने कहां ग़लती की। उन्होने कहा कि इस सीज़न में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं था, लेकिन उम्मीद है कि टीम प्रबंधन अगले सीज़न से पहले कुछ अच्छे फ़ैसले करेगा। इस सीज़न में बहुत सारी ऐसी चीज़ें हो रही थीं, जिनका हिस्सा बनना कहीं से भी अच्छा अनुभव नहीं था। कुछ चीज़ें पहले किसी खिलाड़ी को प्रभावित करती हैं और फिर टीम को भी प्रभावित करती है।

इस संदर्भ में हमें विचार करने की ज़रूरत है और उम्मीद है कि आगे कुछ अच्छे फ़ैसले किए जाएंगे ताकि मैदान के बाहर की चीज़ों पर भी ध्यान दिया जा सके। हार्दिक ने इस सीज़न 13 पारियों में सिर्फ़ 18 की औसत से मात्र 216 रन बनाए। साथ ही गेंद के साथ उन्होंने 12 पारियों में 11 विकेट लिए और उनकी इकॉनमी 10.75 की रही।

# ससी हीरेनवीन के मुख्य कोच बने पूर्व डच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रॉबिन वैन पर्सी

एजेंसी

**द हेग।** एससी हीरेनवीन ने पूर्व डच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रॉबिन वैन पर्सी को आगामी दो सीज़न के लिए नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। 40 वर्षीय वैन पर्सी के लिए यह पेशेवर फुटबॉल में मुख्य कोच के रूप में उनकी पहली नौकरी है। उन्होंने उत्तरी प्रांत फ्राइज़लैंड के क्लब हीरेनवीन के साथ दो साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जो शीर्ष डच फुटबॉल लीग इरेडिविसी में 10 वें स्थान पर है।वैन पर्सी, जो हीरेनवीन में मुख्य कोच के रूप में कीस वैन वंडरेन की जगह लेते हैं, 2019 में फेयेनोर्ड में एक फुटबॉल खिलाड़ी के रूप में सेवानिवृत्त हुए और फेयेनोर्ड में एक सहायक और स्ट्राइकर कोच के रूप में अपना कोचिंग करियर शुरू किया। वर्तमान में वह फेयेनोर्ड अंडर-18 के कोच हैं। उन्होंने अगले सीज़न से फेयेनोर्ड



अंडर-21 के कोच बनने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया था। वैन पर्सी ने अपने खेल करियर की शुरुआत फेयेनोर्ड से की और बाद में आर्सेनल, मैनचेस्टर यूनाइटेड, फेनरबाश और फेयेनोर्ड के लिए फिर से खेले। उन्होंने नीदरलैंड के लिए 102 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 50 गोल किए हैं।

# पेरिस ओलम्पिक सिलेक्शन ट्रायल्स: 50मी. 3 पोजीशन रायफल इवेंट में ऐश्वर्य प्रताप शीर्ष पर

एजेंसी

**भोपाल।** पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित राज्य शूटिंग अकादमी में आयोजित में सिलेक्शन ट्रायल संपन्न हुआ। इसमें 50 मी. 3 पोजीशन इवेन्ट में मप्र राज्य अकादमी के दो खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना शीर्ष तीन स्थानों में जगह बनाने में सफलता हासिल की है। इनमें ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया जबकि आशी चौकसे तीसरे स्थान पर रहीं।

जनसम्पर्क अधिकारी विकास खराड़कर ने बताया कि ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेल का आयोजन पेरिस में 26 जुलाई से 11 अगस्त 2024 के मध्य होना है। ओलम्पिक गेम्स पेरिस के सिलेक्शन ट्रायल का आयोजन 11 से 18 मई तक भोपाल स्थित मप्र राज्य शूटिंग अकादमी में किया गया। इसमें मप्र राज्य खेल अकादमी के 02 खिलाड़ी ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और आशी चौकसे ने प्रतिभागिता की। इस सिलेक्शन ट्रायल में 50 मी. 3 पोजीशन इवेन्ट में ऐश्वर्य प्रताप सिह तोमर ने चार चरणों में शानदार निशाने लगाकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। वहीं, अकादमी की खिलाड़ी आशी चौकसे महिला वर्ग 50 मी. 3 पोजीशन रायफल इवेंट में तीसरे स्थान पर रही।

**पुरूष वर्ग –**

1. ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर - म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी- 592.9 अंक - प्रथम
2. स्वप्निल, रेलवे- 590 अंक - द्वितीय
3. अखिल - रेलवे- 586.7 अंक- तृतीय
4. चयन सिंह - आर्मी- 586.6 अंक - चतुर्थ
5 नीरज - नेवी - 585 अंक- पांचवां स्थान

**महिला वर्ग –**

1. अंजुल मुदगल- पंजाब, 590.9 अंक - प्रथम
2. स्विफ्ट कौर सामरा- पंजाब, 588.5 अंक - द्वितीय
3. आशी चौकसे- मप्र राज्य शूटिंग अकादमी,



587.9 अंक - तृतीय

4 श्रियंका- ओड़िसा- 587 अंक, चतुर्थ

5 निश्चल - हरियाणा. 586 अंक - पांचवां

आशी चौकसे बरखेड़ा पठानी भोपाल की निवासी है। पिता रेल्वे में कार्यरत है। वर्ष 2017 में मप्र राज्य शूटिंग अकादमी, भोपाल में डे-बोर्डिंग स्कीम प्रवेश लिया था। वर्ष 2023 में चायना होंगजाउ में आयोजित एशियन गेम्स में उन्होंने 02 रजत और 01 कांस्य सहित कुल 03 पदक अर्जित किये थे। उन्होंने आई.एसएसएफ वर्ल्ड कप अजरबेजान में मिक्स टीम इवेन्ट में स्वर्ण पदक अर्जित किया था। वर्ल्ड कप जर्मनी में 02 कांस्य पदक, वर्ल्ड कप कोरिया में 01 कांस्य पदक अर्जित किया था। आशी ओलम्पिक ट्रायल में तीसरे स्थान पर ही है।

# आईपीएल 2024 में एलएसजी के खराब प्रदर्शन पर केएल राहुल ने जताई निराशा

एजेंसी

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के अपने आखिरी मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत के बाद, लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के कप्तान केएल राहुल ने कहा कि वह लीग के इस संस्करण में टीम के समग्र प्रदर्शन से निराश हैं।

रोहित शर्मा और नमन धीर की आतिशी पारी के बावजूद मुंबई को वानखेड़े स्टेडियम में आईपीएल 2024 मैच में एलएसजी के खिलाफ 18 रन से हार का सामना करना पड़ा।विकेटकीपर-बल्लेबाज राहुल ने जोर देकर कहा कि मौजूदा सीज़न की शुरुआत में, उन्हें वास्तव में लगा कि एलएसजी के पास एक मजबूत टीम है, जिसमें अधिकांश बेस शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा कि कैश-रिच लीग के चल रहे 17वें संस्करण में लखनऊ फ्रेंचाइजी को काफी चोटों का भी सामना करना पड़ा।

राहुल ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा, बहुत निराशाजनक। सीज़न की शुरुआत में, मुझे वास्तव में लगा कि हमारे पास एक मजबूत टीम थी और अधिकांश बेस कवर थे। कुछ चोटें - हर टीम को होती हैं। हम सामूहिक रूप से अच्छा नहीं खेल सके। हमने मुंबई के खिलाफ सचमुच अच्छा प्रदर्शन किया, यह उस तरह का खेल है जिसे हम और




अधिक खेलना चाहते थे। दुर्भाग्यवश, हमने ऐसा नहीं किया। वास्तव में खुशी की बात यह है कि फ्रेंचाइजी ने भारतीय तेज गेंदबाजों साथ काफी समय और ऊर्जा निवेश की है। ये साल में सिर्फ दो महीने नहीं हैं। हमने मयंक और युद्धवीर को मोर्ने मोर्कल के साथ प्रशिक्षण के लिए दक्षिण अफ्रीका भेजा। उनकी मेहनत रंग लाई है। 32 वर्षीय खिलाड़ी ने आगे कहा कि इस सीज़न में उन्होंने अपनी बल्लेबाजी के बारे में बहुत कुछ सीखा है और उन्हें पता है कि भारतीय टीम में वापस आने के लिए क्या करना है।

उन्होंने कहा, अभी ज्यादा टी20 क्रिकेट नहीं होने वाला है। यह एक ऐसा सीजन रहा है जहां मैंने अपनी बल्लेबाजी के बारे में बहुत कुछ सीखा है और मुझे पता है कि टीम में वापस आने के लिए क्या करने की जरूरत है। हम आदर्श रूप से चाहते थे कि वह (पूरन) ऊपर बल्लेबाजी करें, लेकिन टीम की स्थिति को देखते हुए, हम चाहते हैं कि हमारे वरिष्ठ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी उन स्थानों पर बल्लेबाजी करें जहां वे दबाव झेल सकें। नहीं चाहते थे कि हमारे दो विदेशी बल्लेबाज एक साथ मिलकर बल्लेबाजी करें। मैं अब अपने ससुर की टीम में हूं। हम दोनों विश्व कप में शर्मा जी के बेटे के लिए उत्साह बढ़ाएंगे।

# ओलंपिक चयन ट्रायल : सिफ्ट कौर समरा और नीरज ने मारी बाजी

एजेंसी

**नई दिल्ली/भोपाल।** सिफ्ट कौर समरा ने अपना तीसरा (चार में से) महिलाओं का 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) जीता, जबकि नीरज कुमार ने पुरुषों का 3पी ओएसटी दूसरी बार जीता। ओएसटी 3 एवं 4 राइफल/पिस्टल के अंतिम से पहले वाले दिन के सभी इवेंट्स यहां भोपाल में एम पी राज्य शूटिंग अकादमी रेंज में संपन्न हुए।

सिफ्ट ने महिलाओं के 3पी ओएसटी टी4 फाइनल में 461.3 का स्कोर बनाकर निश्चल को एक अंक से हराया। आशी चौकसे 448.1 के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। पांच महिलाओं की प्रतिस्पर्धा में श्रीयंका सदांगी और अंजुम मौदगिल क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं। पुरुषों की 3पी में, नीरज कुमार 462.9 के साथ शीर्ष पर रहे, जो दूसरे स्थान पर रहे चैन सिंह से 1.7 अंक आगे रहे। ऐश्वर्या तोमर 449.8 के साथ तीसरे स्थान पर रहे जबकि स्वप्निल कुसाले और अखिल श्योराण क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे चार ट्रायल्स में से तीन सर्वश्रेष्ठ स्कोर को ध्यान में रखते हुए, परिणामों ने सिफ्ट को महिलाओं की 3पी में शीर्ष फिनिशर के रूप में पुष्टि की। अंजुम मौदगिल ने भी पांच योग्य निशानेबाजों के बीच ट्रायल में



दूसरे सर्वश्रेष्ठ के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि की। पुरुषों के 3पी में ऐश्वर्या तोमर और स्वप्निल कुसाले चार ट्रायल मैचों की प्रतियोगिता के बाद पहले और दूसरे स्थान पर रहे।श्री कार्तिक सबरी राज ने 631.6 के स्कोर के साथ पुरुषों की एयर राइफल में शीर्ष स्थान हासिल किया, रमिता जिंदल 636.4 (इस महीने की शुरुआत में बाकू विश्व कप में चीन के हान जियायू द्वारा बनाए गए मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.1 अधिक) के साथ दिन की स्टार रहीं। उन्होंने महिलाओं की एयर राइफल में शीर्ष स्थान हासिल किया।

रमिता अब टोटल स्कोर में दूसरे स्थान पर हैं, ओलंपियन एलावेनिल वलारिवन से केवल 0.1 पीछे, जिनका 633.0 का स्कोर उन्हें स्टैंडिंग के शीर्ष पर ले गया। दिन की शुरुआत में रमिता चौथे स्थान पर थीं। मेहुली घोष (633.1) दूसरे और नैन्सी (630.6) और तिलोत्तमा सेन (628.8) क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं।

पुरुषों की एयर राइफल में, नतीजों का स्टैंडिंग पर कोई असर नहीं पड़ा क्योंकि संदीप सिंह (628.3 के साथ चौथे) और अर्जुन बाबूटा (624.7 के साथ पांचवें) ने टोटल स्कोर में अपने शीर्ष दो स्थान बनाए रखे।

मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी स्टैंडिंग में आत्मविश्वास के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, टी4 क्वालिफिकेशन राउंड में 581 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहीं। सुरभि राव (577) दूसरे स्थान पर रहीं जबकि पलक (572) तीसरे स्थान पर रहीं। रिदम सांगवान पलक के साथ समान स्कोर पर थीं लेकिन वाह इनर 10 के स्कोर पर हार गई और उन्हें चौथा स्थान प्राप्त हुआ जबकि ईशा सिंह 572 के साथ पांचवें स्थान पर रहीं।

पुरुषों की एयर पिस्टल में सरबजोत सिंह ने 584 का स्कोर कर ओएसटी टी4 क्वालिफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि अर्जुन सिंह चीमा 583 के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वरुण तोमर (577) तीसरे, रविंदर सिंह (576) चौथे और नवीन (574) पांचवें स्थान पर रहे। एयर पिस्टल में इन परिणामों के बाद वर्तमान टोटल स्कोर में, मनु भाकर और रिदम सांगवान महिलाओं की एयर पिस्टल में पहले और दूसरे स्थान पर हैं, जबकि सरबजोत सिंह और अर्जुन सिंह चीमा पुरुषों की स्पर्धा में पहले और दूसरे स्थान पर हैं।

# पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप : गेट टेस्फॉ ने महिलाओं की 1,500 मीटर टी11 रेस में बनाया विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी

**कोबे।** इथियोपियाई पैरा एथलीट यायेश गेट टेस्फॉ ने यहां पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की 1,500 मीटर टी11 फाइनल में एक नए विश्व रिकॉर्ड के साथ जीत हासिल की। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, दृष्टिबाधित धावक ने मध्य जापानी बंदरगाह शहर कोबे के




यूनिवर्सिएड मेमोरियल स्टेडियम में 4 मिनट 31.77 सेकेंड का समय निकाला, जो पिछले रिकॉर्ड से लगभग छह सेकेंड कम है।

चीन की ही शानशान को 4:34.12 के नए एशियाई रिकॉर्ड के साथ रजत पदक मिला। दक्षिण अफ्रीका की लुज़ैन कोएत्ज़ी ने कांस्य पदक जीता।

पहली बार पूर्वी एशिया में आयोजित और पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों के लिए एक महत्वपूर्ण क्वालीफायर, कोबे 2024 पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में 168 स्पर्धाओं में 100 देशों और क्षेत्रों के 1,000 से अधिक एथलीट प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। कोबे 2024 पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप का 11वां संस्करण है,जो 25 मई तक चलेगा।

# विराट कोहली ने धोनी के आलोचकों की आलोचना की

एजेंसी

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विराट कोहली ने पूर्व चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) एमएस धोनी के आलोचकों की आलोचना की, जिन्होंने शनिवार, 18 मई को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल 2024 के मुकाबले से पहले मैच खत्म करने की उनकी शैली पर सवाल उठाया था।एमएस धोनी संभवतः अपना अंतिम आईपीएल सीज़न खेल रहे हैं क्योंकि वह आईपीएल 2024 के बाद अपने शानदार पेशेवर करियर को अलविदा कहने के लिए तैयार हैं। हालांकि, दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज मौजूदा आईपीएल सीज़न के आखिरी 10 मैचों में निचले क्रम पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे। हालाँकि, आलोचकों का मानना ??था कि पूर्व सीएसके कप्तान तब बल्लेबाजी करने आए जब टीम या तो हार की स्थिति में थी या लगभग जीत की स्थिति में थी।जियो सिनेमा पर बोलते हुए विराट कोहली ने कहा कि एमएस धोनी को तभी पता चलता है कि वह क्या कर रहे हैं, जब वह क्रीज पर होते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के पूर्व कप्तान अक्सर मैच को आखिरी ओवर तक ले जाकर विपक्षी टीम को डरा देते थे और छक्के के साथ मैच खत्म कर देते थे।लोग माही भाई के बारे में कई बार कहते थे, वह मैच को 20वें ओवर, 50वें ओवर तक क्यों ले जा रहे हैं? उन्होंने कितने मैच खत्म किए हैं? उन्होंने कितने गेम खत्म किए हैं। उन्हें पता है कि वह क्या कर रहे हैं। कोई नहीं और जानता है। वह जानता है और वह इसे जीतता है। मेरे लिए, वह मांसपेशीय स्मृति है। कोहली ने कहा. मेरी मानसिकता अलग थी। मैं हमेशा सोचता था, चलो मैच 19वें या 49वें ओवर में खत्म कर देंगे। लेकिन अगर वह वहां अकेला है, तो वह निश्चित रूप से मैच को



आखिरी ओवर तक ले जाएगा और दूसरी टीम को डरा देगा। वे सोचते हैं, वह इसे छक्के के साथ समाप्त कर देगा। एमएस धोनी को अक्सर क्रिकेट के इतिहास में सबसे महान फिनिशरों में से एक माना जाता है। उनकी प्रतिष्ठित फिनिश में से एक 2011 विश्व कप फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ थी, जहां उन्होंने छक्का लगाकर टीम इंडिया को फिनिशिंग लाइन के पार पहुंचाया था।वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल 2024 के मुकाबले में, धोनी ने 4 गेंदों पर 20 रन बनाए, जिसमें हार्दिक पंड्या के 3 छक्के भी शामिल थे, जिससे सीएसके को 20 ओवरों में कुल 206/4 का स्कोर बनाने में मदद मिली और फिर एमआई को 186/6 पर रोक दिया।आईपीएल 2024 में, एमएस धोनी ने 10 पारियों में 68 की औसत और 226.67 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 136 रन बनाए हैं।

# ओलंपिक चयन ट्रायल में सिफ्त कौर समरा, नीरज कुमार जीते

**नई दिल्ली।** सिफ्त कौर समरा ने शनिवार को भोपाल में ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) 3 और 4 के अंतिम दिन महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन प्रतियोगिता में तीसरी बार जीत हासिल की, जबकि नीरज कुमार पुरुषों की स्पर्धा में दूसरी बार विजयी हुए। महिलाओं के 3पी ट्रायल 4 फाइनल में सिफ्ट ने 461.3 का स्कोर बनाकर निश्चल को एक अंक से हरा दिया। आशी चौकसे 448.1 के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। पांच महिलाओं के क्षेत्र में श्रीयंका सदांगी और अंजुम मौदगिल क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं। पुरुषों की 3पी में, नीरज 462.9 के साथ शीर्ष पर रहे, जो दूसरे स्थान पर रहे चैन सिंह से 1.7 अंक आगे थे।ऐश्वर्या तोमर 449.8 के साथ तीसरे स्थान पर रहे, जबकि स्वप्निल कुसाले और अखिल श्योराण क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। चार परीक्षणों में से तीन सर्वश्रेष्ठ स्कोर को ध्यान में रखते हुए, परिणामों ने सिफ्ट को महिलाओं की 3पी में शीर्ष फिनिशर के रूप में पुष्टि की।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 20 मई 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## नैनीताल में सीजन से ठीक पहले दो होटल सील, 5 को नोटिस

**नैनीताल:** पर्यटन नगरी नैनीताल में बरसों से अवैध होटल व गेस्ट हाउस चलने की शिकायतें मिलती रहती हैं, लेकिन संभवतया पहली बार नगर के अवैध होटलों और गेस्ट हाउसों पर बड़ी कार्रवाई की गयी है। प्रशासन की वार्ड स्तर पर गठित की गई 15 टीमें नगर भर में होटलों व गेस्ट हाउसों को चिन्हित कर रही हैं। टीमों ने दो दिन में शहर में 236 होटल व गेस्ट हाउसों को चिन्हित किया है। जबकि आज नगर के होटलों में छापामारी कर अनियमितताएं मिलने पर दो होटलों को सील कर दिया और पांच अन्य को नोटिस जारी किये हैं।

**इन होटलों व गेस्ट हाउसों पर हुई कार्रवाई:** एसडीएम के नेतृत्व में पर्यटन व खाद्य सुरक्षा विभाग तथा नगर पालिका की संयुक्त टीम ने की आ छापेमारी करनते हुए मल्लीताल शेरवानी क्षेत्र में 24 कमरों के होटल वैके इन और 10 कमरों के लेक सिटी गेस्ट हाउस को पंजीकरण नहीं मिलने पर सील कर दिया। जबकि केजीएन गेस्ट हाउस के किऐन में घरेलू सिलिंडर का प्रयोग होने और रेट लिस्ट नहीं मिलने पर सिलिंडर जब्त कर संचालक को नोटिस जारी किया। इसी तरह आवागढ़ क्षेत्र में स्थित होटल राही, ट्रेवलर्स पैराडाइज, स्टार गेस्ट हाउस व होटल फ्रेश वेव को भी पंजीकरण न मिलने सहित अन्य अनियमितताएं मिलने पर नोटिस जारी किये गये। प्रशासन की कार्रवाई से होटल कारोबारियों में हड़कंप मचा रहा।

## निवेशक पश्चिम बंगाल आने से डरते हैं: सुभाष सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

बांकुड़ा: केंद्रीय मंत्री सुभाष सरकार ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को आड़े हाथ लिया। उन्होंने दावा किया कि निवेशक पश्चिम बंगाल आने से डरते हैं। जब तक बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार सत्ता में है, तब तक व्यवसाय राज्य से दूर रहेंगे।

**खराब स्थिति के लिए जिम्मेदार भूमि अधिग्रहण नीति:** केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री ने एक न्यूज एजेंसी को इंटरव्यू दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की भूमि अधिग्रहण नीति और भ्रष्टाचार के आरोप रोजगार की खराब स्थिति के लिए जिम्मेदार हैं। मंत्री ने आगे कहा कि उद्योगपति पश्चिम बंगाल आने से कतराते हैं। राज्य में निवेश आकर्षित करने के लिए इस सरकार को बदलने की सख्त जरूरत है।

# फूलपुर से बैरंग गई दो लड़कों की जोड़ी: योगी

### 2017 और 2019 में दो लड़कों की जोड़ी को फूलपुर की जनता खारिज कर चुकी है: सीएम

**वोट मांगा**

▸▸ जो दलित, पिछड़ों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए खतरा बने थे। उनको मिट्टी में मिला दिया गया है



**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज:** फूलपुर से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण पटेल के समर्थन में सिकंदरा रौजा में सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर निशाना साधा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह धरती इतिहास बनाने वाली है। एक बार फिर फूलपुर में इतिहास बनेगा। उन्होंने कहा कि अभी-अभी पता चला है कि दो लड़कों की जोड़ी बैरंग गई है। 2017 और 2019 में दो लड़कों की जोड़ी को फूलपुर की जनता खारिज कर चुकी है। सीएम ने कहा कि जो दलित, पिछड़ों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए खतरा बने थे। उनको मिट्टी में मिला दिया गया है। अब देश खुश है। सपा वालों को देश की नहीं अपनी राजनीति की चिंता है। उनके काले कारनामे से आप परिचित ही होंगे। उन्होंने कहा कि फूलपुर के एक मौर्या परिवार की जमीन माफिया ने कब्जा कर ली थी। भाजपा सरकार में उसकी जमीन दिलवाई गई और माफिया को मिट्टी मिला दिया गया। दुनिया भर में भारत की साख बढ़ी है। भारत अब सुरक्षित है। पूर्व के सरकार में गरीबों का राशन सपा के गुंडे हड़पते थे। अब देश की 80 करोड़ जनता को फ्री में राशन मिल रहा है। 60 करोड लोगों को स्वास्थ्य बीमा का कार्ड बनवा दिया गया है। 12 करोड़ किसानों को सम्मान निधि दी जा रही है। 12 करोड लोगों के घरों में शौचालय बनवाए गए। 10 करोड लोगों को रसोई गैस सिलेंडर कनेक्शन दिया गया। सरकार ने माफिया को मिट्टी मिलने का काम किया है। उन्होंने प्रवीण पटेल के लिए वोट देने की अपील की है। समर्थकों से कहा कि अगले पांच दिन में सभी को दो काम करने होंगे। रोजाना आसपास के घर-घर में जाकर लोगों को कमल खिलाने की अपील करनी होगी।

### हमें कोई छेड़ेगा तो उसे हम छोड़ेंगे नहीं: सीएम

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि प्रतापगढ़ की धरती आंवले की धरती है। आंवला हर इलाज में काम आता है। आज हर क्षेत्र में भारत का विकास हुआ है। आज नया भारत है। हमें कोई छेड़ेगा तो उसे हम छोड़ेंगे नहीं। प्रतापगढ़ में मेडिकल कॉलेज बनया गया। हर घर पर जल पहुंचाया गया। आज फ्री में राशन दिया जा रहा है । सपा सरकार में इलाज के अभाव में मौत होती थी। 70 वर्ष से अधिक के व्यक्ति को पांच लाख रुपये इलाज के लिए दिए जा रहे हैं। गरीबों को मुफ्त में सिलेंडर दिया गया। प्रदेश में 56 लाख गरीबों के मकान बनाए गए। हमने विकास किए हैं। गरीबों का कल्याण किया है। बड़ी -बड़ी योजनाओं पर काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज एक जैसी मानसिकता के लोग अराजकता फैलाने की सोच रहे हैं। उसका जवाब जनता खुद देगी। मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भारी बहुमत से सरकार बनने जा रही है। प्रदेश में सात वर्षों से किसी प्रकार का कोई दंगा नहीं हुआ है। नौजवानों के हाथों में रोजगार दिया गया है। विकास की योजनाओं से जोड़ना है। हम इसी कार्य को लेकर आपके बीच में आए हैं। प्रतापगढ़ को आगे बढ़ाने के लिए कार्य किया जा रहा है। बाईपास पास कर दिया गया। अयोध्या से प्रयागराज तक फोरलेन हाइवे का निमार्ण कार्य किया गया। आज एक तरफ देश विकास और समृद्धि है। पीएम मोदी दिन रात काम कर रहे हैं। वहीं समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन वरासत पर टैक्स लगाएंगे। बाप दादा की जो भी जमीन होगी, मकान होगा, उस पर टैक्स लेंगे। देश का अनर्थ कर डालेंगे। जनता के पैसे में डकैती भारतीय जनता पार्टी नहीं डालने देगी। भाजपा सभी के अधिकारों को सुरक्षित रखेगी। सपा कांग्रेस अनुसूचित जाति जनजाति आरक्षण पर लगाम लगाने की सोच रहे हैं। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार है। आरक्षण में कटौती की है।

## केजरीवाल के दैनिक काम देखा करते थे विभव: राय



**टीम एक्शन इंडिया**

**रोहतास:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार की गिरफ्तारी के बाद रोहतास जिला काफी चर्चा है। बिभव कुमार कोचस प्रखंड के दिनारा थाना के नरवर पंचायत का खुदरू गांव निवासी महेश्वर राय के पुत्र हैं। महेश्वर राय बीएमपी के सिपाही पद से स्वेक्षिक अवकाश ले चुके हैं। बेटे की गिरफ्तारी को उन्होंने साजिश बताया और कहा कि बिभव पूरी तरह निर्दोष है। साजिश के तहत उसे फंसाया जा रहा है। महेश्वर राय ने बताया कि पुत्र से मोबाइल फोन पर बात हुई है। जिसमें बिभव ने बताया कि स्वाति मालीवाल बेवजह मुद्दा बना रही है। उन्होंने तो सीएम से मिलने के लिए थोड़ी देर इंतजार करने के लिए कहा था। इतनी सी बात पर आप सांसद ने इतने गंभीर आरोप लगा दिया। गांव के लोगों का कहना है कि दो भाइयों में सबसे बड़ा बिभव काफी मिलनसार हैं। क्योंकि, पिछले कई वर्षों से गांव नहीं आए हैं।

**दावा**

▸▸ बेटे की गिरफ्तारी को उन्होंने साजिश बताया और कहा कि बिभव पूरी तरह निर्दोष है: महेश्वर राय

## कांग्रेस की 70 सालों से झूठ बोलने की बीमारी है : साय

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर:** छत्तीसगढ़ के पीडीएस सिस्टम में चावल वितरण पर झूठ बोलने को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रियंका गांधी पर पलटवार किया है। मुख्यमंत्री साय ने रविवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा है कि कांग्रेस की 70 सालों से झूठ बोलने की बीमारी है, इतनी आसानी से तो जाएगी नहीं। उन्होंने लिखा कि प्रियंका , झूठ फैलाने से फुरसत मिल जाए तो आपकी कांग्रेस सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में किए गए 5000 करोड़ के चावल घोटाले पर भी दो शब्द कह दें। उल्लेखनीय है कि प्रियंका गांधी ने अपने एक इंटरव्यू में कहा कि छत्तीसगढ़ में जब कांग्रेस की सरकार थी तो 35 किलो राशन दिया जाता था और अब केवल पांच किलो दिया जाता है। साय ने कहा कि आपकी अज्ञानता का फायदा उठाकर हर बार छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नेता आप लोगों को बुद्धू बना देते हैं।





**निशाने पर**

▸▸ आपकी अज्ञानता का फायदा उठाकर हर बार छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नेता आप लोगों को बुद्धू बना देते हैं: सीएम

### 5 गुना तक महंगा बिक रहा 'पहाड़ के फलों का राजा'

**नैनीताल:** यह पहाड़ के फलों के प्रति लोगों की दीवानगी है कि पहाड़ के फल पहाड़ में नहीं मिल रहे हैं। पहाड़ की मंडी हल्द्वानी में यह काफल मिल भी रहे हैं तो देश के दूर के हिस्सों से आने वाले फलों के मुकाबले कई-कई गुना तक महंगे।

## संविधान खत्म करना चाहती मोदी सरकार: सचिन पायलट

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** हरियाणा में लोकसभा चुनाव का प्रचार अब अंतिम चरण में है। कांग्रेस व भाजपा ने अपने-अपने बड़े स्टार प्रचारकों को मैदान में उतार दिया गया है। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट रविवार को सिरसा लोकसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार कुमारी सैलजा के समर्थन में लोगों से वोटों की अपील करने के लिए फतेहाबाद पहुंचे। यहां उन्होंने भूना में एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया। हालांकि उनके मंच के आने के बाद मंच पर अव्यवस्था का माहौल नजर आया। नेता उनके साथ कैमरा फ्रेम में आने के लिए आतुर दिखे तो सचिन पायलेट ने सभी को पीछे की तरफ धकेल दिया। जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि यह चुनाव अब निर्णायक चुनाव होने जा रहा है। देश के आने वाले पांच सालों की तकदीर को यह निर्धारित करेगा। दिल्ली में 10 साल से भाजपा की सरकार है और हरियाणा में भी 10 सालों से भाजपा सत्ता पर काबिज है। यह सरकारें भी जनता द्वारा ही चुनी गई, लेकिन जनता ने महंगाई, बेरोजगारी रोकने, काला धन वापस लाने के जुमले सुनकर उन्हें चुना था, लेकिन अब सरकार हर मोर्चे पर विफल नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि हम और आप एक ही वोट के मालिक हैं, यह हमारे संविधान की खूबसूरती है कि बड़े से बड़ा अरबपति और रेहड़ी लगाने वाले आम इंसान के वोट की कीमत भी बराबर है, इसलिए इस वोट की कीमत को पहचानकर सही दिशा में वोट करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक मात्र पार्टी है जो अपने घोषणापत्र को बता रही है, भाजपा ने 10 साल तक अपने घोषणा पत्र बारे नहीं बताया।





**वोट की अपील**

▸▸ यह चुनाव अब निर्णायक चुनाव होने जा रहा है। देश के आने वाले पांच सालों की तकदीर को यह निर्धारित करेगा

## चिंता बढ़ीं: चार धाम यात्रा: अब तक 17 तीर्थयात्रियों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चार धाम की पवित्र यात्रा के लिए देशभर से श्रद्धालु उत्तराखंड पहुंच रहे हैं, हालांकि यहां से प्राप्त हो रही खबरें चिंता बढ़ाने वाली हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक गंगोत्री व यमुनोत्री धाम की यात्रा के दौरान अब तक 14 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। वहीं, बदरीनाथ धाम में भी तीन यात्रियों की मौत रिपोर्ट की गई थी। ऐसे में चारधाम यात्रा के दौरान अब तक 17 श्रद्धालुओं की जान जा चुकी है। राज्य अधिकारियों के अनुसार, पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष यमुनोत्री, गंगोत्री, बदरीनाथ और केदारनाथ धाम जाने के इच्छुक पर्यटकों की संख्या लगभग दोगुनी हुई है, हालांकि तीर्थ के दौरान श्रृद्धालुओं की मौत के मामले काफी चिंता बढ़ाने वाले माने जा रहे हैं। राज्य स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि ज्यादातर मौतें बुजुर्ग लोगों की हुई हैं जो पहले हृदय और सांस लेने की समस्याओं पीड़ित थे। राज्य सरकार द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, 14 मई तक 1.55 लाख से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ, 70,000 से अधिक यमुनोत्री और 60,000 से अधिक तीर्थयात्री गंगोत्री की यात्रा कर चुके हैं। सरकारी अधिकारियों का कहना है कि कई तीर्थयात्रियों ने अपनी चिकित्सा स्थितियों का खुलासा नहीं किया, जिससे ऊंचाई पर जाने के दौरान स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा हो रही हैं।



**हमला बोला**

▸▸ गंगोत्री व यमुनोत्री धाम की यात्रा के दौरान अब तक 14 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है : रिपोर्ट

## जूता कारोबारियों पर छापा: नोट गिनते-गिनते थकी

**टीम एक्शन इंडिया**

**आगरा:** आगरा में जूता कारोबारियों के ठिकानों पर आयकर विभाग की कार्रवाई जारी है। बीते दिन से शुरू हुई नोटों की गिनती का सिलसिला अभी थमा नहीं है। पूरा रात नोटों की गिनती होती रही। सुबह तक 60 करोड़ रुपये की रकम बरामद हुई है। इसी दौरान नोट गिनने की मशीन गर्म होकर बंद हो गई, जिसके बाद गिनती कुछ समय के लिए रोक दी गई। कार्रवाई में अबतक 60 करोड़ की नकदी मिल चुकी है। यह संख्या 100 करोड़ से ज्यादा निकलने की संभावना है। हरमिलाप ट्रेडर्स, बीके शूज और मंशु फुटवियर पर आयकर विभाग की कार्रवाई चल रही है। बता दें इन्वेस्टिगेशन विंग ने आगरा, लखनऊ, कानपुर के कर्मचारियों के साथ इन कारोबारियों के छह ठिकानों पर कार्रवाई की। इनमें बीके शूज के एमजी रोड स्थित प्रतिष्ठान और सूर्य नगर स्थित घर की तलाशी ली गई। जूते की ट्रेडिंग कर रही मंशु फुटवियर और बीके शूज के मालिक रिश्तेदार हैं और बीते कुछ वर्षों में ही बाजार में बड़ा नाम बन गए हैं। हरमिलाप ट्रेडर्स का शू मैटेरियल का काम है। इन्वेस्टिगेशन विंग की 12 से ज्यादा टीमों ने यह कार्रवाई की। कारोबारियों के पास से भारी मात्रा में जमीन में निवेश, सोने

## बिजली-पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें: मुख्य सचिव

**टीम एक्शन इंडिया**

**उदयपुर:** प्रदेश में भीषण गर्मी के चलते बिजली-पानी की आपूर्ति और मौसमी बीमारियों के मद्देनजर व्यवस्थाओं को लेकर मुख्य सचिव सुधांश पंत ने रविवार को वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से बैठक ली। इसमें जिलेवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव पंत ने कहा कि संभागीय आयुक्त और जिला कलक्टर डिविजन और जिला स्तर पर सरकार का चेहरा हैं, ऐसे में अधिकारियों को अधिक सजगता और जवाबदेही के साथ काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने जिले वार पेयजल आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की। जिलेवार पेयजल संकट वाले क्षेत्रों तथा वहां जलापूर्ति को लेकर किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी ली। जलापूर्ति के समय निरीक्षण किए जाने के दिशा-निदेर्शों की पालना, निरीक्षण में सामने आए तथ्य और समस्याओं और उनके निस्तारण की जानकारी ली। इसी प्रकार कंटीजेन्सी प्लान के तहत स्वीकृत कार्यों की प्रगति के बारे में भी फीडबैक लिया।

## भाजपा के पक्ष में करें मतदान: कृष्णपाल गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने रविवार को बल्लभगढ़ में विशाल रोड शो निकाल लोगों से जनसंपर्क कर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए समर्थन मांगा। बल्लभगढ़ विश्राम गृह से शुरू हुआ यह रोड-शो मुख्य बाजार से होता हुआ सिटी पॉर्क पर खत्म हुआ। इस दौरान रोड शो जहां-जहां से गुजरा वहां-वहां व्यापारियों में उनके प्रति अपार जोश व उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह दुकानदारों व व्यापारियों ने भाजपा प्रत्याशी का स्वागत किया और उन्हें लड्डूओं से भी तौला। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने महाराजा अग्रसैन कर प्रतिमा, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा और शहीद राजा नाहर की प्रतिमा पर भी पुष्प अर्पित किए गए। इस मौके पर उनके साथ खुली जीप में कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा, भाजपा के लोकसभा संयोजक अजय गौड़, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा व वरिष्ठ समाजसेवी देवेन्द्र गुप्ता मुख्य भी रुप से मौजूद थे। इस दौरान अपने संबोधन में भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि यह चुनाव देश की सुरक्षा और आने वाली पीढियों के सुरक्षित भविष्य का चुनाव है। क्योंकि आपके द्वारा लिए गए एक गलत निर्णय से देश फिर से भ्रष्टाचारियों के चुंगल फंस जाएगा।



**रोड़ शो**

▸▸ भाजपा प्रत्याशी ने बल्लभगढ़ में निकाला रोड शो, लोगों ने किया जगह-जगह स्वागत

## कांग्रेस सत्ता में आई तो नौकरी की गारंटी पक्की: आनंद शर्मा





**टीम एक्शन इंडिया**

**धर्मशाला: कांगड़ा-चंबा** संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व उद्योग, वाणिज्य एवं कपड़ा मंत्री आनंद शर्मा ने कांग्रेस पार्टी की देश के युवाओं के लिए प्रस्तावित युवा न्याय गारंटी को देश के भविष्य के लिए एक गेमचंजर योजना करार दिया है। आनंद शर्मा ने कहा कि आज देश में बेरोजगारी चरमसीमा पर पहुंच चुकी है। हालांकि सरकारी आंकड़े बरोजगारी की दर साढ़े 12 फीसदी बताते हैं, मगर उनके अनुमान के अनुसार देश में बेरोजगारी दर साढ़े 16 से 17 फीसदी के स्तर पर है।

रविवार को कांगड़ा के जयसिंहपुर में चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने रोजगार गारंटी योजना के बारे में बताते हुए कहा कि कांग्रेस प्रशिक्षु (अप्रेंटिस) एक्ट, 1961 को हटाकर प्रशिक्षुता (अप्रेंटिसशिप) अधिकार अधिनियम लाएगी। यह कानून 25 वर्ष से कम उम्र के प्रत्येक डिप्लोमा धारक या कॉलेज स्नातक के लिए, निजी एवं सरकारी क्षेत्र की कंपनी में एक साल का प्रशिक्षुता कार्यक्रम प्रदान करेगा। इस कानून के तहत, हर प्रशिक्षु को एक लाख रुपए प्रति वर्ष का मानदेय दिया जायेगा, जो नियोक्ता कंपनी और सरकार द्वारा समान रूप से वहन किया जाएगा। ये कानून युवाओं को कौशल प्रदान करेगा, रोजगार क्षमता बढ़ाएगा और करोड़ों युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान करेगा। कांग्रेस नौकरी परीक्षाओं के लिए पेपर लीक (प्रश्न पत्र लीक) होने के मामलों का निपटारा करने के लिए फास्ट-ट्रैक अदालतों का गठन करेगी और पीड़ितों को आर्थिक मुआवजा प्रदान करेगी।

**गेमचंजर**

▸▸ देश के युवाओं के लिए प्रस्तावित युवा न्याय गारंटी को देश के भविष्य के लिए गेमचंजर साबित होगा

**आदेश** कांग्रेस यहां अब तक हुए 17 चुनाव में 5 बार जीत चुकी है। वहीं भाजपा 3 बार, सपा 2 और बसपा 1 बार जीत का परचम फहरा चुकी है

## लोस चुनाव : बाराबंकी में 59 से 3 फीसदी पर लुढ़का कांग्रेस का वोट शेयर

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** राजधानी लखनऊ से सटी बाराबंकी संसदीय सीट कभी किसी का गढ़ नहीं रही। इस सीट पर सभी दल एक बार या उससे ज्यादा दफा जीत हासिल कर चुके हैं। कांग्रेस यहां अब तक हुए 17 चुनाव में 5 बार जीत चुकी है। वहीं भाजपा 3 बार, सपा 2 और बसपा 1 बार जीत का परचम फहरा चुकी है। 1-1 बार कई दूसरे दल भी यहां जीते हैं। सबसे ज्यादा बार जीतने का रिकॉर्ड कांग्रेस के खाते में दर्ज है। हालांकि 1984 के चुनाव के बाद हुए कुल 9 चुनाव में उसे सिर्फ एक बार जीत नसीब हुई और चार बार उसके प्रत्याशी अपनी जमानत गंवा बैठे। बता दें, बाराबंकी सुरक्षित सीट पर भारतीय लोकदल के राम किंकर ने 1977 में 69.08 फीसदी वोट प्राप्त कर जीत हासिल की थी। यह रिकॉर्ड अब तक कायम है।



**59.11 फीसदी से 2.79 पर लुढ़की कांग्रेस:** पांचवीं लोकसभा के लिए 1971 में हुए चुनाव में कांग्रेस ने यहां जीत दर्ज की। कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर रूद्र प्रताप सिंह को 152,477 (69.11%) वोट मिले। दूसरे स्थान पर रहे संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी (एसएसपी) के राम सेवक यादव के खाते में 94,132 (36.49%) वोट आए। इस चुनाव में कुल 4 प्रत्याशी मैदान में थे। इस चुनाव में कुल 46.72 फीसदी मतदान हुआ। 2 लाख 57 हजार 976 वोटरों ने मताधिकार का प्रयोग किया।

12वीं लोकसभा के 1998 में हुए चुनाव में कांग्रेस का वोट शेयर लुढ़ककर 2.79 फीसदी पर पहुंच गया। इस चुनाव में भाजपा के बैजनाथ ने जीत दर्ज की। कांग्रेस के बंशीलाल मैदान में थे। बंशीलाल पांचवें स्थान पर रहे, और उनकी जमानत जब्त हो गई। इस चुनाव में भाजपा के बैजनाथ को 228,368 (39.77%) वोट मिले। दूसरे स्थान पर रहे सपा के राम सागर के खाते में 214,583 (37.37%) वोट आए। बसपा के रामदुलारे रावत तीसरे स्थान पर रहे, उन्हें 101,518 (17.68%) वोट मिले। कांग्रेस प्रत्याशी बंशी लाल को 16,012 (2.79%) वोट हासिल हुए। इस चुनाव में कुल 52.59 फीसदी मतदान हुआ। 5 लाख 74 हजार 168 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया।

**2009 में मिली जीत :** 1984 के चुनाव में मिली सफलता के बाद कांग्रेस की जीत का सूखा 2009 में खत्म हुआ। कांग्रेस प्रत्याशी पीएल पुनिया ने 44.18 फीसदी वोट शेयर के साथ जीत दर्ज की। सपा के राम सागर दूसरे स्थान पर रहे। 2014 में भाजपा ने जीत दर्ज की। कांग्रेस दूसरे स्थान पर रही। 2019 में कांग्रेस चौथे स्थान पर रही। उसका वोट शेयर 13.81 फीसदी रहा। जीत भाजपा के उपेन्द्र सिंह रावत को मिली। उनका वोट शेयर 46.37 फीसदी था।

**समीकरण**

▸▸ कांग्रेस प्रत्याशी पीएल पुनिया ने 44.18 फीसदी वोट शेयर के साथ जीत दर्ज की